जागरूक टाइम्स
YOUTUBE चैनल को सब्सक्राइब करने के लिए स्कैन करें


# जागरूक टाइम्स

मुंबई, सिरोही, जयपुर से प्रकाशित

www.jagruktimes.co.in

▶ वर्ष 21 ▶ अंक-163 ▶ मुंबई, गुरुवार, 9 जनवरी 2025 ▶ मुंबई ▶ पृष्ठ 12 ▶ मूल्य ₹4




श्रीलंका को न्यूजीलैंड ने बड़े अंतर से हराया

पेज 11








## आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन : पीएम मोदी

### प्रधानमंत्री ने दी 2 लाख करोड़ की सौगात

**विशाखापत्तनम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आंध्र प्रदेश को दो लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की सौगात दी। विशाखापत्तनम में आयोजित कार्यक्रम में पीएम परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इनमें हरित हाइड्रोजन केंद्र और औषधि पार्क प्रमुखता से शामिल हैं। इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी ने आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू और उप मुख्यमंत्री पवन कल्याण के साथ विशाखापत्तनम में रोड शो किया। पिछले वर्ष लगातार तीसरी बार पीएम का पद संभालने के बाद यह मोदी का राज्य का पहला दौरा है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, आंध्र प्रदेश का विकास हमारा विजन है। आंध्र प्रदेश के लोगों की सेवा हमारा संकल्प है। आंध्र प्रदेश को 2047 तक करीब 2.5 ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इस विजन को साकार करने के लिए चंद्रबाबू नायडू की सरकार ने स्वर्ण आंध्र एट 2047 की पहल की है। इसमें केंद्र की एनडीए सरकार भी आंध्र प्रदेश के हर लक्ष्य के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इसलिए केंद्र सरकार लाखों करोड़ की योजनाओं में आंध्र प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दे रही है।

#### 'तकनीकियों का केंद्र बनेगा आंध्र प्रदेश'

- पीएम मोदी ने कहा, आज यहां दो लाख करोड़ से ज्यादा की लागत की परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। ये परियोजनाएं आंध्र प्रदेश के विकास को नई ऊंचाई देंगे। मैं इन विकास परियोजनाओं के लिए आंध्र प्रदेश सहित पूरे देश को बधाई देता हूं। आंध्र प्रदेश अपने नवाचार की प्रकृति के कारण आईटी और तकनीकी का इतना बड़ा केंद्र है। अब समय है आंध्र नई और भविष्य की तकनीकियों का केंद्र बने। जो तकनीकी विकसित हो रही है, हम अभी से उसमें आगे रहें।

#### प्रवासी भारतीय सम्मेलन का करेंगे उद्घाटन

- प्रधानमंत्री ओडिशा में बृहस्पतिवार को 18वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे। सम्मेलन में भाग लेने के लिए 50 से अधिक देशों से बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों ने पंजीकरण कराया है। एक दिवसीय यात्रा के दौरान मोदी, प्रवासी भारतीय एक्सप्रेस को हरी झंडी दिखाएंगे। यह प्रवासियों भारतीयों के लिए एक विशेष पर्यटक ट्रेन है, जो दिल्ली के निजामुद्दीन से रवाना होगी और तीन सप्ताह की अवधि के लिए पर्यटन और धार्मिक महत्व के कई स्थलों की यात्रा करेगी।

#### ग्रीन हाइड्रोजन एक उभरता हुआ क्षेत्र

उन्होंने कहा, आज ग्रीन हाइड्रोजन एक उभरता हुआ क्षेत्र है। देश ने 2023 में नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन की शुरुआत की थी। हमारा लक्ष्य है कि 2030 तक 5 मिट्रिक टन ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन हो। इसके लिए शुरुआती चरण में दो ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र स्थापित होंगे। जिनमें से एक विशाखापत्तनम है। भविष्य में विशाखापत्तनम दुनिया के उन गिने-चुने शहरों में होगा, जहां इतने बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की सुविधा होगी। इस ग्रीन हाइड्रोजन केंद्र से अनेक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे।

भारत में एचएमपीवी के 9 केस

## मुंबई में छह महीने की बच्ची संक्रमित

**मुंबई।** महाराष्ट्र में ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) का तीसरा मामला सामने आया है। इसी के साथ इस वायरस के अब भारत में 9 केस हो गए है। मुंबई के हीरानंदानी अस्पताल में 6 महीने की बच्ची को इस वायरस से संक्रमित पाया गया। बच्ची को 1 जनवरी को खांसी, सीने में जकड़न और ऑक्सीजन लेवल गिरकर 84% होने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल वह पूरी तरह ठीक है। हालांकि मुंबई में यह पहला मामला है। इससे पहले मंगलवार को नागपुर में 13 साल की लड़की और 7 साल के लड़के में एचएमपीवी के संक्रमण की पुष्टि हुई थी। हालांकि, उनकी हालत नियंत्रण में है और उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी। अब तक देश में एचएमपीवी के कुल 9 मामले दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र से पहले कर्नाटक और तमिलनाडु में 2-2, जबकि पश्चिम बंगाल और गुजरात में 1-1 मामले सामने आए थे।



#### राज्यों ने बढ़ाई सतर्कता

- एचएमपीवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए राज्यों ने सतर्कता बढ़ा दी है। पंजाब में बुजुर्गों और बच्चों को मास्क पहनने की सलाह दी गई है। गुजरात में आइसोलेशन वार्ड बनाए जा रहे हैं, और हरियाणा में स्वास्थ्य विभाग को वायरस पर निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

#### बच्चों पर वायरस का असर

- एचएमपीवी से संक्रमित मरीजों में सर्दी और कोविड-19 जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। इसका सबसे ज्यादा असर छोटे बच्चों पर हो रहा है, खासकर 2 साल से कम उम्र के बच्चों पर। केंद्र सरकार ने राज्यों को इस वायरस से जुड़ी बीमारियों की निगरानी बढ़ाने और जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए हैं।

#### भारत सरकार ने दिखाई सतर्कता

- चीन में एचएमपीवी के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत सरकार ने सतर्कता बरती है। केंद्र सरकार ने विश्व स्वास्थ्य संगठन को पहले ही कह दिया है कि हमें समय-समय पर ह्यूमन मेटान्यूमोवायरस (एचएमपीवी) वायरस से संबंधित अपडेट देते रहना चाहिए। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि भारत का निगरानी नेटवर्क सतर्क बना हुआ है। देश किसी भी उभरती स्वास्थ्य चुनौती का तुरंत जवाब देने के लिए तैयार है।


NICE™ INSURANCE LANDMARK

इंश्योरेंस के सभी पॉलिसी एक ही जगह सिर्फ एक बार "नाईस" से पॉलिसी लिजिए 100% क्लेम सर्विस की गारंटी पाईये !

★ मेडीक्लेम केशलेस
★ ज्वेलर्स इंश्योरंस
★ लाईफ इंश्योरंस
★ म्युचल फंड

40 साल का भरोसा

300 से अधिक एवार्ड विजेता



गणपत डागलिया Gold Medalist T.O.T - U.S.A
चिराग डागलिया M.B.A & Harvard Cert. T.O.T - U.S.A

30000 संतुष्ट ग्राहक भारत और विदेश में
11000 से अधिक क्लेम का समाधान

9869050031 / 9869230444
www.niceinsure.com


यमुना जल समझौता

## राजस्थान को मिलेगा अतिरिक्त पानी



- चूरू, झुंझुनूं-सीकर की बुझेगी प्यास

**जयपुर।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा का अतिरिक्त पानी अगर राजस्थान को मिले इसके लिए एक जॉइंट टास्क फ़ोर्स बनेगी। हरियाणा का पानी जो बहकर चला जाता है वह राजस्थान को मिले यह अच्छा है। अलग बांध को लेकर के कहा कि इसको लेकर के राजस्थान को देखना है कि क्या व्यवस्था की जाती है। दरअसल, दिल्ली के दौरे पर गए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय जल शक्तिम मंत्री सी आर पाटिल और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान हरियाणा से राजस्थान को पानी मिलने का रास्ता साफ हुआ। बैठक में यमुना जल समझौते के प्रारूप और उसकी क्रियान्विति को लेकर चर्चा हुई।

#### समझौते के क्रियान्वयन को बनेगी अधिकारियों की ज्वाइन्ट टास्क फोर्स

वहीं, भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान के शेखावाटी अंचल के किसानों को जल्द ही यमुना जल का लाभ मिलेगा। श्री शर्मा ने कहा कि इस जल समझौते की जल्द क्रियान्विति के लिए दोनों राज्यों के अधिकारियों की एक ज्वाइन्ट टास्क फोर्स बनेगी जो डीपीआर पर काम करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि यमुना जल समझौता दोनों राज्यों के लिए बहुत अच्छा समझौता है। राजस्थान का शेखावाटी अंचल लंबे समय से यमुना जल का इंतजार कर रहा है। अब वो इंतजार खत्म होने जा रहा है और जल्द ही अधिकारियों की ज्वाइन्ट टास्क फोर्स डीपीआर का काम शुरू करेगी।

विस चुनाव में मिली हार नहीं स्वीकार्य

## हाइकोर्ट पहुंचे इंडी उम्मीदवार

मुंबई। महाराष्ट्र में हुए विधानसभा चुनाव के परिणामों को चुनौती देते हुए इंडी गठबंधन के 63 उम्मीदवारों ने बॉम्बे हाई कोर्ट की विभिन्न पीठ में याचिकाएं दायर की हैं। कुछ याचिकांए पहले दायर की गई थीं, लेकिन 7 जनवरी को अंतिम दिन होने के कारण बाकी बची याचिकाएं दायर की गई। नियम के मुताबिक, याचिका दायर करने के लिए परिणाम के 45 दिन के अंदर आवेदन करना था, जिसका समय मंगलवार को समाप्त हो रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, याचिका दायर करने वालों में कांग्रेस के 25 नेता हैं। वहीं कुछ याचिकाकर्ताओं ने हाइकोर्ट के नागपुर और औरंगाबाद पीठ में भी याचिका लगाई है। याचिकाकर्ताओं ने चुनावों में अनियमितता का आरोप लगाया है, जिसमें दोहरा मतदान, आपराधिक मामले छिपाना, संपत्ति छिपाना, इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में गड़बड़ी, रिश्वतखोरी और चुनाव पारदर्शिता का अभाव शामिल है।

## संग्रहालयों से झलकती है सांस्कृतिक समृद्धि : फडणवीस

**मुंबई।** "किसी शहर की समृद्धि वहां के धनवान लोगों से नहीं, बड़ी इमारतों से नहीं, बल्कि वहां के संग्रहालयों से परखी जाती है। दुनिया के सभी उत्कृष्ट शहरों में बेहतरीन संग्रहालय हैं। आज हम भी एक ऐसा ही उत्कृष्ट संग्रहालय जनता के लिए खोल रहे हैं, यह अत्यंत हर्ष का विषय है," यह बात मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कही। बृहन्मुंबई महानगरपालिका द्वारा नवीनीकृत डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय का लोकार्पण मुख्यमंत्री ने किया। उन्होंने कहा कि "हमारी ऐतिहासिक विरासत आने वाली पीढ़ियों को देखने को मिले, यही संग्रहालय स्थापना का उद्देश्य है। अब तक हुआ विकास और उसके लिए हुए परिवर्तन भावी पीढ़ी को समझना आवश्यक है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां सबसे प्राचीन संस्कृति आज भी जीवंत है। हमारा देश संस्कृति की खान है और इसे हमें संजोकर रखना चाहिए।" कार्यक्रम में कौशल विकास, रोजगार एवं उद्यमिता मंत्री मंगलप्रभात लोढा, सांसद मिलिंद देवड़ा, विधायक राजहंस सिंह, मनपा प्रशासक एवं आयुक्त भूषण गगराणी, अतिरिक्त आयुक्त अश्विनी जोशी, अमित सैनी, तस्मीन मेहता सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।



- डॉ. भाऊ दाजी लाड संग्रहालय का नवीनीकरण के बाद लोकार्पण

### न्यूज BRIEF

#### भारत में ही रहेंगी शेख हसीना, वीजा बढ़ा



**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश की निर्वासित प्रधानमंत्री शेख हसीना की वीजा बढ़ा दिया है। यह कदम उस समय उठाया गया है जब ढाका में उनकी प्रत्यर्पण की मांग तेज हो रही है। शेख हसीना पिछले अगस्त में देश छोड़कर भारत आई थीं। बांग्लादेश में उनके खिलाफ छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था।

#### ममता बनर्जी ने किया 'आप' का समर्थन



**नई दिल्ली।** दिल्ली चुनाव के लिए बुधवार को अरविंद केजरीवाल को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का भी साथ मिल गया। केजरीवाल ने 'एक्स' पर पोस्ट करके लिखा, 'टीएमसी ने दिल्ली चुनाव में आप को समर्थन देने की घोषणा की है। मैं व्यक्तिगत रूप से ममता दीदी का आभारी हूं।

#### प्रशांत किशोर की हालत चिंताजनक



**पटना।** बिहार लोक सेवा आयोग की 70वीं परीक्षा को रद्द करने की मांग को लेकर जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर अभ्यर्थियों के समर्थन में बीते 2 जनवरी से आमरण अनशन कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष मनोज भारती ने कहा कि डॉक्टरों ने कहा है कि जल्द से जल्द प्रशांत को अपना अपना अनशन खत्म करना होगा।

#### केरला एक्सप्रेस में मिला रुपयों से भरा बैग

**आगरा।** आगरा जिले के कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी की स्कार्ट टीम उस समय हैरान रह गई, जब केरला एक्सप्रेस में उसे एक लावारिश बैग मिला। उस बैग को खोलकर देखा गया, तो टीम हैरान रह गई। ये बैग 500-500 के नोटों की गड्डियों से भरा हुआ था। नोटों की गिनती करते-करते पुलिसकर्मी भी परेशान हो गए। एक अनुमान के तहत करीब 25 से 30 लाख रुपये इस बैग में हैं। अभी तक बैग के मालिक का पता नहीं चला है।

दिल्ली ▶▶ मुख्यमंत्री आवास पर बवाल

## 'शीशमहल' के बाहर धरने पर बैठे संजय सिंह व सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री हाउस को लेकर राजनीतिक विवाद बढ़ गया है। बुधवार को आप सांसद संजय सिंह, मंत्री सौरभ भारद्वाज और अन्य पार्टी नेता सीएम हाउस पहुंचे, साथ में मीडिया भी मौजूद थी। इस बीच, दिल्ली हाउस के बाहर पुलिस ने भीड़ को रोका। पुलिस ने किसी को बेरिकेडिंग क्रॉस करने की अनुमति नहीं दी, जिसके कारण विवाद उत्पन्न हो गया। आप नेताओं और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। आप के नेताओं का कहना था कि भाजपा यह दावा कर रही है कि सीएम हाउस में अत्याधुनिक सुविधाएं हैं, और यदि ऐसा है तो इन सुविधाओं को सार्वजनिक रूप से दिखाया जाना चाहिए।



#### भाजपा ने जारी किया शीशमहल का वीडियो

भाजपा ने इस मामले में सीएम हाउस के अंदर का एक वीडियो जारी किया है, जिसमें दावा किया गया है कि यह वीडियो शीशमहल के अंदर का है। भाजपा ने आरोप लगाया कि अरविंद केजरीवाल के भ्रष्टाचार को अब सबके सामने लाया जा रहा है।

## मोदी एक 'युवा आइकन': जयशंकर

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भुवनेश्वर में आयोजित 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (पीबीडी) में वैश्विक विकास को आगे बढ़ाने में भारत की युवा पीढ़ी की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भारत सरकार की कोशिशों का एक बड़ा हिस्सा युवा पीढ़ी को उनके लक्ष्य हासिल करने के लिए सही प्रेरणा देना है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मशहूर बैडमिंटन स्टार पी.वी. सिंधु के बयान का जिक्र करते हुए जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक 'युवा आइकन' हैं, जिन्होंने हमारे देश को 'चलता है' से 'बदल सकता है' और 'होगा कैसे नहीं?' की ओर बढ़ाया है। विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, "घर पर, हमने अमृत काल में विकसित भारत की ओर अपनी यात्रा शुरू की है। यह एक ऐसा प्रयास है जो भविष्य की पीढ़ी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।"



#### देश को 'चलता है' से 'होगा कैसे नहीं' की तरफ ले गए पीएम

#### पर्यटन स्थल के रूप में भारत को दें बढ़ावा

जयशंकर ने प्रवासी भारतीयों से कहा, "मैं प्रधानमंत्री मोदी की ओर से आपसे भारत को पर्यटन स्थल के रूप में बढ़ावा देने की अपील करता हूं। अगर युवा भारतीय मूल के लोग विदेशों से अपने युवा मित्रों को हमारी समृद्ध और विविध विरासत, संस्कृति को देखने के लिए लाते हैं, तो यह निश्चित रूप से आजीवन आदत बन जाएगी।" विदेश मंत्री ने प्रवासी भारतीयों के बीच भारत को जानो कार्यक्रम और भारत को जानो प्रश्नोत्तरी की बढ़ती लोकप्रियता पर संतोष व्यक्त किया। जयशंकर ने कहा, "यह राज्य व्यक्तिगत रूप से अनुभव करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है, जिसके बारे में हम प्रवासी भारतीय दिवस के दौरान चर्चा करेंगे। इसके सांस्कृतिक उत्सव और धार्मिक और पुरातात्विक स्थल हमें याद दिलाते हैं कि हम भारत में खुद को एक सभ्य समाज क्यों मानते हैं।

राजस्थान सरकार में बदलाव

## प्रभारी मंत्रियों के जिले बदले

**जयपुर।** सरकार ने तीन संभाग और नौ जिले खत्म करने के बाद मंगलवार रात जिलों के प्रभारी मंत्रियों के प्रभार वाले जिलों में बदलाव कर दिया। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी को अजमेर व ब्यावर, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा को भीलवाड़ा व राजसमंद, मंत्री किरोड़ीलाल मीना को अलवर व खैरथल-तिजारा, गजेन्द्र सिंह खींवसर को बीकानेर व जैसलमेर, राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को दौसा, मदन दिलावर को जोधपुर व फलौदी, कन्हैयालाल को नागौर व डीडवाला-कुचामन, जोगाराम पटेल को जयपुर जिले का प्रभारी बनाया गया है। इसी प्रकार मंत्री सुरेश सिंह रावत को भरतपुर व डीग, अविनाश गहलोत को चूरू व झुंझुनूं, सुमित गोदारा को श्रीगंगानगर व हनुमानगढ़, जोराराम कुमावत को बाड़मेर व बालोतरा, बाबूलाल खराड़ी को बांसवाड़ा व डूंगरपुर, हेमंत मीणा को उदयपुर व सलूंबर, संजय शर्मा को सीकर, गौतम कुमार को कोटा व सवाई माधोपुर, झाबर सिंह खर्रा को पाली, हीरालाल नागर को टोंक व बूंदी, ओटाराम देवासी को झालावाड़ व बांरा, मंजू बाघमार को प्रतापगढ़ व चित्तौड़गढ़, विजय सिंह को कोटपूतली व बहरोड़, कृष्ण कुमार विश्नोई को सिरोही व जालौर और जवाहर सिंह बेढ़म को करौली व धौलपुर जिलों का प्रभारी बनाया गया है।



## इसरो के नए अध्यक्ष डॉ. वी नारायणन

### 14 जनवरी से संभालेंगे पदभार

**नई दिल्ली।** केंद्र ने डॉक्टर वी नारायणन को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन का नया अध्यक्ष और अंतरिक्ष विभाग का सचिव नियुक्त किया है। नारायणन 14 जनवरी को पदभार ग्रहण करेंगे। वे मौजूदा अध्यक्ष एस सोमनाथ की जगह लेंगे। सोमनाथ ने 14 जनवरी 2022 को कार्याभार संभाला था। सोमनाथ के कार्यकाल में इसरो ने कई सफलताएं हासिल की थी। कैबिनेट की नियुक्ति समिति के आधिकारिक आदेश के अनुसार, नारायणन को अगले दो वर्षों तक इन भूमिकाओं में काम करने के लिए नियुक्त किया गया है। नारायणन वर्तमान में केरल के वलियामाला में इसरो के द्रव प्रणोदन प्रणाली केंद्र के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।



## लॉस एंजिल्स में लगी भीषण आग

- सैकड़ों घर स्वाहा; चलती कार छोड़ भागे लोग

**लॉस एंजिल्स।** लॉस एंजिल्स के जंगलों में लगी आग अब रिहायशी इलाकों तक पहुंच गई है। तेजी से फैल रही इस आग में सैकड़ों घर जल गए हैं। कई प्रमुख सड़कें बंद हो गई हैं। भीषण आग के कारण हजारों लोगों को अपना घर खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा है। अधिकारी व्यापक निकासी और आपातकालीन घोषणाओं के साथ स्थिति को संभालने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। लॉस एजिल्स के पेसिफिक पेलिसेड्स इलाके में फैली बेकाबू आग ने अब तक 2,900 एकड़ से ज्यादा क्षेत्र को जला कर खाक कर दिया है।

#### आग को रोक पाना मुश्किल

आग जैसे ही सनसेट बुलेवार्ड सहित प्रमुख सड़कों के पास पहुंची, ठीक इसी दौरान अधिकारियों ने सड़क पर मौजूद वाहनों के चालकों को अपनी गाड़ी छोड़कर भागने को कहा। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी तेजी से फैल रही थी कि उसको रोक पाना मुश्किल था। अधिकारियों ने तुरंत लोगों से अपनी कारों को खाली करने को कहा।

महाराष्ट्र तीन गांवों में फैली रहस्यमयी बीमारी

## सिर पर हाथ फेरते ही गिरने लगते हैं बाल

### शिकायत आने के बाद मचा हड़कंप, जांच शुरू

**बुलढाणा।** जिले के 3 गांवों में एक रहस्यमयी बीमारी फैल गई है। इन गांवों के ज्यादातर लोग इस बीमारी से जूझ रहे हैं। यहां लोगों के सिर और दूसरे अंगों के बाल अपने आप झड़ने लगे हैं। कुछ लोग तो महज 3 दिन के अंदर गंजे हो चुके हैं। उनके हाथ और पैरों के बाल भी जा चुके हैं। लोगों को इस बीमारी का न कारण पता है। न ही कोई समाधान दिख रहा है। डॉक्टर्स भी इसका इलाज नहीं तलाश पा रहे हैं। ऐसे में डर का माहौल है। घबराहट और डर के बीच स्वास्थ्य विभाग ने इस रहस्यमयी बीमारी की जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, बुलढाणा में बीते 3 दिन में करीब 60 लोग गंजेपन का शिकार हो चुके हैं।



#### खुजली से शुरू होती है यह बीमारी

बाल झड़ने से परेशान एक शख्स ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, "पहले दिन सिर में बहुत खुजली होती है। फिर खुजलाते खुजलाते बाल गिरने लगते हैं और हाथ में आ जाते हैं। तीसरे दिन से तेजी से बाल झड़ने लगते हैं।"

#### प्रशासन ने लिए पानी के सैंपल

बाल झड़ने और गंजेपन की वजह का पता लगाने के लिए जिला प्रशासन ने पानी के सैंपल लिए हैं और उसे लैब टेस्ट के लिए भेजा गया है। इस बीच पीड़ित लोग प्राइवेट अस्पताल में भी इलाज करा रहे हैं। कहीं शैंपू का साइड इफेक्ट तो नहीं? इसको ध्यान में रखते हुए शैंपू इस्तेमाल करने से मना किया गया है।

# मध्य रेल : राज्यपाल ने नए सिंथेटिक ट्रैक और 'हॉस्पिटल ऑन व्हील्स' का किया उद्घाटन




## रेलवे कर्मचारियों के लिए खेल और स्वास्थ्य सेवा को मिलेगा बढ़ावा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के राज्यपाल सी. पी. राधाकृष्णन ने भुसावल मंडल के रेलवे खेल मैदान में नव विकसित सिंथेटिक ट्रैक का उद्घाटन किया। यह अत्याधुनिक सुविधा रेलवे एथलीटों और रेलवे स्कूल के बच्चों के लिए शीर्ष स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए तैयार है। यह परियोजना खेल विकास को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्यपाल ने 'मशाल' के साथ 'ज्योति' प्रज्ज्वलित की, जिसे रेलवे स्कूल के बाल एथलीटों ने मैदान के चारों ओर सिंथेटिक ट्रैक पर ले जाकर घुमाया गया, जो रेलवे खेल मैदान में खेल विकास के उज्ज्वल भविष्य का प्रतीक है। इस अवसर पर राज्यपाल ने रेलवे कीमैन की थीम पर एक कॉफी टेबल बुक का भी विमोचन किया। कार्यक्रम के दौरान, रेलवे परिचालन की संरक्षा और दक्षता सुनिश्चित करने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका के लिए ट्रैक रखरखाव कर्मचारियों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

राज्यपाल द्वारा सुनील शांताराम, एसएसई रेलवे बुरहानपुर दक्षिण के कीमैन अनिल कुमार, एसएसई रेलवे बोडवाड के कीमैन छबीनाथ फौजदार, एसएसई रेलवे चालीसगांव उत्तर के कीमैन के समर्पण और योगदान की सराहना की। संजय सावकारे, कपड़ा मंत्री, महाराष्ट्र सरकार, धर्मवीर मीना, महाप्रबंधक, मध्य रेल श्याम सुंदर गुप्ता, प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक, मध्य रेल, श्रीमती इति पांडे, मंडल रेल प्रबंधक और वरिष्ठ रेलवे अधिकारी खेल प्रेमियों, रेलवे कर्मचारियों और स्थानीय नागरिकों सहित उपस्थित लोगों द्वारा पहल की व्यापक रूप से सराहना की गई, जो भारतीय रेलवे के लिए खेल और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्रों में एक महत्वपूर्ण प्रगति को दर्शाता है।

सिंथेटिक ट्रैक पर फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल, भाला फेंक, डिस्कस थ्रो, हैमर थ्रो, लॉन्ग जंप, ट्रिपल जंप, शॉट पुट और पोल वॉल्ट सहित कई खेल खेले जा सकते हैं। इस ट्रैक का मुख्य उद्देश्य खेल क्षेत्र को बढ़ावा देना, भारतीय रेलवे की समृद्ध खेल परंपरा को मजबूत करना और एथलीटों के प्रदर्शन को बढ़ाना है। इस ट्रैक से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए उच्च गुणवत्ता वाली तैयारी भी होगी, जैसा कि कार्यक्रम के दौरान गणमान्य व्यक्तियों ने बताया।

# ठाणे क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय का सड़क सुरक्षा मिशन-2025 पूरा

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**



**ठाणे।** धर्मवीर आनंद दिघे शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, वागले इस्टेट ठाणे में सड़क सुरक्षा अभियान 2025 के अंतर्गत छात्रों एवं शिक्षकों को सड़क सुरक्षा के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय, ठाणे द्वारा क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी हेमांगिनी पाटिल और उप क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी रोहित काटकर के मार्गदर्शन में किया गया था। इन कार्यक्रमों में 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। मोटर वाहन निरीक्षक विजय सोलासे ने कहा कि भविष्य में प्रत्येक छात्र के पास एक कार होगी और एक अच्छा चालक बनने के लिए सड़क सुरक्षा के महत्व को आप सभी को समझना होगा। साथ ही वाहनों में नई तकनीक आ रही है, इसलिए उसे समझकर सुरक्षित यात्रा कैसे की जाए, इसका मार्गदर्शन आप सभी के समक्ष किया जा रहा है। प्रशांत शिंदे, सहायक मोटर वाहन निरीक्षक ने सड़क दुर्घटना के कारकों, सड़क संकेतों का अर्थ, मोटर साइकिल चलाते समय बरती जाने वाली सावधानी, हेलमेट का महत्व, हाथ के संकेत, सीट बेल्ट का महत्व, वाहन चलाते समय मोबाइल का उपयोग, शराब पर एक पावर प्वाइंट प्रस्तुति दी। उपभोग व ड्राइविंग करने के विषयों पर मार्गदर्शन किया गया। साथ ही वीडियो में दिखाया गया कि हेलमेट न पहनने से कैसे दुर्घटनाएं होती हैं। जिन विद्यार्थियों के पास लाइसेंस है उनसे सवाल-जवाब कर हेलमेट बांटे गए। इस कार्य में श्रीमती स्नेहा चौधरी की सहायता सहायक मोटर वाहन निरीक्षक ने की। मोटर वाहन निरीक्षक जयश्री झिन ने प्रतिभागियों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई और सभी छात्रों से अपील की कि 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बाद, उन्हें सबसे पहले अपना लाइसेंस प्राप्त करना चाहिए, उचित प्रशिक्षण लेना चाहिए और हेलमेट पहनकर गाड़ी चलानी चाहिए। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारी इस संबंध में हमेशा आपकी मदद करेंगे। साथ ही भविष्य में भी इसी तरह का मार्गदर्शन मिलता रहेगा।

# महिला कौशल विकास सिलाई और फैशन डिजाइनर केंद्र का उद्घाटन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** नायगांव पूर्व स्थित प्रेमनाथ इंग्लिश हाई स्कूल में महिला सिलाई और फैशन डिजाइनर केंद्र का उद्घाटन किया गया। स्वावलंबी भारत अभियान और अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन के साथ मिलकार महिलाओं को सिलाई और डिजाइन में कौशल प्रदान करके उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। संस्था का उद्देश्य महिलाओं को स्व रोजगार को प्रेरित करना तथा उनको भारत सरकार की उन योजनाओं के बारे में बताना था जिसके माध्यम से महिलाएं अपना लघु उद्योग प्रारंभ कर सके। इस कार्यक्रम में लगभग 70 से 80 महिलाओं ने भाग लिया। स्वावलंबी भारत अभियान पालघर जिला के प्रशिक्षक संतोष कुमार पाण्डेय ने "स्वरोजगार अपनाएंगे, देश समृद्ध बनाएंगे का नारा दिया। प्रेमनाथ इंग्लिश हाईस्कूल के ट्रस्टी शरतेंदु पाठक ने कहा स्कूल व कॉलेज सिर्फ छात्रों को शिक्षा नहीं देता बल्कि वह पूरे समाज के विकास के लिए कार्य करता है। अक्षय धागा स्किल सेंटर और अक्षय शक्ति वेलफेयर एसोसिएशन के सीईओ नारायण अय्यर ने कहा कि कौशल विकास केंद्र की स्थापना आपके सपनों को पूरा करने की दिशा में पहला कदम है। श्रीमती किरण बढेजी और सुनीता नीता पाटिल ने महिलाओं को अपने कौशल का विकास करके अपने भविष्य को संवारने के लिए प्रेरित किया।

# समाज कल्याण विभाग व अलिम्को के संयुक्त प्रयास से विशेष शिविर

**उल्हासनगर।** समाज कल्याण विभाग जिला परिषद ठाणे और भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (अलिम्को) के संयुक्त तत्वावधान में कल्याण लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत उल्हासनगर मनपा क्षेत्र के दिव्यांग प्रमाणपत्र धारकों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से अपील की गई है कि वे 13 जनवरी सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक रोटरी मेटाउन हॉल, गोल मैदान, उल्हासनगर-2 में आयोजित शिविर में उपस्थित होकर लाभ प्राप्त करें। इस शिविर में एडीआईपी योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन और आरवीवाई योजना के अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। इस योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन को तिपहिया साइकिल, व्हीलचेयर, बैटरी से चलने वाली मोटराइज्ड तिपहिया साइकिल, बैसाखी, वॉकिंग स्टिक, सीपी चेयर, बीटीई श्रवण यंत्र, ब्रेल स्लेट, ब्रेल किट, सुगम्य केन, स्मार्टफोन, कृत्रिम अंग, कैलिपर आदि प्रदान किए जाएंगे। इसके लिए दिव्यांगजन को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे।

# प.रे. : तीन साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरे निरस्त

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे की 03 साप्ताहिक स्पेशल ट्रेनों के फेरो को कोहरे के मौसम एवं तकनीकी कारणों के मद्देनजर निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। प्रत्येक शुक्रवार को अहमदाबाद से चलनेवाली ट्रेन संख्या 09465 अहमदाबाद-दरभंगा साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 10.01.2025 से 21.02.2025 तक निरस्त रहेगी। प्रत्येक सोमवार को दरभंगा से चलनेवाली ट्रेन संख्या 09466 दरभंगा- अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 13.01.2025 से 24.02.2025 तक निरस्त रहेगी। प्रत्येक शुक्रवार को गांधीधाम से चलनेवाली ट्रेन संख्या 09451 गांधीधाम-भागलपुर साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 10.01.2025 से 21.02.2025 तक निरस्त रहेगी। प्रत्येक सोमवार को भागलपुर से चलनेवाली ट्रेन संख्या 09452 भागलपुर-गांधीधाम साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 13.01.2025 से 24.02.2025 तक निरस्त रहेगी। प्रत्येक बुधवार को अहमदाबाद से चलनेवाली ट्रेन संख्या 09447 अहमदाबाद-पटना साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 15.01.2025 से 26.02.2025 तक निरस्त रहेगी। प्रत्येक शुक्रवार को पटना से चलनेवाली ट्रेन संख्या 09448 पटना-अहमदाबाद साप्ताहिक स्पेशल दिनांक 17.01.2025 से 28.02.2025 तक निरस्त रहेगी।

# 26वीं एनिवर्सरी पर पति-पत्नी ने की आत्महत्या

**शादी का जोड़ा पहनकर रातभर पार्टी की, फिर फांसी लगा ली**



**नागपुर।** नागपुर के जरीपटका इलाके में मंगलवार को पति-पत्नी ने अपनी शादी की 26वीं सालगिरह के दिन शादी का जोड़ा पहनकर खुदखुशी कर ली। मृतक दंपति का नाम जेरील डासमोन ऑस्कर मॉनक्रीफ और एनी जेरील मॉनक्रीफ था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे बच्चा न होने और बेरोजगारी से परेशान थे। मंगलवार को उनकी शादी की सालगिरह थी। इसी दिन उन्होंने दोस्तों और रिश्तेदारों के साथ पार्टी की। शादी का जोड़ा पहना। इसके बाद एक वीडियो बनाकर व्हॉट्सएप स्टेटस पर अपलोड किया। फिर नायलॉन की रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युगल ने रिश्तेदारों के नाम वीडियो बनाया। सुसाइड करने से पहले एनी ने वीडियो बनाकर रिश्तेदारों से कहा कि वो अपने बच्चों का ख्याल रखें और उनके जाने के बाद होने वाली शादी को पोस्टपोन ना करें। 57 साल के जेरिल का शव किचन में फंदे से लटकता मिला, जबकि उनकी पत्नी ऐनी का शव ड्राइंग रूम में पाया गया। ऐनी ने 26 साल पुरानी अपनी शादी की ड्रेस पहनी थी और उनका शरीर सफेद कपड़े में लिपटा हुआ था। उसके आसपास फूल बिखरे हुए थे। बड़े होटलों में शेफ रह चुके थे जेरल जेरल कई बड़े होटलों में शेफ रह चुके थे।

### एक ही ताबूत में दफनाए गए दोनों

- पुलिस के मुताबिक, जेरिल से पहले ऐनी ने खुदकुशी की। जेरिल ने ही अपनी पत्नी के शव को कपड़े से ढककर उस पर फूल सजाए। इसके बाद खुद की भी जान ले ली। एक ही ताबूत में दफनाएं पति-पत्नि पति-पत्नि को एक ही ताबूत में एक साथ दफनाया गया है। पादरी विजय एलिक माइकल ने बताया कि मैं पिछले पांच दशकों से ताबूत में शवों को दफना रहा हूं। लेकिन यह पहली बार था, जब मैंने किसी जोड़े के लिए एक ही ताबूत बनाया। उनके रिश्तेदारों ने कहा था कि मृतक कपल की इच्छा थी कि शादी के कपड़ों में उन्हें एक साथ दफनाया जाए।

# पश्चिम रेलवे : साबरमती-लखनऊ और भावनगर-लखनऊ के बीच स्पेशल ट्रेन सेवा

**मुंबई।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की मांग एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए साबरमती से लखनऊ और भावनगर से लखनऊ के बीच वन वे स्पेशल ट्रेन विशेष किराये पर चलाने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 09477 साबरमती – लखनऊ स्पेशल दिनांक 10.01.2025 शुक्रवार को साबरमती से 22.55 बजे चलकर अगले दिन 11.01.2025 शनिवार को 21.00 बजे लखनऊ पहुचेंगी। मार्ग में यह ट्रेन महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवार, ब्यावर, अजमेर, जयपुर, बांदीकुई, भरतपुर, आग्रा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में 02 कोच जनरल और 20 कोच स्लीपर श्रेणी के रहेंगे। ट्रेन संख्या 09237 भावनगर – लखनऊ स्पेशल दिनांक 11.01.2025 शनिवार को भावनगर से 21.45 बजे प्रस्थान करेगी तथा तीसरे दिन 13.01.2025 सोमवार को 04.00 बजे लखनऊ पहुचेंगी। मार्ग में यह ट्रेन भावनगर परा, धोला, बोटाद, सुरेंद्रनगर गेट, वीरमगाम, चांदलोडिया, महेसाणा, पालनपुर, आबू रोड, मारवार, अजमेर, जयपुर, गांधी नगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई, भरतपुर, अच्छनेरा, आगरा फोर्ट, टूंडला, इटावा, कानपुर सेंट्रल और उन्नाव स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में 02 कोच जनरल और 20 कोच स्लीपर श्रेणी के रहेंगे।

# पुलिसकर्मी ने की खुदकुशी

**बीड।** महाराष्ट्र के बीड शहर के पुलिस मुख्यालय में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। हालांकि, अभी तक पुलिसकर्मी के आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हुई है। बीड शहर के पुलिस मुख्यालय में ड्यूटी पर तैनात एक पुलिसकर्मी ने मुख्यालय की दीवार के पास आंवले के पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। यह घटना बुधवार सुबह की है। अनंत मारोती इंगले आत्महत्या करने वाले पुलिसकर्मी का नाम है।

# कटरा-श्रीनगर के बीच जल्द चलेगी जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस

- **111 किमी लंबे कटरा-बनिहाल खंड पर अंतिम निरीक्षण शुरू**

**नई दिल्ली।** 8 कोचों वाली विशेष रूप से डिजाइन की गई जम्मू श्रीनगर वंदे भारत, यात्रियों को आरामदायक यात्रा और प्रतिकूल मौसम की स्थिति में भी ड्राइवरों को बेहतर दृश्य प्रदान करने के लिए एंटी-फ्रीजिंग सुविधाओं से लैस है। जम्मू और श्रीनगर के बीच की दूरी जल्द ही कम हो जाएगी, क्योंकि उनके बीच की यात्रा का समय केवल तीन घंटे दस मिनट होगा। नवनिर्मित जम्मू संभाग में 111 किलोमीटर लंबे बनिहाल-कटरा खंड पर अंतिम सुरक्षा निरीक्षण शुरू गया है। इसके साथ ही रेल यात्री इस वर्ष के अंत से इस मार्ग पर एक विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव करने की उम्मीद कर सकते हैं, क्योंकि जम्मू स्टेशन को 8 प्लेटफार्म और आधुनिक सुविधाएं से सुसज्जित करने के लिए इसका पुनर्विकास किया जा रहा है। हालांकि कटरा से श्रीनगर के बीच 8 कोच वाली जम्मू श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द ही चलने लगेगी। इस बदलाव के साथ ही, कश्मीर घाटी और जम्मू के बीच रेल संपर्क का लंबा इंतजार खत्म हो जाएगा। बनिहाल-कटरा खंड का पूरा होना एक इंजीनियरिंग चमत्कार है, जिसमें 97 किलोमीटर की लंबाई सुरंग है और 7 किलोमीटर की दूरी 4 मुख्य पुलों द्वारा तय की गई है। परियोजना में सबसे कठिन चुनौती चिनाब नदी पर विश्व के सबसे ऊंचे आर्क ब्रिज (यानी 359 मीटर) को नींव को मज़बूती देना था। इसे 30,000 टन स्टील का उपयोग करके रॉक बोल्टिंग विधि द्वारा हासिल किया गया। दूसरी बड़ी चुनौती अंजी नदी पर भारत का पहला केबल स्टे ब्रिज बनाना था। इस खंड पर दो अन्य पुल रियासी ब्रिज और बक्कल ब्रिज हैं। परियोजना को क्रियान्वित करते वक्त, रेलवे इंजीनियरों ने सुरक्षा चिंताओं को दूर करने और मुख्य तथा 67 किलोमीटर लंबी एस्केप सुरंगों को मज़बूती देने के लिए, पारंपरिक सुरंग बनाने की विधि के स्थान पर हिमालयी सुरंग बनाने की तकनीक का आविष्कार किया। सुरंगों में पूरी तरह से गिट्टी रहित ट्रैक है, जैसा कि बिना जोड़ वाले मेट्रो ट्रैक पर उपयोग किया जाता है। उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना के इस खंड में सबसे लंबी सुरंग यानी टी50 12.77 किलोमीटर लंबी है। सुरक्षा और परिचालन डेटा पर नज़र रखने के लिए सुरंगों में हर 50 मीटर पर कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे अत्याधुनिक केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से जुड़े हैं। रेलवे ने परियोजना स्थलों तक पहुंचने के लिए क्षेत्र में 215 किलोमीटर लंबी सड़कें भी बनाई हैं, जिससे स्थानीय लोगों को लाभ हो रहा है। जम्मू-श्रीनगर वंदे भारत ट्रेन को खास तौर पर एंटी-फ्रीजिंग सुविधाओं के साथ डिजाइन किया गया है। बर्फ हटाने वाली ट्रेन, यात्री और मालगाड़ियों से आगे बढ़ते हुए यह सुनिश्चित करेगी कि इस रणनीतिक मार्ग पर ट्रेनें पूरे साल, दिन और रात चलती रहें। इससे दोनों क्षेत्रों के बीच हर मौसम में संपर्क सुनिश्चित हो पाएगा। यात्रियों को आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का अनुभव देने के लिए, रेलवे ने परियोजना में एंटी-वाइब्रेशन भूकंपीय उपकरणों का उपयोग किया है, क्योंकि यह क्षेत्र संवेदनशीलता के लिहाज़ से जोन-V भूकंप की श्रेणी में आता है। ये डैम्पर्स हिमालयी इलाके में झटकों को सहने में सक्षम हैं और इनकी वजह से यात्रियों का सफर तेज़ रफ्तार वाला और सुरक्षित हो सकेगा। कश्मीर में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस देशभर में चलने वाली वंदे भारत एक्सप्रेस से अलग है। इसे खासकर अत्यधिक ठंड की स्थिति में, यानी -20 डिग्री सेल्सियस तक में आसानी से संचालित करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। यात्रियों और ड्राइवरों के लिए आरामदायक माहौल सुनिश्चित करने के लिए, ट्रेन आधुनिक हीटिंग सिस्टम से सुसज्जित है। ड्राइवर के केबिन में फॉगिंग या जमने से बचाने के लिए गर्म विंडशील्ड की सुविधा रखी गई है, जिससे अत्यधिक तापमान में स्पष्ट दृश्यता सुनिश्चित होती है। इसके अलावा ट्रेन में पानी को जमने से रोकने के लिए प्लंबिंग और बायो-टॉयलेट में हीटिंग व्यवस्था की गई है, ताकि ठंड के मौसम में ज़रुरी व्यवस्था और सुविधाएं बदस्तूर जारी रहें।


**मुख्य कार्यालय, विरार**
विरार (पूर्व)
ता. वसई. जि. पालघर पिन ४०१ ३०५

दुरध्वनी : 0250 - 2525101/02/03/04/05/06
फॅक्स : 0250 - 2525107
ई-मेल : vasaivirarcorporation@yahoo.com
जावक क्र. : व.वि.श.म./बांध/शअ/167/24-25
दिनांक 08/01/2025

**वसई विरार शहर महानगरपालिका**
**सर्व. बांधकाम विभाग, मुख्य कार्यालय विरार पूर्व**
**जाहिर ई- निविदा सूचना क्र.**

वसई विरार शहर महानगरपालिका कार्यक्षेत्रातील प्रभाग समिती "ए" कार्यक्षेत्रातील अंबाडी रोड दिवाणगांव येथील स्विमींग पूल मध्ये विविध दुरुस्ती करण्याच्या या कामासाठी कोरे निविदा फॉर्म **https://mahatenders.gov.in** या अधिकृत संकेत स्थळावर दि. 10/01/2025 पासून उपलब्ध होणार आहे. ई-टेंडरिंग बाबत अधिक माहितीसाठी ई-निविदा कक्ष, वसई विरार शहर महानगरपालिका, विरार, मुख्यालय येथे संपर्क साधावा.

जा. क्र./वविशम/ / /202
दिनांक : / / 202
Please visit our official website
(https://Mahatenders.gov.in)

(प्रदीप पाचंगे)
प्र. शहर अभियंता
वसई विरार शहर महानगरपालिका



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निम्नवर्णित अनुसार क्रम सं. 1 के लिए एकल पैकेट प्रणाली में कार्यों के तहत तथा क्रम सं. 2 एवं 3 के लिए दो पैकेट प्रणाली में सेवा के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं ऐसा कोई मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रम सं., निविदा सूचना सं. एवं कार्य का नाम** निम्नानुसार हैं: **1. एमईसीएचसीकेपी-24-25-18,** 02 वर्ष की अवधि के लिए यंत्रचालित लॉण्ड्री टाटा का परिचालन। **निविदा मूल्य:** रु. 1,89,21,600/-, **बयाना राशि :** रु. 2,44,600/- **2. एमईसीएचसीकेपी-24-25-19,** खुली निविदा के माध्यम से 02 वर्ष की अवधि के लिए टाटा कोचिंग डिपो की वंदे भारत प्राइमरी ट्रेनों में यंत्रचालित कोच सफाई, पानी प्रदान करना एवं ऑनबोर्ड हाउसकीपिंग सर्विस (ओबीएचएस)। **निविदा मूल्य:** रु.2,42,10,069.11, **बयाना राशि :** रु. 2,71,100/-, **3. एमईसीएचसीकेपी-24-25-20,** खुली निविदा के माध्यम से 02 वर्ष की अवधि के लिए सी एंड डब्ल्यू/बंडामुंडा में मटीरियल हैंडलिंग एवं हाउसकीपिंग। **निविदा मूल्य:** रु. 2,01,00,688.70, **बयाना राशि :** रु.2,50,500/- **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** क्रम सं. 1 के लिए के लिए शून्य और क्रम सं. 2 एवं 3 प्रत्येक के लिए रु. 10,000/-, **निविदा के खुलने का स्थान :** वरिष्ठ डीएमई/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे का कार्यालय। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** सभी के लिए दिनांक 28.01.2025 को 15.00 बजे। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** में देखी जा सकती है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट अवश्य होना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन जरूर पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात अवश्य अपलोड किए जाएं। **(PR-995)**



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**
**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा नोटिस संख्या:** MEMU-24-25-CCTV-21
**कार्य का नाम:** मेमू कार शेड, बीएमवाई, भिलाई में सीसीटीवी आधारित निगरानी प्रणाली की स्थापना कार्य हेतु।
**काम की लागत:** ₹ 4,62,509.06 (रुपये चार लाख बासठ हजार पांच सौ नौ व छह पैसे मात्र), **बोली सुरक्षा / बयाना जमा राशि:** ₹ 9,300.00 (रुपये नौ हज़ार तीन सौ मात्र), **कार्य की पूर्णता अवधि:** 03 (तीन) महीने, स्वीकृति पत्र जारी होने की तारीख से। **निविदा समाप्ति की तिथि और समय:** दिनांक **23.01.2025** को **11:30** बजे। वेबसाइट का विवरण और निविदा का विवरण यहां देखा जा सकता है: **www.ireps.gov.in**

**सहा. मंडल यांत्रिक अभियंता (मेमू), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, भिलाई**
PR/R/ADME(MEMU)Bhilai/MS/200
South East Central Railway @secrail



**उत्तर मध्य रेलवे**
**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये **मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी** निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**कार्य का नाम:** खैरार-भीमसेन सेक्शन-कंस्ट्रक्शन ऑफ़ लिमिटेड हाइट सबवे इन ल्यू ऑफ़ एलसी नंबर एस-35 अंडर जूरिस्डिक्शन ऑफ़ एडीईएन/बाँदा।

| ई-निविदा सूचना संख्या | अनुमानित लागत | अमानत राशि |
|---|---|---|
| झाँसी-इन्जी.-ई-2025-1 | ₹ 61808281.69 | ₹ 459100.00 |

**निविदा बंद होने की तिथि:** 03.02.2025 **at** 15.00 **hrs. स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि:** 12 माह।
- निविदा दिनांक **03.02.2025** को **15.00** बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

**34/25 FA**
North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in



**उल्हासनगर महानगरपालिका**
**वाहन विभाग**
**ई-निविदा सूचना क्र. उपमा/वाहन/02/24-25**

उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर यांती उपलब्ध / अधिकृत विक्रेते, कंपनी कार्यालयांत नोंदणीकृत कंत्राटदारांकडून ऑनलाईन ई निविदा उल्हासनगर महानगरपालिकेकडील 3 कार्यालयांतील चार चाकी इलेक्ट्रिक/पेट्रोल/डिझेल/सी.एन.जी वाहने व इतर वाहने वाहनचालकासह भाडेतत्वावर पुरवठा करण्यासाठी ई टेंडर प्रक्रियेअंतर्गत ऑनलाईन प्रस्ताविक जाहिर निविदा https://mahatender.gov.in या वेबसाईट वरून मागविण्यात आहे. या वेबसाईट वरून मागविण्यात आहे.

| अ. क्र. | कामाचे नाव | वार्षिक अंदाज पत्रकातील निविदा रक्कम रुपये | निविदा अनामत रक्कम (EMD) | कोरी निविदा फॉर्म फी | सुरक्षा अनामत रक्कम (SD) | निविदा कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उल्हासनगर महानगरपालिका करिता चार चाकी इलेक्ट्रिक / पेट्रोल / डिझेल / सी.एन.जी वाहने व इतर वाहने वाहनचालकासह भाडेतत्वावर पुरवठा करावयाचा. (3 वर्षाकरिता) | रू. 2,67,59,040/- | रू. 2,68,000/- | (27000+4860) (18% GST) = रू. 31860/- | निविदा कार्यारंभाच्या किंमतीवर 3% टक्के | 120 दिवस |

**Please Note:** All bid related activities (process) like Tender Document Download, Bid Upload/ Submission and Online Transfer of Custody of Bid will be governed by the time schedule given under Key Dates below:

Schedule of Tender
**वेळापत्रक :- निविदा प्रकियेसंबंधित वेळा पत्रक खालील प्रमाणे आहे.**

| Sr. no | Activities | Start Date & Time--Expiry Date & Time |
|---|---|---|
| 1 | Online Tender Document Download | 09-01-2025 11:00 Hrs To 29-01-2025 17:00 Hrs |
| 2 | Online Bid Upload/Submission | 09-01-2025 15:00 Hrs To 29-01-2025 17:00 Hrs |
| 3 | Online Tender Opening | 30-01-2025 17:01 Hrs |

1. निविदा खरेदी व स्क्रूटिनी दि. 09/01/2025 ते 29/01/2025 रोजी सायंकाळी 17:00 वाजेपयरंत राहील.
2. सदर निविदेसंबंधित सविस्तर माहिती https://www.mahatenders.gov.in या वेबसाईटवर खरेदी व स्क्रूटिनी करता येईल.
3. निविदा पूर्व बैठक दिनांक 15/01/2025 रोजी दुपारी 2:30 वाजता अति.आयुक्त (2) उल्हासनगर महानगरपालिकेच्या कार्यालयात घेण्यात येईल.

**आलेल्या एक किंवा सर्व निविदा कोणत्याही कारण न देता नाकारण्याचा अधिकार आयुक्त उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर यांना राहू दिलेला आहे.**

जा. क्र. उपमा/पीआरओ/18/2025
दिनांक : 08/01/2024

जमीर लेंगरेकर
अति. आयुक्त (1)
उल्हासनगर महानगरपालिका



**संशोधनी**

इसके द्वारा पूर्व में जारी किए गए अनुसार प्रशासनिक कारणों से **ई-निविदा सूचना संख्या. डीसीबीएल/15/2024/एमएलजी तारीखः** 18-12-2024 के जरिये **ई-निविदा संख्या. डीसीबीएल322024एमएलजी एवं डीसीबीएल332024एमएलजी** की बोली बंद की तारीख/बोली खुलने की तारीख में निम्नलिखित परिवर्तन किये गए हैं:

| | |
|---|---|
| वर्तमान **निविदा सूचना संख्या. एवं ई-निविदा संख्या. डीसीबीएल/15/2024/ एमएलजी (ई-निविदा संख्या. डीसीबीएल322024एमएलजी और डीसीबीएल332024एमएलजी)** | अब **निविदा सूचना संख्या. एवं ई-निविदा संख्या. डीसीबीएल/15/2024/ एमएलजी (ई-निविदा संख्या. डीसीबीएल322024एमएलजी और डीसीबीएल332024एमएलजी)** इस तरह से पढ़ना होगा। |
| **बोली बंद/खुलने की तारीखः** 09-01-2025 | **बोली बंद/खुलने की तारीखः** 17-01-2025 |

**बोलीदाताओं के लिए टिप्पणीः** बोलीदाताओं को एनआईटी एवं निविदा दस्तावेज के किसी भी बेमेल रहने के कारण ऑनलाइन एनआईटी कॉपी पर प्रकाशित अनुसार निविदा का विज्ञापन राशि एवं ईएमडी राशि पढ़ने अनुरोध किया जाता हैं। निविदा में निहित अनुसार सारे नियम एवं शर्ते अपरिवर्तित रहेगी एवं जीसीसी-2022 के दफा 17 अनुसार अनुसरण किये जाऐंगे।

**डीवाई. सीई/ब्रिज-लाइन/मालीगॉव**

**पूर्वोत्तर सीमा रेलवे**
मुस्कान के साथ ग्राहकों की सेवा में

# मरीज-केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली पर दिया जाए जोर : फडणवीस

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** राज्य सरकार सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से रोगी देखभाल प्रदान करती है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न योजनाओं और अगली योजना में रोगी-केंद्रित स्वास्थ्य प्रणाली बनाने पर जोर दिया जाना चाहिए। सह्याद्रि गेस्ट हाउस में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अगली 100 दिनों की योजना को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने ये निर्देश दिए। इस मौके पर उन्होंने अगले कुछ दिनों में स्वास्थ्य विभाग के सभी स्वास्थ्य व्यवस्था घटकों का अच्छी संस्थाओं से मूल्यांकन कराने के निर्देश भी दिए। बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री प्रकाश अबितकर, स्वास्थ्य राज्य मंत्री मेघना बोर्डिकर, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग की 100 दिवसीय योजना की समीक्षा की**



### क्षय रोगियों को ढूंढकर करें इलाज

■ मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, क्षय रोग मुक्त भारत अभियान में महाराष्ट्र को अग्रणी भूमिका निभानी चाहिए। इस अभियान में क्षय रोगियों को ढूंढकर उनका इलाज किया जाए।

### 108 एंबुलेंस महत्वपूर्ण

स्तन एवं गर्भाशय कैंसर के निदान हेतु अभियान चलाया जाए। एम्बुलेंस व्यवस्था में 108 एम्बुलेंस महत्वपूर्ण है। एम्बुलेंस खरीदी के न्यायालयीन प्रकरण में महाधिवक्ता से परामर्श लेकर प्रकरण का शीघ्र निराकरण किया जाए।

## विरोध कर रही महिला की सुनीं समस्याएं

■ महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को सतारा जिले के नयागांव में अपने संबोधन के दौरान एक महिला काला झंडा दिखाने लगी। सीएम फडणवीस का ध्यान उसपर चला गया। उन्होंने महिला को बुलाया और उसकी समस्या सुनी। 'क्रांतिज्योति' सावित्रीबाई फुले की 194वीं जयंती पर उनके पैतृक गांव नायगांव में उन्हें बधाई देने के लिए दौरे पर पहुंचे थे। फडणवीस ने सभा को संबोधित करते हुए देखा कि एक महिला उन्हें काले झंडे दिखा रही है। पुलिस दौड़ी और एक तरफ ले गई, लेकिन फडणवीस रुक गए पुलिस ने महिला को उसकी मांगें सुनने के लिए मिलने के लिए बुलाया। बता दें कि सावित्रीबाई फुले की जयंती के मौके पर राज्य में कई जगहों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुणे में आयोजित एक कार्यक्रम में अजित पवार की पार्टी के नेता छगन भुजबल और शरद पवार भी साथ में एक ही मंच पर दिखाई दिए। भुजबल ने इस अवसर पर कहा कि कई लोग उन्हें और शरद पवार को एक मंच पर देखकर आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने कहा, "लेकिन हम महात्मा फुले, शाहू महाराज और बाबासाहेब आंबेडकर जैसी महान हस्तियों के लिए हमेशा एक साथ आते रहेंगे।"

**टॉरेस कंपनी घोटाला**

# तीन आरोपी गिरफ्तार, 15 तक हिरासत

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** मुंबई में सामने आए 'टॉरेस' कंपनी घोटाले में अब नए-नए खुलासे होने लगे हैं। अनुमान है कि मुंबई, ठाणे और आसपास के इलाकों में 'टोरेस' नाम से शाखाएं खोलकर कंपनी ने लगभग 700,000 ग्राहकों को आकर्षित किया है। इसी पृष्ठभूमि में पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और चौथे आरोपी के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है। ये तीनों आरोपी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कंपनी के वरिष्ठ पदों पर कार्यरत हैं।




### साप्ताहिक ब्याज का दिया लालच

ग्राहकों को प्रति सप्ताह 11 फीसदी ब्याज के रिटर्न का लालच देकर 'टोरेस' नामक आउटलेट में बड़े निवेश किए गए थे। सबसे पहले सोने और हीरे के आभूषण बेचकर शुरुआत करने वाली इस कंपनी ने निवेश के जरिए पैसा जुटाना शुरू किया। यहां तक कि शुरुआती अवधि में बताए गए अनुसार साप्ताहिक ब्याज दर रिटर्न भी दिया गया। लेकिन सोमवार को अचानक कंपनी की सभी शाखाएं बंद हो गईं, जिससे निवेशकों में हड़कंप मच गया। स्पष्ट हो गया कि "टोरेस" ने सारे पैसे लेकर धोखाधड़ी की।

### आधार कार्ड बनाने वाला निदेशक

इस मामले का एक और चौंकाने वाला पहलू यह है कि गिरफ्तार किया गया तीसरा आरोपी सर्वेश सुर्वे आधार कार्ड बनाने का केंद्र चलाता है। लेकिन कागज़ पर उन्हें 'टोरेस' का निदेशक नियुक्त किया गया। तीनों को 13 जनवरी तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

### मास्टरमाइंड के विदेश भागने का अंदेशा

हालांकि पुलिस ने इस मामले में कंपनी के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को गिरफ्तार किया है, लेकिन पुलिस को शक है कि कंपनी के दो संस्थापक विदेश भाग गए हैं। ये दोनों यूक्रेन के नागरिक हैं। कयास लगाए जा रहे हैं कि ये दोनों ही इन सभी घोटालों के मास्टरमाइंड हैं। इनके नाम जॉन कार्डर और विक्टोरिया कोवलेंको हैं। इनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है।

### कंपनी के नाम में भी धांधली

'टोरेस' नहीं, लेकिन मूल कंपनी अलग है! इस मामले में दर्ज शिकायतों के आधार पर जब पुलिस ने जांच शुरू की तो सामने आया कि 'टोरेस' के पीछे की मूल कंपनी अलग है। इस कंपनी का नाम हर्न प्राइवेट लिमिटेड है और अब खुलासा हुआ है कि इन्होंने 'टोरेस ज्वेलरी' के नाम पर करीब डेढ़ लाख लोगों से 1000 करोड़ की ठगी की है।

### क्राइम ब्रांच को सौंपी जांच

यह मामला मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध जांच शाखा को सौंपा गया है। इससे पहले मंगलवार को शिवाजी पार्क पुलिस ने 52 वर्षीय महाप्रबंधक तानिया सासातोवा उर्फ तज़ागल करासानोव्ना सासातोवा, 30 वर्षीय निदेशक सर्वेश अशोक सुर्वे और 44 वर्षीय स्टोर प्रभारी वेलेंटीना गणेश कुमार को गिरफ्तार किया था। तानिया उज्बेकिस्तान की नागरिक हैं।

# एचएसएनसी विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आज

▶▶ राज्यपाल प्रदान करेंगे विद्यार्थियों को उपाधि

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** एचएसएनसी विश्वविद्यालय, मुंबई का दीक्षांत समारोह गुरुवार, 9 जनवरी को प्रातः 11 बजे से वर्ली स्थित विश्वविद्यालय कैंपस में आयोज्य है। कुलाधिपति एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन विद्यार्थियों को उपाधि प्रदान करेंगे। उपाधि प्रदान करने हेतु एचएसएनसी विश्वविद्यालय की कुलपति कर्नल प्रो. हेमलता बागला एवं कुलसचिव भगवान बलानी ने राजभवन जाकर महामहिम को आधिकारिक रूप से आमंत्रित किया। इस अवसर पर एचएसएनसी विश्वविद्यालय के प्रोवोस्ट डा. निरंजन हीरानंदानी, एच(एस) एनसी बोर्ड के अध्यक्ष एड. अनिल हरीश, सभी संकायों के अधिष्ठाता, महाविद्यालयों के प्राचार्य तथा अन्य गणमान्यों की विशिष्ट उपस्थिति रहेगी। कुलसचिव डा. बलानी ने बताया कि इस समारोह में विश्वविद्यालय अंतर्गत संचालित विविध स्कूलों तथा एच. आर. कॉलेज, के. सी. कॉलेज तथा बॉंबे टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के स्नातक, स्नातकोत्तर तथा बी. एड. पाठ्यक्रमों में विश्वविद्यालय स्तर पर स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को कुलाधिपति के हाथों उपाधि प्रदान की जाएगी।



# खाकी वर्दी वालों ने बाजी मारी, बने चैंपियन

राकेश विश्वकर्मा/जागरूक टाइम्स

■ मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस ने जीते 139 पदक



**मीरा-भायंदर।** खाकी वर्दी वालों ने खेल के मैदान में दमखम दिखाया और 139 पदक जीत कर चैंपियन बन गए। अपराधियों की नकेल कसने वाली पुलिस ने 49वें कोंकण क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में बाजी मारते हुए रिकॉर्ड बनाया है। बता दें कि मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय टीम ने पहली बार कोंकण क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था। जानकारी के अनुसार कोंकण क्षेत्रीय खेल प्रतियोगिता में 7 जिलों की पुलिस टीमों ने भाग लिया था। जिसमें मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस आयुक्तालय की टीम 139 पदक जीत कर चैंपियन बनी। इस प्रतियोगिता का आयोजन पालघर में किया गया था। जिसमें कुश्ती, कबड्डी, पावरलिफ्टिंग, खोखो, बॉक्सिंग, हॉकी, फुटबॉल, बास्केटबॉल, वालीबाल, वु-शु, कराटे जैसे खेलों का समावेश था। मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 55 स्वर्ण, 44 रजत और 40 कांस्य यानि कुल 139 पदक जीत कर चैंपियन बनी। पहली बार मैदान में उतरी थी पर खिलाड़ियों को देख कर लगता था कि सभी मंझे हुए खिलाड़ी हैं। अन्य खेलों के साथ ही कबड्डी एवं हैंडबॉल स्पर्धा में स्वर्ण पदक, वालीबाल, खो-खो में रजत पदक, फुटबॉल में कांस्य पदक, जीत कर विजेता बने। जुड़ो, बॉक्सिंग, पावर लिफ्टिंग, वु-शु,ताइक्वांडो और वेट लिफ्टिंग में मीरा भायंदर की टीमों को प्रथम क्रमांक मिला। प्रतियोगिता में मुख्य बात यह भी देखने मिली कि मीरा भाईंदर पुलिस दल के सभी खिलाड़ी खेल के हर विभाग में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के दम पर 190 अंक के साथ अंक तालिका में भी प्रथम रहे। आम नागरिकों की सेवा और सुरक्षा में दिन रात तैनात रहने वाले पुलिस कर्मियों ने अपने खेल के जरिए जहां मेडल जीते वहीं दर्शकों का मन मोह लिया जिसकी तारीफ पुलिस महकमे के आलाधिकारी भी कर रहे हैं। खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने को कोंकण डिवीजन के विशेष पुलिस महानिरीक्षक संजय दराडे, पालघर पुलिस अधीक्षक बालासाहेब पाटिल, मीरा भायंदर वसई विरार पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त दत्तात्रेय शिंदे, जिलाधिकारी कलेक्टर गोविंद बोडके, खेल अधिकारी सुभाष वनमाने सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# लाखों के एम.डी.ड्रग्स के साथ नाइजीरियन गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**वसई।** पालघर जिले के आचोले पुलिस ने लाखों रुपए एम.डी.ड्रग्स के साथ एक 46 वर्षीय नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आचोले पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने 7 जनवरी को की है। मिली जानकारी के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर आचोले पुलिस ने मंगलवार को नालासोपारा पूर्व के स्टेशन रोड स्थित एक 46 वर्षीय अन्थोनी चिजीको न्वाफोर नामक शख्स के पास से 22 ग्राम 2 मिलीग्राम एम.डी.ड्रग्स बरामद किया गया है। पुलिस ने बरामद ड्रग्स की कुल कीमत 2,64,000 रुपए है। आरोपी नाइजीरियन को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ 7 जनवरी को देर रात को आचोले पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस एक्ट के तहत एफआईआर दर्ज किया गया है। आगे की जांच पुलिस कर रही है।

# भांजी के प्रेम विवाह से खफा मामा का खौफनाक कांड

जागरूक टाइम्स संवाददाता

▶▶ रिसेप्शन के भोजन में मिलाया जहर
▶▶ समय रहते लगी भनक, सभी सुरक्षित

**कोल्हापुर।** महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां एक व्यक्ति ने अपनी भांजी की शादी के रिसेप्शन का कथित तौर पर गेट तोड़ा और मेहमानों के लिए तैयार भोजन में जहर मिला दिया। हालांकि, उसने खुद उस भोजन का सेवन नहीं किया। पुलिस के मुताबिक, उसने यह कदम इसलिए उठाया, क्योंकि वह अपनी भांजी की शादी के खिलाफ था। मिली जानकारी के मुताबिक घटना मंगलवार दोपहर पन्हाला तहसील के उत्रे गांव के एक शादी हॉल में हुई। आरोपी भांजी के रिसेप्शन कार्यक्रम में पहुंचा और वहां पर मेहमानों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन में जहर मिला दिया। हालांकि, राहत की बात रही कि किसी भी व्यक्ति ने वह खाना नहीं खाया और खाना खाने से पहले ही इस साजिश का पता चल गया। कुछ लोगों ने आरोपी को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन वह भागने में सफल रहा। उन्होंने बताया कि भोजन के नमूने जांच के लिए भेजे गए हैं। कोंडूभैरी ने बताया कि महेश पाटिल लड़की का मामा है और वह इस शादी के खिलाफ था। लड़की ने हाल ही में गांव के एक युवक से भागकर शादी कर ली थी। जिसे महेश पाटिल ने स्वीकार नहीं किया था। उसने गुस्से में आकर शादी के रिसेप्शन में मेहमानों के लिए बन रहे खाने में जहरीला पदार्थ मिलाया। इस दौरान किसी ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन भागने में कामयाब हो गया।

## महाराष्ट्र : बस-ट्रक की टक्कर में 19 यात्री घायल

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नागपुर।** महाराष्ट्र के सांगली जिले के तनांग फाटा में नागपुर-रत्नागिरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को एक ट्रक और महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की बस की टक्कर में 11 छात्रों सहित कम से कम 19 यात्री घायल हो गए। मिराज तहसील ग्रामीण पुलिस के अनुसार, एमएसआरटीसी बस मिराज से जाट जा रही थी। तनांग फाटा में एक मल्टी-एक्सल ट्रक ने मोड़ पर एक बस को टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में 11 छात्रों सहित 19 यात्री घायल हो गए और उन्हें इलाज के लिए मिराज के सरकारी अस्पताल में भर्ती किया गया। हादसे के बाद दोनों तरफ वाहनों का आवागमन प्रभावित हुआ। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद मिराज पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ट्रक को सड़क से हटवाकर यातायात को चालू कराया।

# फर्जी आयकर कमिश्नर गिरफ्तार

▶▶ शिकायत कर्ता से ठगे 15 लाख रु.
▶▶ दो करोड़ की ठगी का खुलासा



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**नालासोपारा।** क्राइम ब्रांच यूनिट 3 "विरार" ने एक फर्जी आयकर कमिश्नर को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है, जिसने आयकर विभाग में वरिष्ठ पद दिलाने का झांसा देकर लोगों से 2 करोड़ रुपए से अधिक की ठगी की थी। सबसे बड़ी बात यह कि, आरोपी छठवीं कक्षा तक पढ़ा है। यह पूरी कार्रवाई क्राइम डीसीपी अविनाश अंबुरे और एसीपी मदन बल्लाल के मार्गदर्शन में यूनिट 3 विरार के पुलिस निरीक्षक प्रमोद बडाख के नेतृत्व में सहायक आयुक्त निरीक्षक सोपान पाटील और पीएसआई उमेश भागवत की टीम ने की है। यह जानकारी क्राइम ब्रांच अधिकारी ने बुधवार को दी है। क्राइम ब्रांच अधिकारी ने बताया कि 12 दिसंबर को शिकायतकर्ता ने पेल्हार पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई कि वर्ष 2021 से आज तक आरोपी रिंकू शर्मा ने आयकर विभाग के लोगो वाले एंबर लाइट वाहन का उपयोग करके आयकर कमिश्नर अधिकारी होने का नाटक किया। शिकायतकर्ता की बेटी को आयकर विभाग में आयकर निरीक्षक के पद पर भर्ती करवाने का झांसा दिया। उसने शिकायतकर्ता का विश्वास प्राप्त कर, उससे समय-समय पर 15 लाख रुपए ले लिए। शिकायतकर्ता की पुत्री को आयकर विभाग के आयकर निरीक्षक का फर्जी पहचान पत्र व नियुक्ति पत्र दे दिया तथा शिकायतकर्ता की पुत्री को नौकरी न लगवाकर उसके साथ धोखाधड़ी की। पेल्हार पुलिस में आरोपियों के विरुद्ध बीएनएस धारा 318(4), 204, 319(2), 338, 336(3), 340(2), 3(5) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। क्राइम ब्रांच अधिकारी ने बताया कि, वरिष्ठों ने घटना को गंभीरता से लिया और पुलिस उपायुक्त अविनाश अंबुरे और सहायक पुलिस आयुक्त (अपराध) मदन बल्लाल द्वारा दिए गए निर्देशों और आदेशों पर, क्राइम ब्रांच यूनिट 3, विरार द्वारा अपराध की समानांतर जांच शुरू की गई। तकनीकी विश्लेषण और गोपनीय जानकारी के आधार पर आरोपी रिंकू जीतू शर्मा (उम्र 33 वर्ष), पेशा ड्राइवर, सिद्धिविनायक हो.सोसाइटी, तलोजा फेज -2, आरटीओ के पास, नवी मुंबई से 7 जनवरी को हिरासत में लिया गया। उसके पास से कुल 28 अलग-अलग फर्जी पहचान पत्र बरामद हुए। इनमें आयकर विभाग के सहायक आयुक्त और आयकर निरीक्षक, गृह विभाग के सहायक आयुक्त और सीबीआई विभाग के पुलिस आयुक्त के पहचान पत्र शामिल हैं।

# घर पर गिरा गुलमोहर का पेड़

▶▶ सौभाग्य से बचा लिए गए छह लोग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** ठाणे के कोपरी पूर्व इलाके के बड़ा बंगला इलाके में मंगलवार रात करीब 11-30 बजे लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों के लिए बने एक घर पर गुलमोहर का बड़ा पेड़ गिर गया। पेड़ गिरने की घटना में सौभाग्य से, कमरे में मौजूद छह लोग सही सलामत बच गए। बुधवार को आपदा प्रबंधन विभाग ने पेड़ को काटकर हटा दिया। ठाणे के बड़ा बंगला में पाटन कार्यालय के बगल में पीडब्ल्यूडी विभाग के कर्मचारियों के लिए एक घर बनाया गया है। उसी मकान पर गुलमोहर का बड़ा पेड़ गिर गया। उस वक्त घर में मौजूद भोसले, उनकी पत्नी रेखा, बच्चे राम और गणेश के अलावा उनके रिश्तेदार शुभम शिंदे और हेमलता माने, जो घर में थे, सौभाग्य से बच गए। मंगलवार रात करीब 11-30 बजे घर के किचन एरिया पर एक पेड़ गिर गया, जिससे किचन की सीमेंट की चादरें फट गईं और किचन रूम की दीवार दरक गई। मंगलवार रात पेड़ गिरते ही कोपरी पुलिस और अग्निशमन विभाग मौके पर पहुंचा और घर पर गिरे पेड़ को बुधवार को हटा कर ले गया। इस बीच, सौभाग्य से बचाए गए छह लोगों को सुरक्षा कारणों से अस्थायी रूप से कहीं और रहने के लिए कहा गया। साथ ही रात होने के कारण बुधवार की सुबह पेड़ को बिना काटे ही हटा कर अलग रख दिया गया। यह जानकारी आपदा प्रबंधन अधिकारियों ने दी।

## खुद को पुलिसकर्मी बताकर हिरासत में आरोपियों को पीटा

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**ठाणे।** यह घटना रविवार को सामने आई जब एक व्यक्ति अक्षय दत्तात्रय कोल्हे (36) ने वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन के अपराध प्रकटीकरण कक्ष में पुलिसकर्मी होने का दिखावा करते हुए पूछताछ के लिए लाए गए तीन आरोपियों को चमड़े की बेल्ट से पीटा। मामला पूर्व नगरसेवक द्वारा प्रकाश में लाया गया और वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन में पुलिस अधिकारी के सहायक कोल्हे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया। वादी स्वप्नौली प्रदीप पाटिल (30) वागले इस्टेट पुलिस स्टेशन क्षेत्र में गश्त के दौरान गोपनीय सूचना के आधार पर संदिग्ध आरोपी गणेश गुरव और 2 अन्य को चोरी के आरोप में पूछताछ के लिए अपराध जांच सेल में लाया गया। जब वे उनसे अपराध के संबंध में पूछताछ कर रहे थे, तो जांच अधिकारी अपराध जांच सेल में पुलिस उप-निरीक्षक थोर्वे (36) को बुलाया गया। जांच अधिकारी के अपराध जांच कक्ष के बाहर काम के लिए आने के बाद, अक्षय कोल्हे, जो खुद को पुलिस बताकर तीन आरोपियों को लेकर आया था, ने तीन संदिग्धों को चमड़े की बेल्ट से पीटा और शिवसेना के पूर्व नगरसेवक एकनाथ भोईर और कार्यकर्ताओं को देखा।

**ठाणे नगर निगम की अपील**

# एचएमपीवी वायरस से घबराएं नहीं नागरिक

▶▶ छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल में विशेष वार्ड तैयार



दिनेश चंद्र रावल/जागरूक टाइम्स

**ठाणे।** इस समय चीन में एचएमपीवी (ह्यूमन मेटान्यूमो वायरस) फैलने की खबरें आ रही हैं। भारत में भी इसके कुछ मरीज मिले हैं। हालांकि, नागरिकों को घबराना नहीं चाहिए। यह एक सामान्य श्वसन वायरस है। यह ऊपरी श्वसन पथ में संक्रमण (सामान्य सर्दी की तरह) का कारण बनता है। यह एक मौसमी बीमारी है जो आमतौर पर फ्लू की तरह सर्दियों और गर्मियों की शुरुआत में होती है। ठाणे नगर निगम आयुक्त सौरभ राव ने नगर निगम स्वास्थ्य विभाग को सतर्क रहने का निर्देश दिया है। इस वायरस को लेकर राज्य के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग ने राज्य में श्वसन संक्रमण के आंकड़ों का विश्लेषण किया है। इसके अनुसार, 2023 की तुलना में दिसंबर-2024 में इस विकार के रोगियों की संख्या में कोई वृद्धि नहीं हुई है। हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से सावधानियों के तहत श्वसन संक्रमण को रोकने के लिए क्या करें और क्या न करें का पालन करने का आग्रह किया है। नागरिकों को ठाणे नगर निगम की ओर से इन निर्देशों का पालन करना चाहिए।

### विशेष वार्ड तैयार

■ हालांकि एहतियात के तौर पर ठाणे नगर निगम के छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल, कलवा में 15 बिस्तरों वाला आइसोलेशन वार्ड तैयार किया गया है।

### यह करें

- खांसते या छींकते समय अपने मुंह और नाक को रुमाल या टिशू पेपर से ढकें।
- हाथों को बार-बार साबुन और पानी या अल्कोहल-आधारित सैनिटाइजर से धोएं।
- यदि आपको बुखार, खांसी और छींक आ रही है तो सार्वजनिक स्थानों से दूर रहें।
- खूब पानी पिएं और पौष्टिक भोजन करें।
- सुनिश्चित करें कि संदूषण को कम करने के लिए सभी क्षेत्रों में पर्याप्त वेंटिलेशन हो।
- संदेह होने पर डाक्टर से परामर्श लें।

### यह न करें

- हाथ मिलाना।
- टिशू पेपर और नैपकिन को दुबारा इस्तेमाल।
- बीमार लोगों के साथ निकट संपर्क।
- आंखों, नाक और मुंह को बार-बार छूना।
- सार्वजनिक स्थान पर थूकना।
- डाक्टर की सलाह के बिना दवा लेना।

# महाराष्ट्र में रहेगा शीतलहर का असर



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**मुंबई।** उत्तर भारत में समुद्र तल से दस से बारह किमी ऊंचाई पर, 250 से 260 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज़ 'पश्चिमी' हवाएं चल रही हैं। इन हवाओं का असर महाराष्ट्र के मौसम पर पड़ रहा है। पर्यावरण में आये इस बदलाव के कारण राज्य में औद्योगिक गतिविधियों में वृद्धि हुई है। इससे पिछले कुछ दिनों से गायब ठंड फिर से तेज हो गई है। भारतीय मौसम विभाग का अनुमान है कि उत्तर से चलने वाली इस हवा के कारण अभी दो दिनों तक राज्य में शीतलहर जारी रहेगी। भारतीय मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक 10 जनवरी तक प्रदेश में ठंड का जोर जारी रहेगा। यह शीतलहर मुंबई, कोंकण और पूरे महाराष्ट्र में महसूस की जाएगी। इसलिए मुंबई समेत कोंकण में सुबह का न्यूनतम तापमान औसत से कम देखने को मिलेगा। मुंबई समेत इलाके के तापमान में औसतन 2 डिग्री की गिरावट आएगी।

**मुंबई में भी गिरा पारा**

### 11 जनवरी से बदलेगा मौसम

■ 10 जनवरी तक प्रदेश में ठंड का जोर जारी रहेगा। शनिवार के बाद यानी 11 जनवरी से मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में न्यूनतम तापमान बढ़ने और ठंड का जोर कम पड़ने की संभावना है। इस बीच, मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में बादल छाए रहने की संभावना है।

### उत्तर भारत का असर

■ राज्य के ऊपर हल्की हवा का उच्च दबाव क्षेत्र बनने के कारण प्रतिचक्रवातीय हवाएं दक्षिणावर्त दिशा में घूमती हैं। उत्तर भारत में पश्चिमी मानसून के कारण बारिश का संकट पैदा हो गया है। इस बीच, नया पश्चिमी झंझावत भी आने की तैयारी कर रहा है। मौसम की इस स्थिति का असर महाराष्ट्र पर पड़ रहा है।

### महाराष्ट्र में न्यूनतम पारा 10 डिग्री से कम

■ राज्य में ठंड का जोर उत्तरी महाराष्ट्र में ज्यादा है। उत्तरी महाराष्ट्र में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चला गया है। राज्य में सबसे कम तापमान जलगांव में 8.8 डिग्री दर्ज किया गया। धुले और निफाड में भी पारा 10 डिग्री से नीचे चला गया। मौसम की इस स्थिति को देखते हुए अगले तीन दिनों तक उत्तर महाराष्ट्र समेत पूरे राज्य के न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की गिरावट होने की संभावना है।


## विशेष सूचना

जागरूक टाइम्स अपने पाठकों के सुख-दु:ख का साथी है। अपने पाठकों के साथ हमेशा खड़ा रहने वाले जागरूक टाइम्स में अब राजस्थानी समाज के शोक संदेश (संक्षिप्त में) नि:शुल्क प्रकाशित किए जाएंगे। राजस्थानी समाज के समस्त पाठक प्रकाशानार्थ शोक संदेश jagruktimes@gmail.com पर मेल अथवा मोबाइल नंबर- 9930850102 पर व्हाट्सएपकरसकते हैं।

**राजस्थान सरकार की बड़ी कार्रवाई**

# बिना छात्र वाले 190 स्कूल बंद



जयपुर में **18** और जोधपुर में **17** स्कूलों को लगा ताला

**169** स्कूलों में नहीं थे एक भी विद्यार्थी

**बीकानेर।** राजस्थान में भजनलाल सरकार ने 190 स्कूलों को बंद कर दिया है। इनमें 169 स्कूल ऐसे थे, जिनमें विद्यार्थी ही नहीं थे। इन स्कूलों में विद्यार्थीयों की संख्या जीरो थी। कुछ स्कूल सुबह-शाम की पारी में चल रहे थे, लेकिन विद्यार्थीयों की संख्या बहुत कम थी। ऐसे 21 स्कूलों को मर्ज किया गया है। पूर्व सीएम अशोक गहलोत के गृह जिले जोधपुर में 17 स्कूलों को बंद किया गया है। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इन स्कूलों को बंद करने का आदेश जारी किया है।

### अध्यापकों व फर्नीचर का क्या होगा

स्वीकृत पदों के आधार पर अधिशेष (सरप्लस) होने वाले शिक्षकों को अन्य स्कूलों के खाली पदों पर नियमानुसार पदस्थापित किया जाएगा। जहां विद्यार्थी ज्यादा हैं, वहां इन टीचर्स की पोस्टिंग की जाएगी। स्टाफिंग पैटर्न (विद्यार्थी-टीचर अनुपात) के आधार पर जिला शिक्षा अधिकारी इन टीचर्स को समायोजित करेंगे। जब तक स्टाफिंग पैटर्न पर समायोजन हो, तब तक टीचर्स को निकटवर्ती स्कूलों में जाना होगा। जो स्कूल बंद हो गए हैं, उनकी संपत्तियों का हस्तांतरण पास के स्कूल में हो जाएगा। इसमें स्कूल की भूमि, फर्नीचर, सामग्री सभी हस्तांतरित होंगे। आदेश में बंद होने वाले स्कूल के पास ही दूसरे स्कूल का नाम दिया गया है।

### क्यों बंद किए गए स्कूल

स्कूलों में छात्र संख्या शून्य होने पर शिक्षा विभाग ने जिला शिक्षा अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी थी। इस पर जिला शिक्षा अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्र के शून्य छात्र संख्या वाले स्कूलों की सूची शिक्षा निदेशालय को भेजी थी। शून्य छात्र का कारण ये बताया गया कि पास ही दूसरे सरकारी अपर प्राइमरी स्कूल संचालित हो रहे हैं। ऐसे में जिला शिक्षा अधिकारियों ने इन्हें बंद करने के प्रस्ताव दिए। इन्हीं प्रस्तावों के आधार पर स्कूल बंद करने के लिए निदेशालय ने राज्य सरकार से अनुमति मांगी, जहां से अनुमति मिलते ही स्कूल बंद के आदेश हो गए। अब बंद होने वाले स्कूल का अलग से कोई प्रशासनिक अस्तित्व नहीं रहेगा। सभी क्लासेज पास के स्कूल में

निदेशालय से जारी आदेश के अनुसार- जिन स्कूलों को बंद किया है, उनमें कार्यरत टीचर्स को अब अन्य स्कूलों में नियुक्त किया जाएगा।

## फिटनेस सेंटरों पर आरटीओ की कार्रवाई



तय लिमिट से ज्यादा वाहनों के फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने की थी शिकायत

**जोधपुर।** जोधपुर में परिवहन विभाग की ओर से अलग-अलग सेंटरों पर कार्रवाई की गई है। जोधपुर में परिवहन विभाग की ओर से बुधवार को फिटनेस सेंटरों पर कार्रवाई की जा रही है। इन फिटनेस सेंटर में लंबे समय से अनियमितताओं की शिकायत मिल रही थी। इसके आधार पर परिवहन विभाग की ओर से कार्रवाई की गई है। टीम की ओर से महादेव फिटनेस, ओम फिटनेस और प्रेक्षा फिटनेस पर कार्रवाई की गई है। तीनों सेंटर पर फिटनेस के लिए आने वाले वाहनों की लिमिट पूरी होने के बावजूद अधिक फिटनेस सर्टिफिकेट बनाने को लेकर शिकायत मिली थी। बताया जा रहा है कि पिछले लंबे समय से इन फिटनेस सेंटर को लेकर शिकायत मिल रही थी। इसके चलते यह परिवहन विभाग के रडार पर थे। ऐसे में बुधवार को दोपहर के समय विभाग की अलग-अलग टीमों और फिटनेस सेंटर पर यह कार्रवाई की है। विभाग की और से यहां पर फिटनेस के लिए आने वाली गाड़ियों के फुटेज चैक किए जा रहे हैं।

## 500 से ज्यादा चाइनीज मांझे की चरखी जब्त

- सीकर नगर परिषद ने धोद रोड पर की कार्रवाई
- दुकानदार की होगी गिरफ्तारी

**सीकर।** सीकर नगर परिषद ने मकर संक्रांति से पहले बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने सीकर के धोद रोड क्षेत्र में दुकान पर दबिश देते हुए 500 से ज्यादा चाइनीज मांझे की चरखी जब्त की है। इन्हें दुकान पर बेचा जा रहा था। अब नगर परिषद दुकानदार के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करेगी। नगर परिषद पुलिस को शिकायत देकर आरोपी दुकानदार को गिरफ्तार करवाएगी।



### मांझा बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई

नगर परिषद कमिश्नर शशिकांत शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति के पर्व को लेकर नगर परिषद द्वारा चाइनीज मांझा बेचने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत बुधवार को सूचना पर धोद रोड इलाके में बिस्मिल्लाह कॉलोनी में मोहम्मद इमरान पुत्र शौकीन की दुकान पर दबिश दी गई। यहां से करीब 500 से ज्यादा चाइनीज मांझे की चरखी जब्त की है। चाइनीज मांझा बेचने वालों के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा

शर्मा ने कहा कि चाइनीज मांझे की बिक्री के खिलाफ नगर परिषद लगातार कार्रवाई करेगी। जो भी चाइनीज मांझा बेच रहा है वह बेचना बंद कर दे वरना उसका माल जब्त कर लिया जाएगा। कमिश्नर ने कहा कि कोई भी नगर परिषद को चाइनीज मांझे की बिक्री की सूचना दे सकता है। सूचना देने वाले का नाम उजागर नहीं किया जाएगा। आपको बता दें कि एक दिन पहले ही सीकर कलेक्टर मुकुल शर्मा ने चाइनीज मांझे के खिलाफ कार्रवाई के लिए निर्देश दिए थे। साथ ही चाइनीज मांझा बेचने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाने की बात कही थी।

### अबतक की सबसे बड़ी कार्रवाई

आपको बता दें कि हर वर्ष नगर परिषद के द्वारा चाइनीज मांझे के खिलाफ कार्रवाई की जाती है। लेकिन संभवतया यह पहला मामला है जब नगर परिषद ने इतनी बड़ी संख्या में चाइनीज मांझे की चरखियां बरामद की है।

## बीकानेर में सड़कों पर खड़े गैस से भरे ट्रक

### एसडीएम ऑफिस के आगे खड़े किए, आम लोगों से बहसबाजी



**बीकानेर।** जयपुर के भांकरोटा में हुए बड़े हादसे के बाद भी सुरक्षा को लेकर कोई खास गंभीरता नजर नहीं आ रही है। खासकर एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रक मनमाने तरीके से खड़े किए जा रहे हैं। मजे की बात है कि आला सरकारी अधिकारियों के ऑफिस के आगे भी ये ट्रक खड़े हैं और इन्हें हटाने के लिए आम लोगों को ट्रक चालकों से बहस करनी पड़ती है।

### सरकारी ऑफिस के सामने गैस से भरे सिलेंडर

घटना बुधवार सुबह की है जब लूणकरनसर में उपखंड अधिकारी कार्यालय के पास ही एलपीजी सिलेंडर से भरा ट्रक खड़ा था। आसपास के लोगों ने ट्रक को हटाने के लिए ड्राइवर को बोला, लेकिन ट्रक वहीं खड़ा रहा। ऐसा नहीं है कि ये बुधवार को ही हुआ, बल्कि हर रोज एसडीएम ऑफिस के आगे ही ये ट्रक खड़े रहते हैं। एलपीजी सिलेंडर से भरे ट्रकों को बीच सड़क पर रोकने का प्रावधान नहीं है, इसके बाद भी ट्रक चालकों की हठधर्मिता आम लोगों की जान पर भारी पड़ रही है।

जिस जगह ट्रक खड़े होते हैं, वहां से पुलिस थाना भी महज आधा किलोमीटर की दूरी पर है। पुलिस की गाड़ियां भी इन ट्रकों आसपास घूमती नजर आती है। इसके बाद भी कोई रोक नहीं रहा है। क्षेत्र के लोगों ने बुधवार को भी इसका विरोध किया। एसडीएम ऑफिस के पास खड़े ट्रक का वीडियो भी बनाया ताकि आगे शिकायत की जा सके।

## घर से बैंक चेक और जेवरात चोरी

- बैंक से मैसेज आने पर चोरी का चला पता, लाखों रुपए निकाले

**सीकर।** सीकर के धोद थाना क्षेत्र में घर से बैंक चेक और जेवरात चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी का पता तब चला, जब बैंक से चेक के जरिए रुपए निकलने का मैसेज आया। अब पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। सीकर के धोद क्षेत्र के अनोखू गांव निवासी श्यामलाल माली ने धोद पुलिस थाने में रिपोर्ट देकर बताया- उसका और उसके पिता रिछपाल का बड़ौदा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक में अकाउंट है। तीन जनवरी को दोपहर दो बजे के करीब श्यामलाल के मोबाइल नंबर पर चेक से 50 हजार रुपए निकलने का मैसेज आया।

जब श्यामलाल ने चेकबुक संभाली तो उसमें दो से लेकर 10 नंबर तक के चेक नहीं थे।

## एक फरवरी से बीकानेर में होगी सेना भर्ती

**बीकानेर।** कड़ाके की सर्दी के बीच सेना में अग्निवीर बनने के लिए युवाओं को कठिन शारीरिक परीक्षा देनी होगी। सुबह-सवेरे दौड़ लगानी होगी। इसके अलावा आंख-कान के सही होने के प्रमाण देने होंगे। सेना भर्ती के लिए बीकानेर में एक से नौ फरवरी तक हजारों की संख्या में युवा पहुंचेंगे। इस दौरान युवाओं को सर्दी से बचाने के लिए बीकानेर नगर निगम न सिर्फ हीटर की व्यवस्था करेगा, बल्कि ब्लोअर भी लगाएगा। एडीएम ने कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्टेडियम के बाहर और भीतर आवश्यक जाब्ता तैनात करने के साथ रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड, टेम्पो स्टैण्ड, धर्मशालाओं में भी सुरक्षा प्रबंध किए जाएंगे।

### अग्निवीर बनने के लिए सर्द हवाओं के बीच फिजिकल टेस्ट



### एक से नौ फरवरी तक सेना भर्ती रैली

स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के स्टेडियम में एक से नौ फरवरी तक सेना भर्ती रैली हो रही है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर रमेश देव ने बताया कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय से भर्ती संबंधित समस्त व्यवस्थाओं का मौका निरीक्षण करते हुए तैयारियों को समय पर पूर्ण करेंगे। सर्दी के मौसम को देखते हुए नगर निगम हीटर व ब्लोवर कार्यक्रम स्थल पर उपलब्ध करवाए। नगर निगम एवं यूआईटी को परीक्षा स्थल व ट्रैक की सफाई, फायर ब्रिगेड, व लाइट की व्यवस्था आवश्यकता अनुसार टेबल व कुर्सियां, टेंट तथा जनरेटर सैट से संबंधित संपूर्ण व्यवस्थाएं करेंगे।

### शहर में किए जाएंगे प्रबंध

पीडब्ल्यूडी और जिला खेल अधिकारी निर्धारित मापदंड के अनुसार रैली ट्रैक तैयार करेंगे व हाई जंप के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध करवाएंगे। शिक्षा विभाग की ओर से स्टेडियम मैदान में अनुभवी व्याख्याता को शैक्षणिक प्रमाण पत्रों एवं दस्तावेजों के सत्यापन करने के लिए नियुक्त किए जा रहे हैं। उरमूल डेयरी की ओर से भर्ती स्थल पर पीने के पानी के लिए टैंकर की व्यवस्था की जाएगी। विद्युत विभाग रैली व अन्य स्थलों पर बिजली और पीडब्ल्यूडी सप्लाई लाइन का निरीक्षण

### मुंबई मेटल मार्केट

| मेटल | आज का भाव | पूर्व बंद |
|---|---|---|
| कॉपर वायर बार | 823 | 825 |
| एल्युमिनियम इन्गॉट | 245 | 242 |
| जिंक स्लैब | 276 | 278 |
| लीड इन्गॉट | 181 | 182 |
| टिन स्लैब | 2643 | 2573 |
| निकल | 1342 | 1328 |
| मेटल स्क्रैप | आज का भाव | पूर्व बंद |
| सभी दरें रुपए प्रति किलो में है। | | |
| कॉपर केबल स्क्रेप | 790 | 788 |
| कॉपर हैवी स्क्रेप | 784 | 782 |
| कॉपर आर्मेचर | 777 | 776 |
| कॉपर यूटेंसिल्स | 725 | 725 |
| कॉपर सीट | – | – |
| ब्रास यूटेंसिल्स | 525 | 515 |
| ब्रास सीट कटिंग्स | 560 | 560 |
| एल्युमिनियम | 193 | 193 |

**लंदन मेटल मार्केट**
**तिमाही फ्यूचर भाव (प्रति टन डालर में)**

| धातु | आज का भाव | स्टॉक (टन में) वृध्दि+/कमी- |
|---|---|---|
| कॉपर | 8902 | –1450 |
| टिन | 29824 | +0 |
| लीड | 1917 | –4200 |
| जिंक | 2781 | –4000 |
| एल्युमिनियम | 2470 | –2500 |
| निकल | 15173 | +0 |

## विद्यार्थी को थार ने मारी टक्कर



**पहिए के नीचे आया पैर : तेज स्पीड में गाड़ी भगाते बिजली पोल भी तोड़ा**

**सीकर।** सीका में थार चालक ने लापरवाही से चलाते हुए कोचिंग विद्यार्थी को टक्कर मार दी। विद्यार्थी का एक पैर पहिए के नीचे आ गया। गाड़ी को पीछे के पीछे होने पर पैर निकाला गया। चालक गाड़ी को भगाने लगा तो बिजली पोल को तोड़ दिया। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। बिजली पोल टूटने से आस-पास के एरिया में आठ घंटे तक लाइट नहीं आई। मामला उद्योग नगर थाने के पिपराली इलाके का है। इस रोड पर काफी बड़ी संख्या में कोचिंग है। इस रास्ते से सैंकड़ों विद्यार्थी्स आना-जाना रहता हैं। एसएचओ इंस्पेक्टर सुरेंद्र देगड़ा ने बताया- गाड़ी के नंबरों के आधार पर चालक की तलाश कर रहे है। मैट्रिक्स कोचिंग के डायरेक्टर वीरेंद्र ढाका ने थार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

# व्यापार जगत



## दिन के निचले स्तर से 662 अंक संभला बाजार

### सेंसेक्स 50 अंक गिरकर 78,148 पर बंद, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सबसे ज्यादा 2.16% गिरा

**मुंबई।** सेंसेक्स आठ जनवरी को 50 अंक की गिरावट के साथ 78,148 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स दिन के निचले स्तर 77,486 से 662 अंक संभला। वहीं निफ्टी भी 18 अंक (-0.08%) की तेजी के साथ 23,688 के स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान निफ्टी दिन के निचले स्तर 23,496 से 192 अंक रिकवर हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 14 में तेजी और 16 में गिरावट रही। वहीं, निफ्टी के 50 शेयरों में से 22 में तेजी और 28 में गिरावट देखने मिली। एनएसई के सेक्टोरल इंडेक्स में ऑयल एंड गैस सेक्टर में सबसे ज्यादा 1.54% की तेजी देखने को मिली। जबकि निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स सबसे ज्यादा 2.16% गिरावट के साथ बंद हुआ।

### एशियाई बाजारों मिलजुला कारोबार

- रिलायंस, टीसीएस, आईटीसी और एयरटेल ने बाजार को ऊपर चढ़ाया। जबकि, एचडीएफसी, जोमैटो, आईसीआईसीआई, टीसीएस, लार्सन एंड टूब्रो और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने बाजार को नीचे खींचा।
- एशियाई बाजार में जापान के निक्केई में 0.26% की गिरावट रही जबकि कोरिया की कोस्पी में 1.16% की तेजी रही। वहीं, चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.016% की तेजी के साथ बंद हुआ।
- एनएसई के डेटा के अनुसार, सात जनवरी को विदेशी निवेशकों ने 1,491.46 करोड़ रुपए के शेयर बेचे। वहीं, इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 1,615.28 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे।
- सात जनवरी को अमेरिका का डाओ जोंस 0.42%की गिरावट के साथ 42,528 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.11% गिरकर 5,909 और नैस्डैक 1.89% नीचे 19,489 के स्तर पर बंद हुआ।
- कल बाजार में रही थी तेजी

## सोने-चांदी के दामों में तेजी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी की कीमतों में बुधवार को बढ़त देखने को मिली। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 238 रुपए बढ़कर 77,364 रुपए पर पहुंच गया है। मंगलवार को इसके दाम 77,126 रुपए प्रति दस ग्राम थे।

वहीं, एक किलो चांदी की कीमत 29 रुपए बढ़कर 89,503 रुपए प्रति किलो हो गई है। इससे पहले ये 89,474 रुपए प्रति किलो पर थी। सोने ने पिछले साल 30 अक्टूबर को 79,681 प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। वहीं, चांदी 23 अक्टूबर 2024 को 99,151 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई थी।

चार महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

- **दिल्ली** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,400 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,970 रुपए है।
- **मुंबई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,820 रुपए है।
- **कोलकाता** : 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 72,250 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 78,820 रुपए है।
- **चेन्नई** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,250 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,820 रुपए है।
- **भोपाल** : 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 72,300 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 78,870 रुपए है।
- बीते साल सोने का भाव 20.22% बढ़ा। वहीं, चांदी की कीमत में 17.19% की बढ़ोतरी हुई। एक जनवरी 2024 को सोना 76,583 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो 31 दिसंबर 2024 को 76,948 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गया।



**सोना 238 रुपए बढ़कर 77364 रुपए पर पहुंचा, चांदी 89503 रुपए प्रति किलो बिक रही**

### आपका राशिफल 9 जनवरी

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ): अध्ययन-अध्यापन में समय गुजरेगा। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। शुभांक-3-5-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो): महत्त्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। कोष में कमी व व्यय की अधिकता से परेशान होंगे। किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। जल्दबाजी में कोई भूल संभव है। कार्य भार बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। समय व्ययकारी सिद्ध होगा। शुभांक-3-4-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा): परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। खान-पान में सावधानी रखें। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-3-5-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो): सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। राजकीय कार्यों से लाभ। मनोबल ऊंचा रखें और काम में लगे रहें। शुभांक-4-6-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे): अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। साक्षात्कार के लिए दिन शुभ रहेगा। शुभांक-6-7-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो): कुछ पिछले संकट अब सिर उठा सकते हैं। अपने संघर्ष में स्वयं को अकेला महसूस करेंगे। अभिष्ट कार्य सिद्ध होंगे। निकटजनों के लिए अर्थव्यवस्था हेतु जोड़-तोड़ करना पड़ेगा। बुरी संगति से बचें। सुविधाओं में शनैः-शनैः बाधा आएगी। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी के कारण तनाव पैदा हो सकता है। शुभांक-4-6-8

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते): पूर्व में किये कार्यों से लाभ मिलेगा। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। स्वास्थ्य पर ध्यान दें। शांतिपूर्वक कार्य करें। दान-पुण्य का कार्य करें। यात्रा शुभ रहेगी। शुभांक-6-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू): दाम्पत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने में सफल होंगे। व्यापार में स्थिति ठीक रहेगी। माता पक्ष से विशेष लाभ। शुभांक-2-4-6

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे): संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। शुभांक-1-4-6

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी): मनोरथ सिद्ध होंगे, पूरे मनोयोग से काम में लगे रहें। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। शुभांक-6-8-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा): स्वास्थ्य में ताजगी बनी रहने से नई ऊर्जा का संचार होगा। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। शुभांक-3-6-8

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची): सुनियोजित तरीके से कार्य आरम्भ करें, सफल होंगे। लाभ भी होगा और पुराने मित्रों का समागम भी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होंगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति होगी। शुभांक-2-4-6

## ओला इलेक्ट्रिक को सेबी की चेतावनी

- कंपनी ने डिस्क्लोजर नियमों का उल्लंघन किया
- बीएसई-एनएसई से पहले सोशल मीडिया पर दी थी जानकारी



**मुंबई।** सेबी ने ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड को एक्सचेंज से पहले सोशल मीडिया पर अपनी एक्सपेंशन प्लान का ऐलान करने को लेकर फटकार लगाई है। एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, सात जनवरी को सेबी ने 'लिस्टिंग ऑब्लिगेशन एंड डिस्कोजर रिक्वायरमेंट' रेगुलेशंस 2015 के कई सेक्शन का उल्लंघन करने सहित अन्य बातों के लिए कंपनी को ई-मेल के जरिए चेतावनी दी है। दो दिसंबर 2024 को सुबह 9:58 बजे ओला इलेक्ट्रिक के फाउंडर भाविश अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो पोस्ट किया। कंपनी की 20 दिसंबर तक अपने सेल्स नेटवर्क को चार गुना बढ़ाने की योजना की घोषणा की। बाएसई को इसकी जानकारी दोपहर 1:36 बजे और एनएसई को इसकी जानकारी दोपहर 1:41 बजे दी।

### सेबी ने कंप्लायंस स्टैडर्स में सुधार करने को कहा

सेबी ने अपने चेतावनी पत्र में लिखा है कि इन उल्लंघनों को बहुत गंभीरता से लिया गया है। आपको भविष्य में सावधान रहने और ऐसी घटनाओं को दोहराने से बचने के लिए अपने कंप्लायंस स्टैडर्स में सुधार करने की चेतावनी और सलाह दी जाती है, नहीं तो उचित एनफोर्समेंट एक्शन की जा सकती है। ओला इलेक्ट्रिक मोबिलिटी का शेयर आज 0.24% की गिरावट के साथ 78.97 रुपए के स्तर पर बंद हुआ।

## वेदांता चेयरमैन ने लंदन में रिवरसाइड-स्टूडियो खरीदा




**100 साल पुराना यह स्टूडियो अब 'अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियो ट्रस्ट' के नाम से ऑपरेट होगा**

**नई दिल्ली।** वेदांता ग्रुप के फाउंडर और चेयरमैन अनिल अग्रवाल ने लंदन में स्थित आइकॉनिक रिवरसाइड स्टूडियो को खरीद लिया है। कंपनी ने बुधवार को एक प्रेस रिलीज में इस बात की घोषणा की है। रिवरसाइड स्टूडियो लंदन के सेंटर में थेम्स रिवर के उत्तरी तट पर स्थित है। यह स्टूडियो आर्ट्स के लिए एक प्रसिद्ध ग्लोबल सेंटर के रूप में जाना जाता था। अब 100 साल पुराना यह स्टूडियो अनिल अग्रवाल रिवरसाइड स्टूडियो ट्रस्ट के नाम से ऑपरेट होगा।

### कला में सीमाओं को पार करने की शक्ति : अनिल अग्रवाल

अग्रवाल ने कहा, 'मेरा हमेशा से मानना रहा है कि कला में सीमाओं को पार करने, लोगों को एकजुट करने और मानवीय अनुभव को उन्नत करने की शक्ति होती है। रिवरसाइड स्टूडियो भारतीय और वैश्विक कला और संस्कृति के प्रदर्शन के लिए एक प्रमुख ग्लोबल डेस्टिनेशन बन जाएगा।' अग्रवाल ने कहा, 'मैं भारतीय कलाकारों और फिल्म बिरादरी को इस विश्व प्रसिद्ध स्थल पर अपनी कलात्मक प्रतिभा और सिनेमाई गहराई का प्रदर्शन करने के लिए आमंत्रित करता हूं। ताकि वास्तव में समृद्ध अनुभव हो सके। विभिन्न क्षेत्रों के ग्लोबल लीडर्स के पास यहां अपने वास्तविक जीवन के अनुभवों और यात्रा से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने का अवसर है।'

## सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर निकाली जागरुकता रैली

# 'जान-माल की सुरक्षा को करें यातायात नियमों का पालन'

## पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव बोले ...हेलमेट पहने, सीट बेल्ट लगाएं



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिलेभर में सड़क सुरक्षा माह को लेकर आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के प्रयास जारी है। लोगों को अपनी व सभी की सुरक्षा के लिए यातायात नियमों के पालना की सलाह दी गई। नियम विरुद्ध संचालित कई वाहनों को चालान की कार्रवाई का सामना करना पड़ा। कई जगह रैली निकाल लोगों को जागरुक किया गया।

जिले में 31 जनवरी तक 'परवाह' थीम पर जारी सड़क सुरक्षा माह-के तहत बुधवार को जिला मुख्यालय व भीनमान सहित जिलेभर में जागरूकता रैलियों का आयोजन कर लोगों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। जिला मुख्यालय पर नगर परिषद परिसर जालोर से जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे व जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने जागरूकता रैली को रवाना किया। जागरूकता रैली में स्कूली बच्चों ने सड़क का सीधा सा रूल... उल्टा चलने की न करो भूल..., बिना हेलमेट के न निकलो सड़क पर..., सुरक्षा है हमारा अभिमान बहुत बड़ा..., गति सीमा का पालन करो सदा..., ओवरस्पीड से बचो... थोड़ा धीरे चलों जैसे नारों व संदेशों के माध्यम से लोगों को सड़क सुरक्षा व यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। रैली शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए राउप्रावि हनुमाशाला पहुंची। जहां जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचन्द्र यादव ने बच्चों को यातायात नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हेलमेट पहनना, सीट बेल्ट लगाना और गति सीमा का ध्यान रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा, जिला परिवहन अधिकारी जालोर छगनलाल मालवीय, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी गंगा कलावंत आदि मौजूद थे।



**भीनमाल।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जुजांणी में सड़क सुरक्षा माह को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के तहत विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी देकर यातायात नियमों की पालना करने की शपथ दिलाई गई। व्याख्याता उत्तमराज आचार्य ने विद्यार्थियों को यातायात नियमों की जानकारी दी। इससे पहले सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर विद्यार्थियों द्वारा रैली निकाली गई। रैली को प्राचार्य शांतिलाल जीनगर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उप प्राचार्य राजेश कुमार, मोहब्बतसिंह राव, प्रेम प्रकाश, अशोक कुमार, उत्तमसिंह राव, रायमलराम, सुशीला, विमला विश्नोई, रेणु जीनगर, दीपिका चौधरी, प्रियंका विश्नोई, पवन व्यास, रेवतसिंह आदि मौजूद थे।

## कलक्टर ने किया नेत्र जांच शिविर का अवलोकन

सड़क सुरक्षा माह के दौरान जिला प्रशासन, पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग व परिवहन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आमजन में जागरूकता के लिए भागली टोल नाका पर वाहन चालकों के लिए नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा 103 वाहन चालकों का नेत्र परीक्षण कर परामर्श दिया गया। शिविर में आदिनाथ फतेह ग्लोबल आइ हॉस्पिटल जालोर से आंखों की जांच टीम में डॉ. अनुराग ठाकुर, को-ऑर्डिनेटर हीराराम घुसर, अनिल कुमार व प्रवीण धवल आदि ने अपनी सेवाएं दी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने भागली टोल नाका पर आयोजित नेत्र जांच शिविर का अवलोकन कर चिकित्सकों को आवश्यक निर्देश दिए।

# शिक्षा विभाग की निष्पादन समिति की बैठक आयोजित



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**बागोड़ा।** मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में बुधवार को शिक्षा विभाग की निष्पादन समिति की बैठक का आयोजन किया गया। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी भगवानाराम विश्नोई ने कहा कि हम सब को मिलकर शिक्षण व्यवस्था को और बेहतर बनाना होगा। राज्य सरकार की सभी योजनाओं को समस्त विद्यार्थियों तक पहुंचाने के लक्ष्य को ध्यान में रख कर कार्य योजना बनाकर उसका समयबद्ध तरीके से क्रियान्वयन करना होगा। उन्होंने सभी शिक्षा अधिकारियों को विद्यार्थियों की अपार आइडी बनाने तथा आधार, जन आधार प्रमाणीकरण कार्य में गति लाने के निर्देश दिए। ब्लॉक आरपी हिंगलाजदान चारण ने बताया कि बैठक में यू डाइस, शाला दर्पण कर्मचारी सत्यापन, एनपीसीआइ सीडिंग, पेंशन प्रकरण, एसएनए पर व्यय राशि, प्रायोगिक परीक्षा, सेनेटरी नेपकिन स्कीम, सिलाई राशि सहित कई बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानाचार्य सुखराम खिलेरी, मोवनाराम, चंद्रपाल बिश्नोई, करणीदान चारण, दिलीप दवे, महेंद्र कुमार, ओमप्रकाश, आसूराम, भंवरलाल, कलाराम सहित कई संस्था प्रधान मौजूद रहे।

## करियर गाइडेंस सेमिनार 12 को

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** संत राजाराम भविष्य ज्ञान ज्योति फाउंडेशन द्वारा विद्यालय स्तर/ महाविद्यालय स्तर पर 40 ब्लॉकों में करवाई गई 11वीं भविष्य ज्ञान ज्योति प्रतिभा खोज परीक्षा का परिणाम फाउंडेशन की वेबसाइट पर जारी कर दिया गया है। फाउंडेशन अध्यक्ष सांवलाराम चौधरी विकास अधिकारी ने बताया कि जिलेवाइज जिलास्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें ब्लॉकस्तर से विद्यालय स्तर, महाविद्यालय स्तर पर प्रथम, द्वितीय रहने वाले विद्यार्थी जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सांचौर जिले की जिलास्तरीय क्विज प्रतियोगिता संत किशनाराम महाविद्यालय में रविवार को आयोजित की जाएगी। जिसमें सांचौर जिले के 9 परीक्षा ब्लॉक के विद्यार्थियों भाग लेंगे।

## जिला केलक्टर ने कोरा मे ंसुनी परिवेदनाएं




**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को भीनमाल उपखण्ड के कोरा में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

जिला कलक्टर डॉ. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, रोडवेज पास, सड़क, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने, जल जीवन मिशन के तहत कनेक्शन दिलवाने सहित 58 परिवाद प्रस्तुत किए। जिनको जिला कलक्टर ने गंभीरता पूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। भीनमाल तहसीलदार नीरज कुमारी, सरपंच खेमराज देसाई सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गुड़ामालानी को जिला बनाने की मांग

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**गुड़ामालानी।** भाजपा नेता जिला संघर्ष समिति के संयोजक एडवोकेट चंद्रप्रकाश शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा व राज्य मंत्री केके विश्नोई को ज्ञापन भेजकर गुड़ामालानी के 50-60 किलोमीटर के दायरे में आने वाली मालानी क्षेत्र की सीमांत 8 तहसीलों को मिलाकर गुड़ामालानी को नया जिला बनाने की फिर से मांग की है। शर्मा ने बताया कि मालानी क्षेत्र की अपनी एक अलग पहचान है। मालानी क्षेत्र की सीमांत तहसीलें जिला मुख्यालय से दूरी के कारण क्षेत्र के चौमुखी विकास से सदियों से वंचित रही है। क्षेत्र में लंबे समय से गुड़ामालानी को जिला बनाने की मांग भी चल रही है। लेकिन, पूर्ववर्ती सरकार ने राजनीतिक कारणों से गुड़ामालानी को जिला नहीं बनाया, जबकि नवीन जिलों के लिए गठित राम लुभाया कमेटी ने गुड़ामालानी को जिला बनाना प्रस्तावित किया था। शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने एक साथ 17 जिले बनाकर राज्य की अर्थव्यवस्था को संकट में डालने का तुगलकी फरमान जारी किया था। राज्य कि भाजपा सरकार ने राज्य हित में नए बने जिलों की समीक्षा कर जो जिले तकनीकी आधार व मापदंडों पर खरे नहीं उतर रहे थे उनको निरस्त किया जो सराहनीय है।

# एसडीएम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** उपखण्ड अधिकारी मनोज चौधरी ने बुधवार को जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। एसडीएम चौधरी ने कार्मिकों के उपस्थिति रजिस्टरों की जांच करने के साथ ही रजिस्ट्रेशन काउंटर, मेल मेडिकल वार्ड, फिमेल वार्ड, आइसीयू, सर्जिकल वार्ड, रामाश्रय वार्ड, ब्लड बैंक लैब एवं अस्पताल परिसर का निरीक्षण कर प्रमुख चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सालय में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने व मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों के निरीक्षण के दौरान मरीजों व उनके परिजनों से वार्ता कर अस्पताल में मिल रही सुविधाओं व उपचार के बारे में जानकारी ली। कार्मिकों को निर्देशित किया कि मरीजों को देय उपचार व सुविधाओं में किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरते। प्रमुख चिकित्साधिकारी डॉ. पूनम टांक आदि मौजूद थे।

## सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक के कैलेण्डर का किया विमोचन

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** सेंट्रल को-ऑपरेटिव बैंक द्वारा मुद्रित करवाए गए वर्ष-2025 के कैलेण्डर का विमोचन बैंक के प्रशासक एवं जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के.गावंडे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा, बैंक प्रबंध निदेशक ओमपालसिंह भाटी, उप रजिस्ट्रार सुनील वीरभान, बैंक अधिकारी महेन्द्रसिंह राव एवं चैनाराम परिहार द्वारा किया गया।

## बालिकाओं को वितरित की साइकिलें

**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** राजकीय बालिका उच्च प्राथमिक विद्यालय में बुधवार को नवम कक्षा में अध्यनरत 153 बालिकाओं को साइकिलों का वितरण किया गया। प्रधानाचार्य तेजाराम विश्नोई ने कहा कि साइकिलें मिलने से बालिकाओं को विद्यालय आने-जाने में किसी भी प्रकार की कठिनाई नहीं होंगी। उप प्रधानाचार्य जगदीश, व्याख्याता अमृतलाल, नरेशकुमार, जयनारायण प्रसाद, मंजुला गोस्वामी, कमल यादव, प्रतिभा भोजक, सांवलाराम, दलपतसिंह, दिलीपसिंह, शैलेषकुमार, अजमल व इंदिराकुमारी भी मौजूद थे।

# गोवंश की देखभाल को बैठक में लिए कई निर्णय



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** गोधाम पथमेड़ा में दत्तशरणानंद के सान्निध्य में गोशाला समूह संचालन मंडल की मासिक बैठक आयोजित कर गोवंश की देखभाल को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए हैं। संचालन मंडल के अध्यक्ष केवलाराम ने बताया कि कड़ाके की सर्दी में गोवंश के स्वास्थ्य की चिंता को देखते हुए बैठक में पौष्टिक आहार, घास-चारे के मिश्रण और मकर सक्रांति के अवसर पर गोग्रास संकलन जैसे मुद्दों पर विस्तृत चर्चा हुई। गोग्रास संकलन अभियान के लिए व्यापक प्रचार भी किया जाएगा। बैठक में वृद्ध और बीमार गायों को पोषक आहार देने का निर्णय लिया। इसके लिए सभी गोशालाओं में घास-चारे सहित पौष्टिक सामग्री का मिश्रण बनाकर गायों को खिलाया जाएगा। ताकि उन्हें संतुलित आहार मिल सके। राष्ट्रीय प्रवक्ता डूंगराराम पुरोहित ने कहा कि गोग्रास का उपयोग कई धार्मिक कार्यों और औषधियों में किया जाता है। गोग्रास संकलन से गोशालाओं के संचालन में मदद मिलेगी और सर्दी में गायों की सेवा के लिए माकूल व्यवस्था की जा सकेगी। बैठक में नंदरामदास, बलदेवदास, गोवत्स विट्ठल कृष्ण, प्रधान सचिव धनराज चौधरी, प्रबंध न्यासी अंबालाल सुथार, उदाराम वैष्णव, प्रवीण पुरोहित, मेघराज मोदी, भाखराराम विश्नोई, खेताराम माली, नागजीराम चौधरी, छोगाराम चौधरी, दामोदर अग्रवाल, पुरषोत्तम अग्रवाल व चंदनसिंह समेत संचालन मंडल के वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

# कुक कम हेल्परर्स ने की वेतन बढ़ाने की मा



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** कुक कम हेल्पर यूनियन की ओर से बुधवार को उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन देकर वेतन बढ़ाने की मांग की गई। ज्ञापन में बताया कि पिछले कई सालों से वेतन की बढ़ोतरी व बैंक खातों मे भुगतान की मांग की जा रही है। लेकिन, सरकार की ओर से इस गंभीर मुद्दों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रति माह एक तारीख को भुगतान करने तथा 60 वर्ष की अवधि पूरी होने पर पेंशन का भी लाभ दिया जाए। इससे पहले सभी ने वेतन कम होने तथा समय पर भुगतान नहीं देने पर रोष व्यक्त कर नारेबाजी की। कुक कम हेल्पर के प्रतिनिधि जैठाराम सेन ने आगामी दिनों में समय पर भुगतान नहीं किया तो विद्यालय में पोषाहार बनाने का बहिष्कार कर जिला कलेक्टर कार्यालय के बाहर धरना देने की चेतावनी दी। जिसमें जालोर, आहोर, सांचौर, रानीवाड़ा, चितलवाना, सरनाऊ, बागोड़ा, भीनमाल, जसवंतपुरा एवं सायला के सभी कुक हेल्पर सहयोग करेंगे। इस दौरान शांतिदेवी, पदमादेवी, सरियादेवी, रूपीदेवी, भीखीदेवी, नैनोदेवी, पवनीदेवी, घमूदेवी, दरियादेवी, गीतादेवी, बाबूदेवी, पिंकीदेवी, रहीसा बानो, वीर भारती, पुष्पा देवी, सुशीलादेवी, किशनाराम, सोहनलाला आदि मौजूद थे।

# शिविर में जांचा 153 मरीजों का स्वास्थ्य



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**जालोर।** भारतीय सेना की 13 इन्फेन्ट्री बटालियन द्वारा नंदीश्वर जैन बोर्डिंग में एक दिवसीय निःशुल्क आर्मी मेडिकल शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 153 रोगियों को लाभांवित किया गया। शिविर में भूतपूर्व सैनिक संस्थान एवं रोटरी क्लब का सहयोग रहा। नायब सूबेदार स्वरूपसिंह ने बताया कि शिविर में फिजिशियन मेजर राजीव रंजन व स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. माधवी द्वारा मरीजों की जांच कर परामर्श दिया। शिविर में सैनिकों के परिवार लाभांवित हुए। इस अवसर पर रोटरी क्लब के कानाराम, डॉ. पवन ओझा, भूतपूर्व सैनिक नरसाराम बोराणा, हवलदार प्रकाशसिंह, नर्सिंग असिस्टेंट नायक मूले, सेवानिवृत सूबेदार विरमाराम आदि उपस्थित रहे।

## स्पा सेंटर से चार युवतियां गिरफ्तार



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**भीनमाल।** पुलिस ने शहर में अवैध रूप से चल रहे स्पा सेंटर पर छापा मारकर चार युवतियों को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी रामेश्वरलाल भाटी ने बताया कि हैडकांस्टेबल बाबूलाल, महिला कांस्टेबल सोहिनी, समंदर, कांस्टेबल दिनेश कुमार, हनुमानाराम व शिवकरण ने रामसीन रोड स्थित स्पॉ सेंटर पर छापा मारकर चार भारतीय युवतियों को गिरफ्तार किया है।

# धरना 11वें दिन जारी: जाखल के ग्रामीणों ने दिया समर्थन



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** प्रदेश सरकार की ओर से सांचौर जिला खत्म करने के विरोध में सांचौर संघर्ष समिति के तत्वावधान में 11वें दिन बुधवार को भी धरना जारी रहा। जाखल के ग्रामीणों ने संघर्ष समति के समर्थन में धरना देकर सरकार से सांचौर जिले को पुनः बहाल करने की मांग की। ग्रामीणों ने सरकार द्वारा जिला खत्म करने पर रोष जाहिर करते हुए जिला वापिस देने की मांग को लेकर उपखंड अधिकारी प्रमोद कुमार चौधरी को ज्ञापन दिया। वक्ताओं ने कहा कि सरकारा द्वारा जिला खत्म करने का निर्णय किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। इसके लिए बड़े आंदोलन की जरुरत पड़ने पर हर संभव सहयोग देने की बात कही। सांचौर जिला भौगोलिक दृष्टि से मापदंड में खरा उतरता है, फिर भी राजय सरकार ने सांचौर जिले को खत्म कर दिया जो सांचौर क लोगों के साथ अन्याय है। पूर्व सरकार द्वारा गठित रामलुभाया कमेटी ने नवगठित जिलों में दूरी व आबादी को मानकर नए जिले गठित किए थे। जबकि वर्तमान भाजपा सरकार द्वारा कौनसे आधार पर जिलों को निरस्त किया गया कोई स्पष्ट नहीं है। सांचौर जिला बनने से जिला मुख्यालय नजदीक होने पर आमजन के लोगों के सभी जिले स्तर के कार्य जल्द होने लगे व आर्थिक बोझ भी ज्यादा नहीं रहा। इस दौरान पूर्व मंत्री सुखराम विश्नोई, संघर्ष समिति के अध्यक्ष भीमाराम चौधरी, जाखल महंत आत्माराम, सरपंच पूनमाराम विश्नोई, पूर्व सरपंच रामावतार मांजू, तुलसाराम पुरोहित, केसाराम मेहरा, शैतानसिंह ने संबोधित किया। सोहनलाल जानी, शंकरराम मेघवाल, गोवाराम देवासी,सोहनलाल सारण, जयकिशन सारण, फुसाराम, भगवानाराम , पाबूराम सहित कई लोग मौजूद रहे।

## सीबीईओ ने विद्यालय का किया आकस्मिक निरीक्षण



**जागरूक टाइम्स संवाददाता**

**सांचौर।** सरनाऊ सीबीइओ भंवरलाल विश्नोई ने बुधवार को राजकीय प्राथमिक विद्यालय पुर गोलिया का आकस्मिक निरीक्षण किया। जिसमें विद्यालय में कार्यरत दोनों अध्यापक उपस्थित मिले। विद्यालय में मिड डे मील सहित व्यवस्थाएं सुचारू पाई गई। प्रधानाध्यापक बाबूलाल खिलेरी, अध्यापिका मीना विश्नोई, बाबूलाल सारण, वार्ड पंच अभिभावक मांगीलाल सारण मौजूद रहे।

## सुविचार

लोग कुछ नई चीज देख कर उसके पीछे तो भागते है पर सफल धेर्यवान व्यक्ति ही होता है।

- अज्ञात

# जागरूक संपादकीय

## दावानल की लपटें

अमेरिकी देश कॉलिफोर्निया के जंगलों में उठी भयंकर आग की लपटों ने नजदीकी रिहायशी शहर लॉस एंजिल्स की घनी बसी आबादी वाले इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है। आग की लपटें इतनी जोरदार हैं कि इसने सैकड़ों घरों को अपनी चपेट में ले लिया है। आवासीय इलाकों और आसपास में लगी भीषण आग से बचने के लिए हजारों लोग अपने घर-द्वार छोड़कर भाग निकले हैं। इस नजारे से वहां अफरा-तफरी का माहौल बन गया है। लॉस एंजिल्स के पैसिफिक पैलिसेड्स इलाके में कई घर कुछ ही मिनटों में देखते ही देखते आग की लपटों में जलकर राख हो गए और उनके सामने खड़ीं सैकड़ों गाड़ियां पलभर में जलकर खाक हो गईं। मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया है कि आग का तांडव और मंजर देख लोग घबरा उठे और फौरन घर-बार छोड़कर भाग निकले। उनके मुताबिक, अचानक इलाके में भीषण ट्रैफिक जाम लग गया, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग अपने घरों को खाली करने की कोशिश कर रहे थे। इससे स्थिति और भी खराब हो गई और जब आग की लपटें तेजी से उनकी तरफ बढ़ती हुई दिखीं तो लोगों को अपनी-अपनी गाड़ियां सड़क पर ही छोड़कर पैदल भागने को मजबूर होना पड़ा। अमेरिकी अखबार वॉशिंगटन पोस्ट की रिपोर्टर ब्रायना सैक्स, जिन्होंने जंगल की आग के विजुअल्स सोशल मीडिया पर साझा किए हैं, ने बताया, "मैं 2017 से बार-बार आग लगने की घटना की रिपोर्टिंग कर रही हूं, लेकिन कभी ऐसी भयावह आग नहीं देखी जो रुक नहीं रही।" बता दें कि इस वक्त कैलिफोर्निया में तीन आग की घटनाएं घटित हुई हैं। इनमें पैसिफिक पैलिसेड्स की आग ने काफी खतरनाक रूप अख्तियार कर लिया है। CNN के मुताबिक, सड़कों पर भी आग की लपटों के कारण लोगों को समंदर किनारे शरण लेने पर मजबूर होना पड़ा है। कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम ने दक्षिणी कैलिफोर्निया के जंगल में लगी आग के बीच आपातकाल की घोषणा की है। गवर्नर के आदेश पर आग के बढ़ते प्रसार को देखते हुए लगभग 30,000 लोगों को वहां से दूसरी जगह शिफ्ट किया गया है। गवर्नर कार्यालय ने एक बयान में कहा कि दक्षिणी कैलिफोर्निया गुरुवार से खतरनाक हवाओं और अत्यधिक आग का सामना कर रहा है। गवर्नर गेविन न्यूसम ने आज पैसिफिक पैलिसेड्स का दौरा किया और स्थानीय और राज्य अग्निशमन अधिकारियों से मुलाकात की ताकि पैलिसेड्स आग के प्रति उनके रेस्क्यू ऑपरेशन को समर्थन दिया जा सके। जंगल में आग लगने की सूचना सबसे पहले लॉस एंजिल्स के एक समृद्ध आवासीय इलाके पैसिफिक पैलिसेड्स में सुबह के समय प्राप्त हुई। मंगलवार दोपहर तक आग 1,260 एकड़ (लगभग 5.1 वर्ग किमी) क्षेत्र में फैल चुकी थी।

### दिल्ली विधानसभा चुनाव-2025

# इस बार दिल्ली किसी के नजदीक नहीं...!!



लोकमित्र गौतम

पिछले एक पखवाड़े से किसी भी दिन दिल्ली विधानसभा चुनावों की घोषणा का जो इंतजार था, वह इंतजार गुजरी 7 जनवरी 2025 को खत्म हुआ। हाल की किसी भी चुनावी घोषणा से ज्यादा करीब डेढ़ घंटे चली प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने हालांकि दिल्ली विधानसभा चुनावों पर सिर्फ 10 मिनट ही बोले, लेकिन वोटर लिस्ट में गड़बड़ी, खास वर्ग के मतदाताओं का सूची से नाम हटाने और ईवीएम विवाद पर करीब 1 घंटा 20 मिनट बोले। बहरहाल जहां तक दिल्ली विधानसभा चुनावों से संबंधित आंकड़ों की बात है तो आगामी 10 से 17 जनवरी 2025 के बीच दिल्ली की 70 विधानसभाओं के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुरु होगी। 20 जनवरी 2025 को नाम वापस लिया जा सकता है और 5 फरवरी 2025 को एक ही चरण में सभी सीटों पर मतदान होगा तथा 8 फरवरी 2025 नतीजे घोषित होंगे, जिसमें जीत के लिए 36 सीटों का बहुमत पाना जरूरी होगा। इस बार दिल्ली के 1.55 करोड़ मतदाताओं के लिए 33,330 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। जहां तक मतदाताओं में लिंगवार संख्या का सवाल है तो 13.49 पुरुष और 71 लाख महिला मतदाता हैं। युवा मतदाताओं की संख्या करीब 26 लाख होगी जिनमें करीब 2.08 पहली बार वोट डालेंगे। यह तो हुई दिल्ली विधानसभा चुनावों के विभिन्न तथ्यों की बात। अब असली मुद्दे पर आते हैं कि इस बार के विधानसभा चुनाव पिछली दो बार के विधानसभा चुनाव से कैसे भिन्न होंगे?

- इमेज




दरअसल, पिछली दो बार दिल्ली विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी ने भारी बहुमत से जीत हासिल की थी और दोनों बार सबसे बुरा हाल वैसे तो दोनों ही पार्टियों यानी कांग्रेस और भाजपा का रहा, लेकिन कांग्रेस का तो बिल्कुल सूपड़ा ही साफ होता दिखा है। मसलन साल 2020 के विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को जहां 70 में से 62 सीटें मिली, वहीं भारतीय जनता पार्टी को 8 और कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी। जबकि इसके पहले 2015 में तो आम आदमी पार्टी ने और भी इन दोनों का सूपड़ा साफ किया था। तब भाजपा का विधानसभा चुनाव में नेतृत्व करने वाली किरण बेदी और कांग्रेस के अजय माकन भी बुरी तरह से हार गए थे। आम आदमी पार्टी ने 70 में से 67 सीटें जीती थीं और उसे कुल 54.3 फीसदी मत प्राप्त हुए थे। भाजपा को सिर्फ 3 सीटें मिली थीं। हालांकि 2020 के मुकाबले तब उसे सिर्फ 0.8 फीसदी ही वोट कम मिले थे। साल 2015 में भाजपा को दिल्ली विधानसभा चुनावों में 32.3 फीसदी वोट मिले थे। विस्तार में ये आंकड़े इसलिए कि इन आंकड़ों के आधार पर 2025 के दिल्ली विधानसभा चुनाव का विश्लेषण नहीं किया जा सकता।


इसकी वजह ये है कि 2025 में दिल्ली में मुकाबला तितरफा और कांटे का है। पहली बार दिल्ली में आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी दोनों में से कोई भी बाजी मार सकता है। इस कड़े दोहरे मुकाबले की सबसे बड़ी वजह कांग्रेस का मजबूत त्रिकोण है। जानकारों की मानें तो इस बार कांग्रेस हालांकि दिल्ली में सरकार बनाने की स्थिति में तो नहीं आएगी, लेकिन वह इस कदर नतीजों को प्रभावित करेगी कि आम आदमी पार्टी के लिए पिछले दो बार की तरह आसानी से चुनाव जीतना संभव नहीं होगा। इस चुनाव में सक्रिय भूमिका निभा रहे और पिछले दो बार के चुनाव में भी सक्रिय रहे राजनीतिक कार्यकर्ता एवं विश्लेषक रमेश शर्मा कहते हैं, 'इस बार उम्मीद है कि पिछले दो विधानसभा चुनावों से उलट कांग्रेस कम से कम 10 विधानसभा सीटें जीतेगी। साथ ही उसका वोट बैंक भी पिछले दो बार के चुनावों के मुकाबले 5 से 10 फीसदी तक ज्यादा होगा। इसकी वजह यह है कि इस बार कांग्रेस जबर्दस्त मजबूती के साथ चुनाव लड़ रही है और यह अपने आपमें रहस्य है कि कांग्रेसी उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता कहां से मिल रही है? कहीं कहीं तो दबी जुबान चर्चा यह भी है कि कांग्रेसी उम्मीदवारों को भाजपा से ही यह मदद मिल रही है ताकि किसी भी तरह से आम आदमी पार्टी को सत्ता से बेदखल किया जाए।' लेकिन अगर ऐसा हुआ तो शायद भाजपा की बजाय आम आदमी पार्टी को ज्यादा फायदा होगा। क्योंकि चोरी चुपके कांग्रेसी उम्मीदवार भाजपा से वित्तीय मदद हासिल भी कर लें तो भी वे चुनावों के बाद भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते, भले आम आदमी पार्टी को भी समर्थन न करें। ऐसी स्थिति में विधानसभा में बहुमत सिद्ध करने के दौरान वो मतदान से बाहर रहकर आम आदमी पार्टी को फायदा पहुंचा सकते हैं। कहने का मतलब यह कि अगर इन चुनावों में भाजपा किसी भी वजह से पूर्ण बहुमत हासिल नहीं करती, तो भी उसके लिए सरकार बनाना मुश्किल होगा। ऐसी स्थिति में सरकार आम आदमी पार्टी की ही बनती नजर आएगी। लेकिन यह अनुमान इतना ही आसान नहीं है, क्योंकि इस बार सचमुच दिल्ली विधानसभा के चुनाव कांटे के टक्कर के हैं। बहुजन समाजवादी पार्टी हमेशा की तरह इस बार भी सभी सीटों पर उम्मीदवार खड़े कर रही है, जाहिर है जो भाजपा को फायदा पहुंचाएंगे। दिल्ली के चुनाव इस बार इसलिए भी दिलचस्प हैं क्योंकि यह पहला मौका है जब प्रधानमंत्री मोदी भी अपनी पूरी ताकत से इस विधानसभा चुनाव में बैटिंग करते नजर आएंगे। क्योंकि तारीखों की घोषणा के पहले उन्होंने दिल्ली में जो दो बड़ी रैलियां की हैं, उससे यही अनुमान लगता है। लेकिन सब कुछ के बावजूद भी भाजपा के लिए यह आसान चुनाव नहीं होगा। हालांकि सूत्र बताते हैं कि इस बार पिछले दो बार के मुकाबले कई हजार ज्यादा संघ के कार्यकर्ता अपनी पूरी ताकत से चुनाव में मतदाताओं का मन बदलने के लिए उतरेंगे बल्कि करीब आधे तो अब तक उतर भी चुके हैं। साथ ही हाल में जिस तरह से भाजपा ने महाराष्ट्र और हरियाणा के विधानसभा चुनाव जीते हैं, उसका भी उसके पास अपर हैंड है।

## पंचांग

9 जनवरी 2025

- विक्रम संवत् - 2081
- शक संवत् - 1946
- ऋतु - शिशिर
- माह - पौष
- पक्ष - शुक्ल
- तिथि - दशमी 12.24 तक
- वार - गुरुवार
- नक्षत्र - भरणी 15.08 तक
- योग - साध्य 17.30 तक
- करण - वणिज 23.22 तक
- सूर्योदय - 07.15 (मुंबई)
- सूर्यास्त - 06.15 (मुंबई)
- सूर्योदय - 07.27 (भीनमाल)
- सूर्यास्त - 06.08 (भीनमाल)
- चंद्र राशि - मेष 20.47 तक
- अभिजित् मुहूर्त - 12.23 से 13.07
- राहु काल - 14.08 से 15.31
- व्रत, त्यौहार - वैधृति महापात 13.56 से 19.32 तक, रवियोग 15.08 तक, भद्रा 23.22 प्रारंभ, आचार्य जिनानंद सागर पुण्य खर गच्छ जैन
- दिशा शूल - दक्षिण

• शास्त्री प्रवीण त्रिवेदी, भीनमाल



## धर्म-कर्म

### मनुष्य के जीवन में रत्नों का महत्पूर्ण स्थान

हमारे जीवन में रत्नों का एक महत्वपूर्ण स्थान है। इनका प्रभाव हमारे जीवन के विभिन्न पहलुओं पर पड़ता है, जैसे स्वास्थ्य, समृद्धि, और मानसिक शांति। इनमें से एक खास रत्न है जमुनिया, जिसे अमेथिस्ट भी कहा जाता है। यह रत्न अपनी आकर्षक बैंगनी रंगत और शक्तिशाली गुणों के लिए जाना जाता है। ज्योतिष शास्त्र में इसे शनि ग्रह से जुड़ा हुआ माना गया है और यह शनि दोष को शांत करने में मदद करता है।

**किसे पहनना चाहिए जमुनिया रत्न?**

अमेथिस्ट या जमुनिया रत्न वृषभ, मिथुन, तुला, मकर और कुंभ राशि के जातकों के लिए शुभ माना जाता है। इन राशियों के जातकों को इस रत्न के प्रभाव से विशेष लाभ मिलता है। शनि दोष से प्रभावित लोग भी इस रत्न को धारण कर सकते हैं क्योंकि यह शनि के नकारात्मक प्रभाव को कम करने में मदद करता है।

**जमुनिया रत्न पहनने की विधि**

जमुनिया रत्न को पहनने की सही विधि का पालन करना जरूरी है। इसे विशेष रूप से शनिवार के दिन पहनना शुभ माना जाता है। इस दिन स्नान करने के बाद शनि देव की पूजा करनी चाहिए। पूजा के बाद, रत्न की अंगूठी को गंगाजल में डुबोकर शुद्ध कर लें। फिर, शनि देव के मंत्र "ऊं शं शनैश्चराय नमः" का जाप 108 बार करें। इस प्रक्रिया के बाद, अंगूठी को दाहिने हाथ की मध्यमा अंगुली में पहनें। इस विधि से रत्न के प्रभाव को पूरी तरह से महसूस किया जा सकता है। जमुनिया रत्न पहनने से जीवन में कई सकारात्मक बदलाव आते हैं। यह न सिर्फ शनि दोष को शांत करता है, बल्कि नकारात्मक ऊर्जा को भी दूर करता है। इसके धारण करने से व्यक्ति का मन काम में लगने लगता है और मानसिक शांति मिलती है। इसके अलावा, यह रत्न घुटने, कंधे या रीढ़ की हड्डी की समस्याओं से राहत दिलाने में भी सहायक है, जो शनि दोष के कारण उत्पन्न होती हैं।



## गीता सार

**सदृशं चेष्टते स्वस्याः प्रकृतेर्ज्ञानवानपि ।**
**प्रकृतिं यान्ति भूतानि निग्रहः किं करिष्यति ॥**


**भावार्थ :**

सभी मनुष्य प्रकृति के गुणों के अधीन होकर ही कार्य करते हैं, यद्यपि तत्वदर्शी ज्ञानी भी प्रकृति के गुणों के अनुसार ही कार्य करता दिखाई देता है, तो फिर इसमें कोई किसी का निराकरण क्या कर सकता है?

## तारीख विशेष

### हरगोविंद खुराना

हरगोबिंद खुराना एक भारतीय अमेरिकी जैव रसायनज्ञ थे जिन्होने अणुजैविकी (मॉलीक्यूलर बॉयोलॉजी) के क्षेत्र में युगांतकारी शोध किए। विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालय,अमरीका में अनुसन्धान करते हुए, उन्हें 1968 में मार्शल डब्ल्यू निरेनबर्ग और रॉबर्ट डब्ल्यू होली के साथ फिजियोलॉजी या मेडिसिन के लिए नोबेल पुरस्कार सयुक्त रूप से मिला। उनके द्वारा न्यूक्लिक एसिड में न्यूक्लियोटाइड का क्रम खोजा



गया, जिसमें कोशिका के अनुवांशिक कोड होते हैं और प्रोटीन के सेल के संश्लेषण को नियंत्रित करता है। हरगोविंद खुराना और निरेनबर्ग को उसी वर्ष कोलंबिया विश्वविद्यालय से लुइसा ग्रॉस हॉर्वित्ज़ पुरस्कार भी दिया गया था। भारत में पैदा हुए, हरगोविंद खुराना ने उत्तरी अमेरिका में तीन विश्वविद्यालयों के संकाय में कार्य किया। वह 1966 में संयुक्त राज्य अमेरिका के नागरिक बन गए और 1987 में विज्ञान का राष्ट्रीय पदक प्राप्त किया। उन्का जन्म अविभाजित भारतवर्ष के रायपुर (जिला मुल्तान, पंजाब) नामक कस्बे में 9 जनवरी 1922 में हुआ था। पटवारी पिता के चार पुत्रों में ये सबसे छोटे थे। प्रतिभावान विद्यार्थी होने के कारण विद्यालय तथा कालेज में इन्हें छात्रवृत्तियां मिलीं। पंजाब विश्वविद्यालय से सन् 1943 में बी. एस-सी. (आनर्स) तथा सन् 1945 में एम. एस-सी. (ऑनर्स) परीक्षाओं में ये उत्तीर्ण हुए तथा भारत सरकार से छात्रवृत्ति पाकर इंग्लैंड गए। यहां लिवरपूल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर ए. रॉबर्टसन् के अधीन अनुसंधान कर इन्होंने डाक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। इन्हें फिर भारत सरकार से शोधवृत्ति मिलीं और ये जूरिख (स्विट्सरलैंड) के फेडरल इंस्टिटयूट ऑव टेक्नॉलोजी में प्रोफेसर वी. प्रेलॉग के साथ अन्वेषण में प्रवृत्त हुए। भारत में वापस आकर डाक्टर खुराना को अपने योग्य कोई काम न मिला। हारकर इंग्लैंड चले गए, जहां कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय में सदस्यता तथा लार्ड टाड के साथ कार्य करने का अवसर मिला।

### नदी गाथा- 3

# दक्षिण भारत की गंगा 'सदा नीरा कावेरी'

वीना गौतम

नदियां जीवनदायिनी होती हैं। नदी किनारे ही इंसान जन्मा है दुनिया में जितनी भी सभ्यता एवं संस्कृतियां हैं वे सभी नदियों के किनारे ही फली-फूली हैं। धरती में नदियों के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। लेकिन जलवायु परिवर्तन, बढ़ती आबादी और नदियों के प्रति आम लोगों की उदासीनता के चलते धरती में जल संकट तो गहराया ही है, अब नदियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इसलिए नदियों का न केवल संरक्षण जरूरी है बल्कि हमें अपनी नई पीढ़ियों को इनके प्रति संवेदनशील भी बनाना जरूरी है ताकि इनका अस्तित्व बचा रहे और धरती में इंसानी सभ्यता और संस्कृति भी हमेशा की तरह फलती फूलती रहे।

इन दूरगामी मानवीय उद्देश्यों की पूर्ति हेतु नदी गाथा मासिक कालम के तहत प्रस्तुत है इस बार दक्षिण भारत की गंगा कही जाने वाली कावेरी नदी का भौगोलिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक महत्व।

दक्षिण भारत की गंगा कही जाने वाली कावेरी नदी के बारे में स्कंद पुराण के कावेरी माहात्म्य खंड में कहा गया है-

कावेरी विमला पुन्न्या जाह्ववीत्यथवा स्मृता।
सरिद्राज्ञी सदा भक्त्या सेविता सुरसिद्धिभिः।।

अर्थात पवित्र नदी कावेरी निर्मल और पुण्यदायिनी है। देवताओं और सिद्ध पुरुषों द्वारा पूजित यह सभी का कल्याण करती है। इस उल्लेख से पता चलता है कि दक्षिण भारत के लिए कावेरी का वही महत्व है,जो भौगोलिक, ऐतिहासिक, धार्मिक, सांस्कृतिक और आर्थिक महत्व उत्तर भारत के मैदानी भाग के लिए गंगा का, पूर्वोत्तर भारत के लिए ब्रह्मपुत्र का, पश्चिमी भारत के लिए नर्मदा का और उत्तर पश्चिम भारत के लिए सिंधु नदी का है। कहने की जरूरत नहीं है कि कावेरी का दक्षिण भारत के लिए हर लिहाज से बहुत ज्यादा महत्व है। कर्नाटक के कोडागु ज़िले में स्थित चेरंगला गांव के पास ब्रह्मगिरि पर्वत श्रृंखला से निकलने वाली कावेरी नदी, दक्षिण भारत के तीन राज्यों कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल तथा एक केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में बहती है और अपने उद्गम से करीब 800 किलोमीटर दूर बंगाल की खाड़ी में गिरती है। कावेरी नदी के बेसिन का कुल क्षेत्रफल 81,155 वर्ग किलोमीटर है, जो देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का लगभग 2.7 प्रतिशत है।

कावेरी नदी तमिलनाडु के 43,868 वर्ग किलोमीटर, कर्नाटक के 34,373 वर्ग किलोमीटर, केरल के 2,866 वर्ग किलोमीटर तथा पुडुचेरी के 148 वर्ग किलोमीटर क्षेत्रफल को सिंचाई और पेयजल का महत्वपूर्ण स्रोत है। कावेरी की सहायक नदियों में उसमें बायीं तरफ से आकर मिलने वाली हेमावती, शिम्सा, अर्कावती और दायीं दिशा से आकर उसमें मिलने वाली काबिनी, भवानी, नोय्यल और अमरावती हैं। कावेरी नदी के किनारे बसे हुए महत्वपूर्ण शहरों में तालकावेरी, भागमंदाला, जितेमद्र, श्रीरंगपट्टन, मुथथी, मेकेडाटू, होगेनक्काल, मेट्टूर, भवानी, इरोड, करूर, नामक्कल, त्रिचुरापल्ली, तंजावुर और कुंभकोणम हैं। कावेरी नदी के किनारे बसा हिंदुओं के सबसे पवित्र शहरों में से एक त्रिचुरापल्ली है, जो बहुत बड़ा तीर्थ है। कावेरी नदी के डेल्टा पर बहुत उन्नत किस्म की खेती होती है इसलिए कर्नाटक और तमिलनाडु में कावेरी के पानी को लेकर हमेशा एक विवाद बना रहता है। जिसे देश के लोग कावेरी जल विवाद के नाम से जानते हैं। प्राचीन तमिल साहित्य में पुन्नी नदी के नाम से जाने वाली कावेरी में बहकर आयी जो महीन गाद जमा होती है, वह इसे बेहद उर्वर नदी बनाती है।

23,908 घन फीट/से. के प्रवाह से बहने वाली कावेरी के भौगोलिक महत्व को इस बात से ही जाना जा सकता है कि यह कर्नाटक में कर्नाटक कृषि की जीवनरेखा और तमिलनाडु में तमिलनाडु कृषि की जीवनरेखा मानी जाती है। कावेरी नदी का जल दोनों प्रदेशों के लाखों किसान परिवारों की आजीविका का साधन है। दक्षिण भारत में सर्वाधिक चावल, गन्ना और दालों की आपूर्ति कावेरी नदी की सिंचित कृषि भूमि क्षेत्र से ही होता है। इस पर जहां कर्नाटक में कृष्णराज सागर नामक विशाल बांध बना हुआ है, वहीं तमिलनाडु में इस पर मेट्टूर नामक विशाल बांध बनाया गया है, जो दोनो प्रदेशों में सिंचाई के साथ साथ विद्युत उत्पादन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कावेरी नदी में बड़े पैमाने पर मत्स्य पालन भी होता है, जिससे लाखों लोगों को रोजगार मिलता है। जहां तक कावेरी के धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व की बात है तो इसे यूं ही दक्षिण भारत की गंगा नहीं कहा जाता, इसके तट पर कई ऐसे प्राचीन मंदिर स्थित हैं, जिनकी धार्मिक और सांस्कृतिक प्रतिष्ठा बहुत ज्यादा है। तमिलनाडु का श्रीरंगम मंदिर जो भगवान विष्णु को समर्पित है और हिंदू धर्म के सबसे पवित्र स्थानों में से एक माना जाता है, वह कावेरी तट पर ही स्थित है।

कर्नाटक में हर साल कावेरी पुष्कर नामक जो उत्सव मनाया जाता है, उसके तहत लाखों लोग पवित्र कावेरी नदी में स्नान करते हैं।

अगर कावेरी के ऐतिहासिक महत्व को देखना हो तो प्राचीन तमिल संगम साहित्य में देखा जा सकता है। चोल, चेर और पांड्य साम्राज्यों के समय में कावेरी नदी के किनारे समृद्ध परंपराएं विकसित हुईं। चोलवंश ने कावेरी के जल का उपयोग करते हुए उन्नत किस्म की सिंचाई प्रणाली विकसित की थी, जो उनके दक्षिण भारत में सबसे ज्यादा समृद्ध होने का आधार था। कावेरी नदी का क्षेत्र नृत्य, संगीत और लोककथाओं से भरा पूरा है। यह दक्षिण भारतीय संस्कृति और परंपराओं का केंद्र है और अगर इसके आर्थिक महत्व को समझना हो तो कावेरी नदी जल विवाद से समझा जा सकता है कि यह कैसे भारत के दो समृद्ध राज्यों कर्नाटक और तमिलनाडु की समृद्धि का आधार है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कंदपुराण में कावेरी को सरिद्राज्ञी क्यों कहा गया है? वास्तव में यह सिर्फ तमिलनाडु और कर्नाटक की ही नहीं बल्कि समूचे दक्षिण भारत की आर्थिक, सांस्कृतिक आधार की रीढ़ है। इसलिए कावेरी दक्षिण भारत की सबसे महत्पूर्ण नदी है।

**(लेखिका विशिष्ट मीडिया एवं शोध संस्थान, इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर में कार्यकारी संपादक हैं)**

**-इमेज रिफ्लेक्शन सेंटर**

## पाठक पाती

### बाजार में निकलें तो सतर्कता से

बाजारों में आधुनिकता के तमाम खतरे मौजूद है जरा सी असावधानी जी का जंजाल बन सकती है। सरकार के लाख कड़ी कार्रवाई के दावों के बावजूद बाजार में चीनी मांझा धड़ल्ले से बिक रहा है। मकर संक्रांति के नजदीक आते इस समय पतंगबाजी का सुरूर चढ़ा हुआ है। सुबह से शाम तक आकाश रंग बिरंगी पतंगों से पटा नजर आता है। यह त्यौहार का उत्साह है जो होना भी चाहिए मगर इन पतंगों को उड़ाने में जिस चीनी धागों का उपयोग हो रहा है वह जानलेवा है। चाकू से भी तेज धागा शरीर को लगते ही उसे बुरी तरह काट देता है। इससे होने वाली घटनाओं की खबरें आए दिन सुर्खियां बनती है। इसके अलावा आकाश में उड़ने वाले पंछी भी धागे में उलझ कर तड़प तड़प कर मर जाते हैं। आज हालात यह है कि वाहनों से बाजार में निकलते अगर सावधानी नहीं रखी तो धागे में उलझ कर राहगीर दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। जब घटित घटनाओं पर हो हल्ला मचता है तब सरकार आनन-फानन कारवाई करके फिर अगली घटना का इंतजार करने लगती है। इससे न समस्या का समाधान होता है न दुर्घटनाएं रूकती है। ऐसे में जरूरी यह हो जाता है कि जब इस प्रकार की घटना घटित हो पतंग उड़ने में चीन के धागे का इस्तेमाल करने वाले के खिलाफ भी कड़ी कानूनी कार्रवाई हो। बेचने वालों को कड़ी सजा के साथ बड़ा आर्थिक दंड लगाया जाना चाहिए। लगातार घटती घटनाएं लोगों को सचेत करती है कि जानलेवा चीनी मांझे के इस्तेमाल करने से लोग बाज़ आए।

- अमृतलाल मारू 'रवि' इंदौर मप्र

**पाठकनामा के लिए आप भी हमें अपने विचार ई-मेल या फैक्स द्वारा भेज सकते हैं।**

ई-मेल jagruktimes@gmail.com

## बोले तो...



विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों में परम्परागत छात्रसंघ की बजाय युवा संसद को प्रमोट करना चाहिए। इससे नई पीढ़ी को आगे बढ़ाया जा सके। सार्वजनिक जीवन में संवाद की कला अत्यंत महत्वपूर्ण है। राजनेता वही सफल हो सकता है, जिसमें संवाद की कला हो।

- योगी आदित्यनाथ



इस बात में कोई शक नहीं है कि आतंकवाद आज विश्व के लिए सबसे प्रमुख चुनौती बन गया है। यह वैश्विक और राष्ट्रीय शांति के लिए एक खतरा बन गया है। हम सभी को आतंकवाद के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करनी चाहिए। आतंकवाद से लड़ने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की जरूरत है।

डा. एस जयशंकर



हिमाचल प्रदेश में बीते कुछ समय के दौरान बंद या मर्ज हुए 1094 स्कूलों में पढ़ने वाले 674 बच्चों ने अन्य जगह दाखिले ले लिए हैं। दाखिले नहीं लेने वाले 60 बच्चों की पहचान करने का काम जारी है। प्रारंभिक जांच के अनुसार यह प्रवासियों के बच्चे थे, जो सर्दियों में अपने राज्यों में लौट गए हैं।

- रोहित ठाकुर

## कुछ अलग | अजब गजब

# लड़की से छेड़छाड़ करना अब पड़ेगा भारी, नन्हें बालक का आविष्कार करेगा कमाल

पंचमहल के नवानदिसर गांव के रहने वाले 14 वर्षीय जयदेव बिलदार ने लड़कियों की सुरक्षा के लिए एक अनोखा जूता बनाया है। यह जूता किसी भी लड़की को छूने वाले को बिजली का झटका देता है। आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले जयदेव ने इस जूते को एक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया।

**टीवी और इंटरनेट से मिली प्रेरणा**

जयदेव ने बताया कि उन्होंने टीवी और इंटरनेट पर लड़कियों के साथ होने वाले उत्पीड़न की खबरें देखीं, जिससे उन्हें यह विचार आया।

उन्होंने सोचा कि इस समस्या का कुछ समाधान करना चाहिए। इसके लिए मैंने इसे एक प्रोजेक्ट के रूप में चुना। उन्होंने अपने शिक्षकों की मदद ली और जूते के तले में फिट होने वाले आवश्यक उपकरण ऑनलाइन खरीदे।

**जूते की तलाश में मिली मदद**

जूते में उपकरण फिट करने के लिए



उपयुक्त जूता ढूंढना चुनौतीपूर्ण था। इस दौरान गोधरा के प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. सुजात वली ने उन्हें एक जोड़ी वाले जूते प्रदान किए।

**शिक्षकों ने की तारीफ**

नवानदिसर प्राइमरी स्कूल के सहायक मुख्य शिक्षक गोपाल पटेल ने कहा कि जयदेव का यह नवाचार और उनकी सामाजिक संवेदनशीलता काबिले तारीफ है। उन्होंने बताया, "हम बच्चों को ऐसी समस्याएं देते हैं, जिनके समाधान वे खुद ढूंढते हैं। यह हमारे पाठ्यक्रम का हिस्सा है। हम उन्हें सीधी राह नहीं दिखाते, बल्कि उनकी कल्पनाशक्ति को प्रोत्साहित करते हैं।"

**बिजली के झटके वाला जूता**

जयदेव ने बताया कि यह जूता इलेक्ट्रिकल टेस्टर के सिद्धांत पर काम करता है। "जैसे हम टेस्टर को सॉकेट में डालते हैं और झटका नहीं लगता, वैसे ही यह जूता पहनने वाले को झटका नहीं देगा। लेकिन अगर कोई लड़की को छूने की कोशिश करेगा, तो उसे जोरदार झटका लगेगा।" उन्होंने कहा, इसके लिए उन्होंने हाई वोल्टेज जेनरेटर जैसे उपकरण ऑनलाइन खरीदे।

**प्रदर्शनी में दिखाया जूता**

यह जूता कालोल में लोक विज्ञान केंद्र द्वारा आयोजित शिक्षा कार्निवल में प्रदर्शित किया गया। प्रदर्शनी में आए कई उत्सुक दर्शकों ने जूते का टेस्ट भी लिया और झटका महसूस किया। जयदेव ने कहा कि वह आगे विज्ञान विषय में पढ़ाई करना चाहते हैं और रोबोटिक्स सीखने की ख्वाहिश रखते हैं। उनका यह नवाचार उनकी सोच और उनकी मेहनत का अद्भुत उदाहरण है।

नारायण पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक-प्रकाशक-हेमल पुरोहित द्वारा एआईएस प्रिंटिंग सोल्यूशंस, प्लॉट नं. ए-544, टीटीसी इंडस्ट्रीयल एरिया, ठाणे-बेलापुर रोड, महापे, नवी मुंबई 400709 से मुद्रित एवं प्रिमाइसेस नं. 1303/चेंबर्स, 13वां माला, वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे मेट्रो स्टेशन के पास, अंधेरी-कुर्ला रोड, अंधेरी (पूर्व), मुंबई 400 099 से प्रकाशित, पोस्टल रजि. MCN/325/2023-24, (चकाला MIDC पी.ओ.) रजि. नं. MAHHIN/2004/13755, संपादक-हेमल पुरोहित, स्थानीय संपादक-नीरज दवे, फोन : 022-46024646, ईमेल : jagruktimes@gmail.com

# शिवाजी के प्रतिभाशाली छात्रों का परचम, ओलंपियाड में 12 गोल्ड सहित 20 मेडल जीतकर रचा इतिहास



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** शिवाजी करियर इंस्टीट्यूट के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया। SOF द्वारा आयोजित साइंस ओलंपियाड और MOF NCT दिल्ली द्वारा आयोजित मैथमेटिक्स ओलंपियाड में संस्थान के छात्रों ने कुल 20 पदक हासिल किए, जिनमें 12 स्वर्ण, 4 रजत, और 4 कांस्य पदक शामिल हैं। **गोल्ड मेडल विजेता छात्र :** आन्या छिपा, लक्षित खरा , दिव्यांशी यादव, रोहित कसाना, हर्ष दीक्षित, प्रिंसी लांबा, सिद्धार्थ शर्मा, विकास यादव, कृष्ण यादव और नंदिनी कुमावत। संस्थान के अन्य मेधावी छात्रों ने 4 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। यह उपलब्धि इन छात्रों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। इस गौरवशाली उपलब्धि के उपलक्ष्य में शिवाजी करियर इंस्टीट्यूट में आज एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. आर.एस. मानावत (वरिष्ठ बाल रोग विशेषज्ञ) और डॉ. अनिल चौधरी (हृदय रोग विशेषज्ञ, निम्स हॉस्पिटल, जयपुर) उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने छात्रों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों से कहा कि इस तरह की उपलब्धियां न केवल व्यक्तिगत सफलता का प्रतीक हैं, बल्कि ये देश और समाज के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। संस्थान के निदेशक सुनील शर्मा ने इस अवसर पर छात्रों की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य हमेशा से छात्रों को उनकी पूरी क्षमता तक पहुंचने में मदद करना है। ये मेडल सिर्फ जीत का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि यह दिखाते हैं कि मेहनत और समर्पण से कुछ भी संभव है। संस्थान के सीएमडी इंद्राज चोपड़ा ने इस अवसर पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा, यह सफलता हमारी पूरी टीम की मेहनत और छात्रों की लगन का परिणाम है। शिवाजी करियर इंस्टीट्यूट हमेशा से ही छात्रों को श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए प्रेरित करता रहा है और यह उपलब्धि हमारी गुणवत्ता की गवाही है। संस्थान का योगदान और भविष्य की योजनाएं शिवाजी करियर इंस्टीट्यूट के इस शानदार प्रदर्शन ने न केवल संस्थान बल्कि पूरे क्षेत्र में गर्व का माहौल बना दिया है। संस्थान ने यह भी घोषणा की कि आगे चलकर और अधिक छात्रों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। कार्यक्रम का समापन विजेताओं को मोमेंटो देकर किया गया। साथ ही, सभी छात्रों को यह संदेश दिया गया कि मेहनत और अनुशासन ही सफलता की कुंजी हैं। यह सफलता न केवल छात्रों बल्कि पूरे संस्थान के लिए प्रेरणा का स्रोत बनी है। शिवाजी करियर इंस्टीट्यूट ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि यदि सही मार्गदर्शन मिले तो छात्र असंभव को भी संभव कर सकते हैं।

# जरूरतमंदों को कंबल वितरण कार्यक्रम आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** ऑल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष संजय खान घांघू ने कहा की चूरू जिला मुख्यालय के उस्मानाबाद कॉलोनी में आल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान चूरू की ओर से सर्वसमाज में सहयोग करूणा मानवता सहानुभूति का संदेश देते हुए वंचितों एवं जरूरतमंद लोगों को अत्यधिक ठंड से बचाव हेतु आशा की किरण के रूप में 125 कम्बल वितरित की गई। कम्बल वितरित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत राणासर के सरपंच मजिद खान राणासर थे। अति विशिष्ट अतिथि समाजसेवी एवं भामाशाह रफीक खान मेहरी थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मजिद खान राणासर ने कहां की गरीबों की सेवा पुनीत कार्य है उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्य करने से आत्म संतुष्टि मिलती है और हर समर्थ व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के हिसाब से जन सेवा के लिए आगे आना चाहिए। अति विशिष्ट अतिथि रफीक खान मेहरी ने कहां कि यह मानवता की सेवा का एक अनुकरणीय प्रयास है, जो दूसरों को भी जनसेवा एवं जन कल्याण के लिए प्रेरित करेगा। आल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान चूरू के अध्यक्ष संजय खान ने कहा कि कंबल वितरण कार्यक्रम जरूरतमंदों को सम्बल प्रदान करने के साथ-साथ समाज के लिए सहानुभूति, प्रेम और बलिदान का संदेश देता है। इस अवसर पर पार्षद शाहरुख खान, मकसूद खान, इमरान खान, खादिम, निजामुद्दीन खान, आसिफ लुहार, इंतजार माजूका, शाकिर लुहार, खुर्शीद अहमद, आदिल खान, हसन सोलंकी, रफीक सोलंकी, शरीफ मणीयार, असगर गुर्जर, सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट सद्दाम हुसैन ने किया तथा आल युवा मुस्लिम सेवा संस्थान के जिला अध्यक्ष संजय खान घांघू ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## न्यूज़ ब्रीफ

### जिले में धातु एवं सिंथेटिक मांझे की थोक एवं खुदरा बिक्री निषेध

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** जन स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं मानव, पशु, पक्षियों की जान के खतरे तथा विद्युत प्रसारण को बाधा रहित बनाये रखने हेतु धातु निर्मित मांझा, पतंग उड़ाने के लिये पक्का धागा, नायलोन, प्लास्टिक मांझा, चाईनीज मांझा जो सिंथेटिक व टोक्सीक मेटेरियल तथा आयरन पाउडर ग्लास पाउडर के बने होते हैं उनके उपयोग एवं विक्रय पर रोक लगाई गई है। जिला मजिस्ट्रेट श्रीनिधि बी टी ने नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन स्वास्थ्य व विद्युत संचालन बाधारहित बनाएं रखने एवं पक्षियों के लिये बड़े पैमाने पर खतरा बन चुके धातु निर्मित मांझे की थोक एवं खुदरा बिक्री तथा जिले की राजस्व सीमा व क्षेत्राधिकारिता में उपयोग पर प्रतिबंध लगाये जाने के आदेश दिये हैं। साथ ही पक्षियों को नुकसान से बचाने के लिए प्रातः 6 से 8 बजे तथा सायं 5 से 7 बजे की समयावधि में पतंगबाजी पर भी प्रतिबंध रहेगा।

### अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन आज

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** आमजन की परिवेदनाओं व समस्याओं का समयबद्ध तरीके से समाधान हेतु 9 जनवरी गुरुवार को पंचायत समिति स्तर पर प्रातः 10 बजे से सायं 4:30 बजे तक अटल जन सेवा शिविरों का आयोजन किया जायेगा। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी द्वारा पंचायत समिति बाड़ी के अटल जन सेवा शिविर में भाग लिया जायेगा।

### दलित, आदिवासी प्रोत्साहन योजना-2022 के तहत विशेष जागरूकता शिविर होंगे आयोजित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी प्रोत्साहन योजना-2022 के तहत 9 जनवरी गुरुवार को विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन को प्रातः 11 बजे से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान मचकुंड रोड धौलपुर में किया जायेगा। राज्य सरकार द्वारा संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी प्रोत्साहन योजना-2022 के तहत विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार गतिविधियों के लिये 25 लाख रुपये के ऋण पर 9 प्रतिशत, 5 करोड़ रुपए के ऋण पर 7 प्रतिशत एवं 10 करोड़ रुपये के ऋण पर 6 प्रतिशत ब्याज अनुदान राज्य सरकार की ओर से दिया जायेगा। साथ ही परियोजना लागत का 25 प्रतिशत या 25 लाख रुपये तक मार्जिन मनी अनुदान का प्रावधान किया गया है। योजना के तहत इच्छुक अभ्यर्थी अधिक से अधिक शिविर में भाग ले सकते हैं। शिविर में योजनान्तर्गत पात्र अभ्यर्थियों के ऋण आवेदन पत्र तैयार कराये जाएंगे।

### 15 जनवरी तक कराएं पेंशन सत्यापन, बिना सत्यापन अटकेंगी पेंशन सहायता राशि

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**धौलपुर।** समाजिक सुरक्षा पेंषन योजनान्तर्गत सम्मिलित राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना, राष्ट्रीय निःशक्त पेंशन योजना, राष्ट्रीय विधवा पेंषन योजना, राजस्थान सामाजिक सुरक्षा लघु एवं सीमान्त वृद्धजन कृषक सम्मान पेंषन योजना, मुख्यमंत्री एकल नारी सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन सम्मान पेंशन योजना, मुख्यमंत्री वृद्धावस्था सम्मान पेंशन योजनान्तर्गत जिले के कुल 41 हजार 884 लाभार्थियों का पेंशन सत्यापन बकाया है।

# आराध्य देव भगवान गणेश को लड्डुओं का लगाया भोग, प्रसाद किया वितरित

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चौमूं।** श्री गिरिराज परिक्रमा सेवा समिति चोमू द्वारा हाल ही में आयोजित 22 वा वार्षिक विशाल भंडारा निर्विघ्न सम्पन्न होने के उपलक्ष्य पर बुधवार को गढ़ स्थित गणेश मंदिर में समिति के पदाधिकारियों एव सदस्यों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ लड्डुओ का भोग लगाया एव प्रसाद वितरण किया गया। समिति के सदस्य एव मीडिया प्रभारी डॉ.के एल कुमावत ने बताया कि श्री गिरिराज परिक्रमा सेवा समिति द्वारा गिरिराज धाम गोवर्धन में आयोजित भंडारे में सहयोग करने वाले सभी लोगों को मिठाई वितरित की गई एव आभार व्यक्त किया गया। इस मौके पर भंडारे का ऐतिहासिक सफल आयोजन संपन्न होने पर समिति के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने समिति अध्यक्ष विष्णु बजाज का साफा व दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष विष्णु बजाज संरक्षक छीतरमल बबेरवाल, महेश कुमार कुमावत, गणपत लाल मीणा, ललित कुमार शर्मा, विष्णु शर्मा, रामधारी शर्मा, सुकेश चौबे, डॉ.अनिल कुमार शर्मा, सुरज मल यादव, रामवतार बागड़ा, राजीव चौधरी, हनूमान सहाय कुमावत, श्याम लाल कुमावत, रमेश शर्मा, सन्तोष सैनी, मनोज़ कुमावत सहित अनेक कार्यकर्ता व सदस्य मौजूद थे।

## विनोद चारण को पीएचडी की उपाधि

**चूरू।** विनोद दान चारण को जगदीश प्रसाद झाबरमल टिबरेवाला विश्वविद्यालय ने पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। उन्होंने अपना शोध कार्य डॉ राकेश कुमार के निर्देशन में पूरा किया। उन्होंने अपना शोध कार्य रसायन विज्ञान विषय में शीर्षक एक्सट्रैक्शन ऑफ लॉसन फ्रॉम हीना लीव्स एंड स्टडी द एंटीमाइक्रोबल एंड डाईंग प्रॉपर्टीज ऑफ लॉसन ड्राइव कंपाउंडस पर रहा है। उन्होंने इस उपाधि के लिए अपने गुरुजी संजयनाथ जी, पत्नी कल्पना पालावत एवं सभी सहयोगीयो का आभार व्यक्त किया है।

# परवाह करेंगे तभी सुरक्षित रहेंगे, 200 से अधिक वाहनों पर लगाए रिफ्लेक्टर




**धौलपुर।** जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी के निर्देशन में मनाये जा रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत जिला परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग द्वारा आठवें दिन बरैठा चौकी पर रिफ्लेक्टर अभियान का आयोजन किया गया। जिसमें परिवहन निरीक्षक सतवीर सिंह ने वाहन चालकों को रोक कर उनसे समझाइश की और उनसे यातायात नियमों की पालन करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि भीषण सर्दी के समय अत्यधिक कोहरा हो जाने के कारण विजिबिलिटी कम हो जाती है। ऐसे में यदि वाहनों पर रिफ्लेक्टर लगे हों और खास करके ट्रैक्टर ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर लगे हों तो दुर्घटनाओं की संभावना कम हो जाती है। उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि वह सदैव सीट बेल्ट का उपयोग करें और दो पहिया वाहन चालक हेलमेट पहनकर ही दुपहिया वाहन चलायें। उन्होंने कहा कि आपसी जागरूकता के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। इस अवसर पर ओवरलोड वाहन चालकों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग द्वारा यातायात नियमों को लेकर शहर के प्रमुख स्थानों पर लोगों में यातायात नियमों की पालना के प्रति चेतना उत्पन्न करने के लिये होर्डिंग लगवाए गए हैं।

# पदोन्नति पर कार्यग्रहण एवं अभिनंदन कार्यक्रम



**चूरू।** बाल विकास परियोजना अधिकारी के चूरू शहर कार्यालय में बुधवार को कर्णपाल सिंह शेखावत का अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी के पद पर पदोन्नति पर कार्यग्रहण एवं अभिनंदन कार्यक्रम किया आयोजित किया गया। इस अवसर पर सीडीपीओ सीमा गहलोत, संस्थापन अधिकारी पवन कुमार शर्मा, सहायक लेखा अधिकारी महेश कुमार दाधीच, वरिष्ठ सहायक नरेंद्र कुमार महर्षि, बालू सिंह, नंद गोपाल गहलोत, निखिल कुमार शर्मा, कपिल कुमार, रेखा कंवर, शशि कला शर्मा, कुंदन सिंह राठौड़, प्रकाश सिंह सहित अन्य ने कर्णपाल सिंह का माल्यार्पण व साफा पहनाकर अभिनंदन किया।

# नेशनल में सिल्वर मेडल जीतकर आए राइफल निशानेबाज धनंजय भडिया व कोच का स्वागत




जागरुक टाइम्स संवाददाता

**सादुलपुर।** राजगढ़ उपखण्ड क्षेत्र के पिलानी पंचवटी के पास स्थित थार शूटिंग स्पोर्ट्स अकैडमी के युवा राइफल निशानेबाज धनंजय भडिया ने हाल ही में (एसजीएफआई) 68वें नेशनल शूटिंग चैंपियनशिप 2 से 7 जनवरी के बीच भोपाल मे खेली गई जिसमें राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुये इंडिविजुअल सिल्वर मेडल जीतकर आए खिलाडी धनंजय भडिया व अंतर्राष्ट्रीय प्रमाणित कोच धर्मेंद्र डूडी का स्वागत करके सम्मानित किया गया। अंतरराष्ट्रीय प्रमाणित कोच धर्मेंद्र डूडी ने बताया कि यह उपलब्धि धनंजय की कड़ी मेहनत, समर्पण और असाधारण शूटिंग कौशल का प्रमाण है। 2024 मे धनंजय का विभिन्न टूर्नामेंटों में दो गोल्ड और दो सिल्वर मेडल जीत के साथ प्रभावशाली प्रदर्शन रहा जो झुंझुनू जिला स्तरीय मे स्वर्ण पदक जीता। राज्य स्तरीय अंडर 14 माउंट आबू में रजत पदक जीता। राष्ट्रीय स्तर अंडर 14 भोपाल में रजत पदक जीता। (सीबीएससी)वेस्ट जोन इंदौर मे स्वर्ण पदक जीता। खिलाड़ी ने इस जीत का श्रेय अपने माता-पिता, कोच व शिक्षकों को दिया। आगामी लक्ष्य प्रतियोगिताओं में कठिन परिश्रम करके शूटिंग खेल मे देश के लिए ओलंपिक में फिर से गोल्ड मेडल जीतना है।

# गणतंत्र दिवस समारोह के आयोजन को लेकर उपखंड कार्यालय में बैठक आयोजित



जागरुक टाइम्स संवाददाता

**नोहर।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री बाल कृष्ण बिहानी स्टेडियम में आयोजित होने वाले उपखंड स्तरीय समारोह के आयोजन को लेकर उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी पंकज गढ़वाल की अध्यक्षता में बुधवार को प्रसाशन संग व्यापारियों की एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सभी व्यापार संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।बैठक में उपखंड अधिकारी ने गणतंत्र दिवस समारोह की व्यवस्थाओं पर चर्चा करते हुए समारोह को भव्य बनाने के लिए सुझाव मांगे। उपखंड अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस को उत्साह व उमंग के साथ गरिमापूर्ण माहौल में जन-सहभागिता के साथ मनाया जाएगा। उपखंड अधिकारी ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में नागरिकों से भाग लेने की अपील की। इन्होंने गणतंत्र दिवस के अवसर पर श्री बाल कृष्ण बिहानी स्टेडियम में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले नन्हे-मुन्ने बच्चों का उत्साहवर्धन करने की बात भी कही। इस अवसर पर संयुक्त व्यापार संघ अध्यक्ष संजय मोदी, महासचिव राजेंद्र कन्दोई, बाल कृष्ण व्यास, सुरेश पारीक, सरंक्षक रामचंद्र पारीक सांवरमल हिसारिया, अनिल कड़वासरा, रफीक चौहान, दिनेश भुकरकेवाला, ओम लालवानी, मोहनलाल डाबी, खुशालदास बबलानी राजपाल बिजारणीया, इंद्रचंद्र बिरकालींवाले, मुकेश बंसल सहित सभी व्यापार संघों के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# समस्या समाधान केन्द्र ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

जागरुक टाइम्स संवाददाता

**चूरू।** शहर की समस्या का समाधान के लिए समस्या समाधान केन्द्र के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को एक पत्र लिखकर भेजा। केन्द्र के अध्यक्ष सत्यनारायण व्यास ने बताया कि इन समस्याओं के विषय में चूरू प्रशासन को राजस्थान सम्पर्क सेवा के मार्फत एवं ज्ञापनों के माध्यम से अवगत कराया गया था लेकिन प्रशासन द्वारा उक्त समस्याओं का आज दिनांक तक कोई समाधान नहीं किया गया है। गढ परिसर में स्थित अस्पताल को क्रमोन्नत करने के बावजूद चिकित्सक एवं आवश्यक स्टाफ नहीं लगाया गया है। शहर की एतिहासिक धरोहर पीथाणा जोहडा को अधिग्रहण नहीं किया गया है। शहर की मुख्य सड़क लाल धर्मस्तूप से राम मन्दिर तक डिवाईडर देकर सड़क बनाये जाने एवं गढ चौराहा से उतरादा बाजार होती हुई मोचीवाडा की सडक, बच्चू सिंधी की दुकान चौराहा से सब्जी मण्डी होती हुई सड़क बनाई जावे। शहर का विकास का नवाचार सिर्फ मिति चित्रों को बनाकर किया गया है, लेकिन चूरू में स्वच्छता मिशन मात्र दिखावा हुआ है। गंदगी का ढेर लगा रहता है, नगरपरिषद को शिकायत करने के बावजूद भी काम नहीं हो रहा है। सिर्फ घोषणा होती रहती है। शहर की मूख्य सड़कों पर आवारा गोवंश स्वच्छंद घुमते रहते है। शहर में आवारा पशुओं की लडाई के चलते आम नागरिक आए दिन घायल होते रहते हैं।


## उत्तर मध्य रेलवे

ई-प्रापण निविदा सूचना संख्याः 25/01 — दिनांकः 07.01.2025

**ई-प्रापण निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज (आई.एस.ओ. 9001:2015 प्रमाणित इकाई)** निम्नलिखित मदों के लिए ई-प्रापण निविदायें आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20243764A | रिपेयर किट फॉर इपी रिले वाल्व | 357 सेट | 04.02.2025 |
| 2 | 38243087 | वर्टिकल वियर लाईनर फॉर सेंटर पिवेट बॉटम | 10377 नग | 10.02.2025 |
| 3 | 6324RC20 | रेट कान्ट्रैक्ट फॉर मैन्युफैक्चर एण्ड सप्लाइ ऑफ वेरीअस टाइप्स ऑफ डब्ल्यूसीएमएस क्रॉसिंग विद डिफरेन्ट ड्रा. नं. T-6412 & T-6441. | 1593 सेट | 03.03.2025 |

**नोटः** उपरोक्त सभी ई-प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण **IREPS** वेबसाईट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं में किसी भी बदलाव/शुद्धि-पत्र के लिए कृपया इस वेबसाईट को नियमित रूप से देखें। समाचार-पत्र मे कोई अलग से शुद्धि-पत्र/परिवर्तन प्रकाशित नहीं किया जाएगा। **38/25 (A)**

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सं0ः पीआरवाइजे-सिग-036&037-2024-25 — दिनांकः 06.01.2025

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/संकेत एवं दूरसंचार/उत्तर मध्य रेल प्रयागराज द्वारा ई-टेन्डर के द्वारा पर्याप्त वित्तीय क्षमता एवं अनुभव सहित प्रतिष्ठित ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिये खुली निविदा, ई-निविदा में वर्णित खुलने के दिनांक को **12:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | **निविदा नं.:** 036 | **अनुमानित मूल्यः** 20555639.18 | **धरोहर राशिः** 252800/- |
| | **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के लिंक जंक्शन सहित छिवकी से मनौरी तक सहायक मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/टेली/प्रयागराज के पूरे अनुभाग का चौबीस माह (24) के लिये अनुभागीय सिग्नलिंग रख रखाव का अनुबन्ध। | | |
| | **निविदा नं.:** 037 | **अनुमानित मूल्यः** 23390142.96 | **धरोहर राशिः** 267000/- |
| | **कार्य का विवरणः** प्रयागराज मंडल के नैनी से मानिकपुर तक सहायक मण्डल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/शंकरगढ़ के पूरे अनुभाग का चौबीस माह (24) के लिये अनुभागीय सिग्नलिंग रख रखाव का अनुबन्ध। | | |
| | **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0.00 | **कार्य समापन की अवधिः** चौबीस माह | |
| | **निविदा बंद होने की तिथिः** 30.01.2025 | | |
| 2 | **निविदा प्रपत्रों की उपलब्धताः** निविदा प्रपत्र **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। | | |
| 3 | **निविदा खुलने का समय, तथा स्थानः** निविदा पूर्व निर्धारित तिथि **12:30 बजे** या उसके बाद ई-निविदा द्वारा मंडल रेल प्रबन्धक, प्रयागराज के कार्यालय में खोली जायेगी। अगर उस दिन किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहे तो निविदा अगले दिन, कार्य दिवस पर खोली जायेगी। **35/25 (ADM)** | | |

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं0 13220242025 — दिनांक : 06.01.2025

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

**मण्डल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से निम्नलिखित निर्धारित कार्य के लिये ई-निविदाएँ निर्धारित प्रपत्र पर दिनांक 12.02.2025 को 13:30 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-**

**निविदा नं. : 266** — **अनुमानित मूल्य (रू.) : 1,41,23,457.81**

**कार्यो का विवरण :** वरिष्ठ मंडल अभियंता/द्वितीय तथा मंडल अभियंता/पंचम/प्रयागराज मंडल के अधीन क्षेत्र में मेजर सेतुओं के अप्रोच पर ट्रैक स्ट्रक्चर की सुदृढ़ता के लिए जिओ सेल तथा ब्लैंकेटिंग मटेरियल के द्वारा ट्रांजीशन सिस्टम लगाने तथा अन्य सम्बंधित कार्य।

**बयाने की रकम (रू.) : 2,20,600.00** — **कार्य समापन की अवधि : 12 (बारह) माह**

**निविदा खुलने की तिथि : 12.02.2025**

**सिमिलर वर्क के लिये न्यूनतम वांछनीय आधार : रंनिग लाइन के नीचे कोई भी ट्रैक का कार्य।**

**नोट : 1.** ई-निविदा प्रपत्र सभी निविदादाताओं को निःशुल्क निर्गत किये जायेंगे। **2.** उपर्युक्त ई-निविदा का पूर्ण विवरण निविदा प्रपत्र सहित **वेबसाइट www.ireps.gov.in पर समय 13:30 बजे तक** निविदा खुलने की निर्धारित तिथि **12.02.2025** तक उपलब्ध है। **3.** उपर्युक्त निविदा में ई-बिड के अलावा किसी अन्य रूप में बिड स्वीकार नहीं की जायेगी। इस प्रयोजन हेतु वेन्डरों को चाहिये कि वे अपने आपको **I.T. Act-2000** के अन्तर्गत **C.C.A.** द्वारा जारी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र के साथ **IREPS** की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। **4.** निविदा की दरें केवल डिजिटल हस्ताक्षरित फाइनेन्सियल रेट पेज पर ही विचारणीय है। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटरहेड पर यदि संलग्न है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधी तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। **5.** निविदादाता अपनी निविदा के साथ निर्धारित प्रोफार्मा पर एक प्रमाण-पत्र, जैसा निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, प्रस्तुत करेंगे, जिसके अभाव में उनकी निविदा अविचारणीय होगी तथा निरस्त कर दी जायेगी। **6.** माल एवं/अथवा सेवाओं के सप्लायर/ठेकेदार समय-समय पर निर्धारित जी.एस. टी. एक्ट तथा नियमों के अन्तर्गत होंगे। **7.** संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र निविदाकर्ता द्वारा हस्ताक्षरित होने चाहिये। **8.** निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** पर भी अपलोड कर दिया गया है। **9.** बयाने की राशि केवल नेट बैंकिग अथवा गेटवे भुगतान के रूप में ही स्वीकार की जायेगी। **10.** किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये **IREPS** की वेबसाइट की हेल्प लाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। **11.** आनलाइन निविदा निविदा खुलने की तिथि **12.02.2025 को समय 13:30 बजे तक** प्रस्तुत की जा सकती है। **12.** निविदादाता को जी.सी.सी. 2022 भाग-1 के पैरा 10 से 18 के अनुपालन में उल्लिखित आवश्यक दस्तावेजों को निविदा के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न करना है अथवा उनकी निविदा अपूर्ण मानी जयेगी एवं तद्नुसार अविचारणीय होगी। **08/25 (C)**

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## बिजली बिल नहीं भरने पर काटे 20 कनेक्शन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**कालन्द्री।** डिस्कॉम की ओर से बकाया बिल नहीं भरने को लेकर विशेष अभियान की शुरुआत की गई है। जिसमें कनेक्शन काटने की प्रक्रिया शुरु कर दी है। डिस्कॉम कालंद्री के सहायक अभियंता वीआर परमार ने बताया कि विद्युत बिल का भुगतान नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के कनेक्शन प्रतिदिन काटे जा रहे हैं। दोषी उपभोक्ताओं के विरुद्ध यह सख्त रवैया लगातार जारी रहेगा। अभियान के तहत 20 कनेक्शन काटे जा चुके हैं और 5.27 लाख की वूसली की है।

## शत प्रतिशत वसूली के आदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजस्व मंडल राजस्थान अजमेर एवं जिला कलेक्टर के निर्देश पर वित्तिय वर्ष समाप्ति की ओर होने से बकाया का 65 प्रतिशत एवं चालू वितित्त वर्ष का 95 प्रतिशत लक्ष्य के अनुरूप मद की वसूली के आदेश जारी किए है। जिसमें भू-राजस्व, सिंचाई कर, व्यवसाय कर, नामांतरकरण शुल्क, पंचायत समिति कर, एलआर एक्ट आदि समस्त मदो में शत प्रतिषत वसूली के लिए सिरोही तहसील के समस्त भू-अभिलेख निरीक्षक को एवं पटवारियों को आदेश दिए है।

## न्यू इंडिया इंश्योरेंस की संपति कुर्क करने के आदेश

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** एमएसीटी न्यायालय आबूरोड द्वारा वसूली आदेश पारित करने पर बाकीदार न्यू इण्डिया इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड शाखा पैलेस रोड सिरोही से 5 लाख 48 हजार 437 एलआर एक्ट के तहत वसूली के आदेश भू अभिलेख बदाराम कुम्हार को निर्देशित किया गया है। इसके साथ ही जिला कलेक्टर के निर्देश पर बकाया राशि जमा नहीं कराने पर तहसीलदार सिरोही ने नियमानुसार चल/अचल सम्पति कुर्क के आदेश जारी किए है।

## निधि संग्रह का आयोजन



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**तलहटी।** भारतीय मजदूर संघ शाखा मॉडर्न इन्सूलेटर्स के पदाधिकारियों ने संघ के 70 वर्ष के स्वर्णिम अवसर पर यूनियन द्वारा निधि संग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। निधि संग्रह कार्य म में श्रवणसिंह पुत्र अर्जुनसिंह द्वारा 5100 रुपए का योगदान किया। यूनियन अध्यक्ष चन्दनसिंह राव, उपाध्यक्ष भैरुसिंह, महामंत्री जवानाराम देवासी, कोषाध्यक्ष रमेश पुरोहित, उप महामंत्री भावेश शर्मा, संगठन मंत्री देव प्रकाश सहित यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहें।

## आठवें वेतन आयोग व पुरानी पेंशन की मांग को किया प्रदर्शन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**आबूरोड।** नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एंप्लॉयज यूनियन की ओर से बुधवार को रेल कर्मचारियों की विभिन्न मांगों को लेकर रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शन किया। जिसमें 8वें वेतन आयोग का गठन कर विभिन्न कोटियों में कार्यरत रेलकर्मियों को लाभ देने, सुपरवाजर केटेगरी के लिए गठित कमेटियों पर शीघ्र निर्णय लेने, किया जाए, यूपीएस पर आवश्यक सुधार करके ओपीएसकी तरह लाभ देने, रनिंग कार्मिकों का किलोमीटर व माइलेज भत्तों में सुधार करने, सुधार किया जाए, केडर रिस्ट्राचिंग कमेटी की कार्रवाई कर ऊपर के पदों में वृद्धि करने, टिकट चेकिंग स्टाफ को रनिंग कर्मचारियों की तरह रनिंग रूम की सुविधा देने, उत्तर पश्चिम रेलवे में सभी केटेगरी में रिक्तियों को शीघ्र भरने, कारखाने के पदों को अन्यत्र स्थानांतरित करने पर रोक लगाने, विभिन्न केटेगरी के लिए नए रेलवे आवास का निर्माण, इसके अलावा रनिंग कर्मचारियों के लाइन बॉक्स बंद नहीं करने, सहायक मंडल इंजीनियर आबूरोड के अधीन कर्मचारियों के बकाया पदोन्नति को शीघ्र जारी करने, खतरनाक व संवेदनशील स्थान बालाराम ब्रिज, भीमाना, बनास, पर पेट्रोलिंग में दो कर्मचारी लगाने, ट्रैकमैन कर्मचारियों को उच्च गुणवत्ता के जूते देने, कर्मचारियों के स्थानांतरण के आवेदन अग्रेषित करने, पॉइंट्समैन यातायात विभाग के कर्मचारियों के जयपुर स्थानांतरण के आवेदन अग्रेषित करें, आबूरोड रेलवे कॉलोनी के आवासों की खराब स्थिति को सुधारा जाए समेत कई मांगों को लेकर अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा अध्यक्ष की अध्यक्षता में प्रदर्शन किया। इसमें मंडल उपाध्यक्ष शिशुपाल ओझा, अर्जुनसिंह राठौड़, रमेश मोरवाल, सुरेंद्रसिंह, मांगूसिंह रावत, तरुण पोद्दार, संजय सक्सेना, विकास मोरवाल, राकेश आचार्य समेत सैकड़ों रेलकर्मी मौजूद थे

## त्रिस्तरीय जनसुनवाई एवं अटल जन सेवा शिविर आज

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में त्रिस्तरीय जनसुनवाई अटल जन सेवा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलेक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि गुरुवार को उपखंड स्तरीय तथा तृतीय गुरुवार 16 जनवरी को जिला स्तर पर (सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग कार्यालय में आमजन की परिवेदनाओं के निस्तारण के संबंध में अटल जन सेवा शिविर आयोजित किए जाएंगे।

# लापरवाही के कारण होती हैं सड़क दुर्घटनाएं : जांगिड़

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सिरोही।** राज्य महिला नीति के तहत बुधवार को महिला प्रकोष्ठ में एक प्रसार व्याख्यान का आयोजन किया गया। राज्य महिला नीति के निर्देशानुसार इस माह की गतिविधि का विषय ''सड़क सुरक्षा'' हैं। जिला परिवहन निरीक्षक भरत जांगिड़ ने सड़क सुरक्षा से जुड़े हुए कानूनों की जानकारी प्रदान करते हुए कहा कि हमे सड़क पर चलते हुए नियमों की अनुपालना करनी चाहिए। विद्यार्थियों को बताया कि हमें सड़क पर होने वाली दुर्घटनाओं से स्वयं को बचाते हुए सड़क पर चलने वाले सभी संकेत चिन्हों को पढ़ते हुए ध्यान रखते हुए उसकी अनुपालना करते हुए एक सजग नागरिक का कर्तव्य निर्वहन करना है। सड़क दुर्घटना में मृत्यु दर बढ़ती जा रही है। इसका प्रमुख कारण व्यक्ति की लापरवाही ही हैं कि वह दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का प्रयोग नहीं करता हैं। कार चालक सीट बेल्ट न लगाने के कारण, मोबाईल पर बात करते हुए, कार चलाते हुए खाने पीने की सामग्री का उपयोग करते हुए सड़क पर एकाग्र नहीं हो पाता हैं। परिणामतः दुर्घटनाएं घट जाती है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा वर्ग नशे में वाहन के चलाने के कारण स्वयं तो मृत्यु को आमंत्रित करते ही हैं साथ सार्थियों की जान भी चली जाती है। उन्होंने अपने व्याख्यान में विद्यार्थियों से यह आह्वान किया कि यदि वे किसी घायल व्यक्ति को सड़क पर देखते है तो तुरन्त उसे उपचार के लिए अस्पताल लेकर जाऐ। उसे सुरक्षा प्रदान करे न कि मोबाईल पर वीडियों बनाते रहे ऐसे में व्यक्ति की जान भी जा सकती है। परिवहन विभाग के मोहनसिंह एवं उनके सहयोगी ने विभाग की ओर से निर्देशिका भी विद्यार्थियों को प्रदान की। प्राचार्य प्रोफेसर अजय शर्मा ने भी सम्बोधित किया। महिला प्रकोष्ठ की वरिष्ठ सदस्य प्रो. अनिता जैन ने स्वागत व धन्यवाद ज्ञापन किया । महिला प्रकोष्ठ के समस्त सदस्य उपस्थित रहे।

## मंदिरों में चोरी के आरोपियों की निकाली परेड



- पुलिस जिंदाबाद के लगे नारे
- सगे भाई समेत 4 गिरफ्तार
- 10 वारदातें कबूली

**बाड़मेर।** बाड़मेर जिले की चौहटन पुलिस ने अलग-अलग मंदिरों में हुई चोरी का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। चोरी में उपयोग में ली गई दो बाइक को जब्त किया है। इस दौरान बुधवार को पुलिस ने चोरों की थाने से कोर्ट तक परेड निकाली। रास्ते में लोगों ने पुलिस प्रशासन जिंदाबाद के नारे लगाएं और कार्रवाई पर तालियां बजाई। जांच में सामने आया है कि दो सगे भाइयों ने मिलकर गैंग बना रखी हुई थी, मिलकर वारदात करते थे। पुलिस के अनुसार- 29 और 31 दिसंबर की रात को कुछ मंदिरों में चोरी की वारदातें हुई थी। इसमें जैन मंदिर और चौहटन कस्बा स्थित जगदम्बा मंदिर से तिजोरी उठाकर ले गए। जिसमें से रुपए निकालकर फेंक दी थी। साथ ही कुछ और मंदिरों में भी चोरी के प्रयास किए थे। इन वारदातों को गंभीरता से लिया गया। थाना स्तर पर स्पेशल टीम बनाई गई। सतत प्रयास और 100 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। डाटा का विश्लेषण, पुराने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया। इसके आधार पर आरोपी रमेश कुमार (26) पुत्र रायचंद उर्फ रामचंद्र उसका भाई मुकेश कुमार (20) निवासी गोहड़ का तला, रासाराम (25) पुत्र धारुराम निवासी गोहड़ का तला धनाऊ, वासुराम (18) पुत्र वागाराम निवासी बींजासर धनाऊ गिरफ्तार किया गया है। इन्होंने आधा दर्जन चोरियां करना कबूल की है। इनसे विस्तृत अनुसंधान किया जा रहा है। इनसे और भी वारदातें खुलने की संभावना है। चौहटन थानाधिकारी सोमकरण ने बताया- एएसआई सुभान अली के नेतृत्व में टीम बनाई गई। टीम ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

## लौहार लगातार दूसरी बार बने भाजपा मंडल अध्यक्ष

### भाजपा रेवदर मंडल ने किया स्वागत

जागरूक टाइम्स संवाददाता




**रेवदर।** रेवदर मंडल से लगातार दूसरी बार मंडल अध्यक्ष के पद पर हरीश लौहार को मनोनीत किया। लौहार के मंडल अध्यक्ष बनते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। भाजपा कार्यालय में जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित के आतिथ्य में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने हरीश लौहार का स्वागत किया। जिला प्रमुख अर्जुनराम पुरोहित ने लौहार को बधाई देते हुए पार्टी को मजबूत करने एवं सभी को साथ लेकर सक्रियता से पार्टी के कार्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। समाजसेवी अर्जुन देवासी, वरिष्ठ भाजपा नेता आत्माराम वैष्णव, हनुमान प्रसाद अग्रवाल, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष दक्षा देवड़ा, जिला मंत्री जगसीराम कोली, प्रकाश रावल सहित वरिष्ठ कार्यकर्ताओ ने बधाई देकर उज्जवल भविष्य की शुभकामनाये दी। ज्ञात रहे की हरीश लौहार पूर्व में पार्टी में मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, ओबीसी मोर्चा जिला मंत्री जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों पर रह चुके है। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री अमराराम मेघवाल, दशरथ सोनी, अनिल वैष्णव, सरपंच अजबाराम चौधरी, भरत चौधरी, कानाराम चौधरी, माधुसिंह चौहान, अशोक माली, गेपाराम देवासी, तरुण अग्रवाल, ईश्वर घांची सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## शेखर कुमार हत्याकाण्ड का खुलासा, चार गिरफ्तार

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** पुलिस ने सुथारों का वास शिवगंज में शेखर कुमार की हत्या का खुलासा कर चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने एक आरोपी को तो घटना के दिन ही गिरफ्तार कर लिया था। शेष तीन आरोपियों को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने बताया कि हत्या के मामले को लेकर एएसपी देवाराम चौधरी, शिवगंज उप अधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा एवं थानाधिकारी बाबूलाल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। जिसमें एक आरोपी भावेश कुमार को सोमवार को ही गिरफ्तार किया था। प्रकरण में फरार चल रहे शेष तीन आरोपी भरत कुमार, गौतम कुमार व सचिन कुमार को थाना से गठीत विशेष टीमों द्वारा इकबालगढ गुजरात से गिरफ्तार कर इनके पास से घटना में प्रयुक्त वाहन मोटरसाइकिल व स्कुटी तथा मारपीट करने में प्रयुक्त लौहे के रोड़ जब्त की गई।



### इनको किया गिरफ्तार

शेखर की हत्या के मामले में जटियावास शिवगंज निवासी भावेश कुमार पुत्र जोगाराम कुम्हार, भरत कुमार पुत्र जोगाराम कुम्हार, खाड़ियावास निवासी गौतम कुमार पुत्र प्रेमाराम कुम्हार तथा सचिन कुमार पुत्र कुपाराम कलावंत को गिरफ्तार किया।

### कार्रवाई में इनका रहा सहयोग

उप अधीक्षक पुष्पेन्द्र वर्मा, थानाधिकारी बाबूलाल मीणा, हैड कांस्टेबल गिरधारीसिंह, मनोहरसिंह, भवानीसिंह, कांस्टेबल सुरेश कुमार, रमेश कुमार, नरेन्द्र कुमार, विरेन्द्रसिंह, पप्पाराम, गणपतदान, परिमाल, रमेश कुमार तथा महेन्द्र कुमार का सहयोग रहा।

## भामाशाह ने विद्यार्थियों को वितरित किए 310 स्वेटर व 127 स्कूली बैग



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सरूपगंज।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय दाताफली में अरिहंत चेरिटेबल ट्रस्ट सिरोड़ी सूरत के भामाशाह ललितभाई जैन विद्यार्थियों को 310 स्वेटर एवं 127 स्कूली बैग वितरित किए। समाजसेवी दिनेश पुरोहित असावा वालों ने छात्रों व गुरुजनों को आपसी तालमेल बैठाकर भारत का भविष्य तैयार के दौरान हर संभव सहायता का आश्वासन दिया। प्रभुराम कलबी ने भामाशाह का आभार जताया। मंच संचालन गोविन्दसिंह ने किया। सुरेश कुमार ने मेवाड़ी महाराणा प्रताप की ओजस्वी कविता सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। राजेंद्र अहारी, किरण कंवर, सुनील कुमार, राजाराम, सुमित्रा कुमारी एवं धनाराम गरासिया मौजूद रहे।

## कठिन परिश्रम और संकल्प से ही प्राप्त होती है सफलता : प्रजापति

### एनएसएस शिविर का समापन

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सिरोही।** राजकीय महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसी एनएसएस शिविर का बुधवार को मुख्य अतिथि प्रकाश प्रजापति एवं संजय के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक प्रदीप कुमार ने अतिथियों का सम्मान किया। मुख्य अतिथि प्रजापति ने स्वयंसेवको को कहा कि कठिन परिश्रम और संकल्प से ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाली कठिनाईयों के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर लक्ष्यों को हासिल करने को लेकर प्रोत्साहित किया। प्राचार्य प्रो. अजय शर्मा ने एनएसएस शिविर की जानकारी साझा की। उत्कृष्ट योगदान देने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया।




## मृतक प्रेरक का दिया बकाया मानदेय



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** साक्षर भारत मिशन में प्रेरक के रूप में सेवा देने वाले उन्द्रा पंचायत के दिवंगत गणेश कुमार मेघवाल का वर्षों से बकाया मानदेय 40 हजार का चेक उनके परिवार के एक मात्र जीवित सदस्य विधवा बहिन शांता कुमारी को दिया गया। जिला साक्षरता अधिकारी जितेंद्र लोहार, सहायक परियोजना अधिकारी दिनेश पुरोहित, एडीइओ प्रारंभिक विपिन डाबी, सहायक प्रशासनिक अधिकारी चांदमल जारोटिया, वरिष्ठ सहायक उमेश माली उपस्थित रहे

## प्रतियोगिता में झलका उत्साह



जागरूक टाइम्स संवाददाता

**रेवदर।** मेघवाल समाज धवली द्वारा मेघवाल समाज जिला स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 40 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला मगनजी फाइटर कल्ब धवली व मंडार के मध्य खेला गया। जिसमें मंडार की टीम इंदर भीलेसा की कप्तानी में विजेता रही। वही रवि एम परिहार की कप्तानी में धवली टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में बेस्ट बल्लेबाज अमृत कुमार एवं मेन ऑफ द मैच मंडार के साहिल कुमार रहे। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि रेवदर विधायक मोतीराम कोली, मंछाराम मेघवाल, आबकारी विभाग उपनिरीक्षक रमेश मेघवाल, उप कोषाधिकारी अशोक मेघवाल, रवि एम परिहार नर्सिंग अधिकारी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए।

## यातायात नियमों की न करें अनदेखीः गुप्ता

### सड़क सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा को लेकर बैठक आयोजित

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**मंडार।** थाने में बुधवार को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह तथा साइबर अपराध से बचाव को लेकर रेवदर उप अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में टैक्सी, टेंपों चालक तथा सीएलजी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई। डीएसपी गुप्ता ने सभी को अपने वाहन की जानकारी के साथ सड़क की भाषा सिग्नल, रोड चिन्ह, रोड मार्किंग, चालक के कर्तव्य, सड़क परम अधिकार, गुड सेमेरिटन के अधिकार, ड्राइविंग चालीसा, अपराध एवं शक्तियां पर चर्चा कर जानकारी दी। थानाधिकारी पुरोहित ने अपने मोबाइल में वाटसअप एवं ईमेल का टू स्टेप वेरीफिकेश अवश्य करे ताकि साइबर ठगी से बचा जा सके। उन्होंने कहा कार चलाते समय सीटबेल्ट तथा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट आईएसआई मार्क का उपयोग करने तथा वाहन चलते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करने की बात कही। दुपहिया वाहन पर तीन सवारी नहीं बैठाने की हिदायत दी। इस दौरान हैड कांस्टेबल गणेशराम, समुंदरसिंह देवड़ा, मफतलाल बुनकर, शकूर भाटी, कृष्णभाई पंचाल, इम्तियाज भाटी, हाजी हैदर खान, गणेश माली, यासीन भाटी, अयूब खान, दिनेश माली आदि मौजूद थे।

## नाटक के माध्यम से लोगों को दी एड्स से बचाव की जानकारी

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सरूपगंज।** सरूपगंज कस्बे सहित क्षेत्र में बुधवार को राजस्थान स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी जयपुर द्वारा एड्स से बचाव का नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जागरुक किया। यह जानकारी दल संचालक योगेंद्र कुमार शर्मा ने दी।

## माधव में कॉपीराइट कानून पर दिया व्याख्यान

जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पिण्डवाड़ा।** माधव विश्वविद्यालय के विधि संकाय में कॉपीराइट कानून पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में सीनियर अधिवक्ता प्रकाश धवल ने विधि छात्रों को कॉपीराइट से संबंधित महत्वपूर्ण पहलुओं की जानकारी प्रदान की। शुरुआत विधि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. दिलीप कुमार उपाध्याय ने स्वागत भाषण से की। उन्होंने कॉपीराइट को एक ऐसा कानूनी संरक्षण बताया, जो साहित्यिक, नाट्य, संगीत, कलात्मक और सिनेमैटोग्राफिक कार्यों के निर्माताओं को उनकी रचनाओं पर विशेष अधिकार प्रदान करता है। प्रकाश धवल ने विस्तार से बताया कि कॉपीराइट कानून कैसे साहित्यिक और कलात्मक कार्यों को पुनरुत्पादन, वितरण, और सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए संरक्षित करता है। उन्होंने यह भी कहा कि कॉपीराइट का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई का प्रावधान है और छात्रों को इस कानून की गंभीरता समझनी चाहिए। संचालन सहायक प्राध्यापक डॉ. सुरेश कुमार त्रिवेदी ने किया। जबकि डॉ. संदीप गहलोत ने मुख्य अतिथि का सम्मान किया। डॉ. विद्या शक्तावत, डॉ. दुष्यंत रामावत, डॉ. रोहिताश मीणा, डॉ. मीनू दायमा शर्मा, डॉ. सुरेंद्र मीना, मानवेंद्र राजपुरोहित आदि मौजूद थे।

## कानून मंत्री से मिले मेघवाल

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**रेवदर।** अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री प्रकाश मेघवाल ने दिल्ली में केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल से मुलाकात समस्या समाधान की मांग को लेकर ज्ञापन दिया। उन्होंने मेघवाल से क्षेत्र के ज्वलंतमुद्दों की चर्चा कर उनके समाधान की मांग की।

# 14 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले पशु कल्याण पखवाड़े के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां आयोजित

## जिला पशु क्रूरता समिति की बैठक आयोजित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**अलवर।** अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम मुकेश कायथवाल की अध्यक्षता में बुधवार को कलक्ट्रेट सभागार में जिला पशु क्रूरता समिति की बैठक आयोजित हुई। अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम ने पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि जिले में 14 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले पशु कल्याण पखवाड़े के तहत जीव जन्तुओं के प्रति प्रेम व दयाभाव जाग्रत करने तथा उन्हें राहत प्रदान करने हेतु विभागीय एवं गैर सरकारी संगठनों के समन्वय से विभिन्न गतिविधियां आयोजित कराएं। उन्होंने निर्देश दिये कि पखवाडे के दौरान शहर में स्थित बूचडखानों,मांस की दुकानों का पंजीकरण करें, सरिस्का वन्य क्षेत्रा में वन्य जीवों को खाद्य सामग्री डालने वाले नागरिकों,वाहन मालिकों पर निगरानी व समझाइश हेतु चेतावनी बोर्ड लगवाए एवं नियमित रूप से सरिस्का क्षेत्रा की मॉनिटरिंग करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सडक पर रिफ्लेक्टर स्पीड ब्रेकर व सड़क के किनारे चेतावनी बोर्ड लगाएं। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिये कि शहर में स्थित बूचडखानों/मांस की दुकानों के पंजीकरण का सर्वे करे तथा सर्वे के दौरान पंजीकरण नहीं पाए जाने पर नोटिस देने की कार्रवाई करे। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों, नगर निगम आयुक्त एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि पखवाडे के दौरान 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस एवं 30 जनवरी को सर्वोदय दिवस के अवसर पर राज्य में पशु-पक्षियों का वध करने एवं मांस की बिक्री करने पर प्रतिबंध रहेगा इसकी पालना सुनिश्चित कराएं। उन्होंने उपखण्ड अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि मकर संक्रांति पर पतंगबाजी से पक्षियों को चोटिल होने से बचाने के लिए चायनिज मांझे के प्रयोग तथा पतंगबाजी का समय प्रातः 10 बजे से सांय 4 बजे तक निर्धारित कर सुबह-शाम पतंगबाजी पर प्रतिबंध की पालना सुनिश्चित करावे। साथ ही धर्म के नाम पर पशु बलि रोकथाम हेतु समझाईश करें।

**पखवाड़े के तहत होंगी विभिन्न गतिविधियां आयोजित :** पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. मुरारी लाल मीना ने बताया कि 14 जनवरी से 30 जनवरी तक आयोजित होने वाले पशु कल्याण पखवाड़े के तहत जिले में विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी जिनमें बांझ निवारण एवं पशु शल्य चिकित्सा शिविरों का आयोजन कराया जाएगा। पशुपालाकों एवं गौशालाओं के पशुओं को कृमिनाशक औषधि पिलाई जाएगी एवं जनसामान्य को पशु क्रूरता की निवारण की जानकारी प्रदान की जाएगी। इसी प्रकार प्रत्येक तहसील/पंचायत समिति स्तर पर पशु कल्याण गोष्ठी का आयोजन, नगर परिषद/ग्राम पंचायत/नगर पालिका स्तर पर शिक्षण संस्थाओं में चेतना शिविर, गोष्ठी एवं पशु कल्याण जन जागृति रैली का आयोजन, शिक्षण संस्थाओं पर जीव जंतुओं के प्रति क्रूरता निवारण पर व्याख्यान तथा चित्राकला, वाद-विवाद प्रतियोगिताएं भी आयोजित कराई जाएगी। जिले की गौशालाओं एवं पशुपालकों के बाडों में जाकर ठंड से पीडित पशुओं को राहत देने संबंधी आवश्यक उपाय हेतु प्रेरित किया जाएगा, ग्राम में स्थित पशु खैलियों की सफाई एवं सफेदी कराकर पुनः साफ जल भरने हेतु आमजन को जागरूक किया जाएगा। जन सहयोग के माध्यम से निराश्रित पशुओं की देखभाल हेतु समुचित व्यवस्था की जाएगी, गौशालाओं का निरीक्षण कर साफ-सफाई, स्वच्छ वातारण रखने, पशुओं की समुचित आहार व आवास व्यवस्था की जाएगी तथा पतंगबाजी में घायल पक्षियों की चिकित्सा हेतु मकर संक्रांति के दिन प्रातः 7 बजे से चयनित स्थानों पर शिविरों का आयोजन कराया जाएगा। इस अवसर पर उप वन संरक्षक राजेन्द्र कुमार हुड्डा, नगर निगम के आयुक्त जितेन्द्र सिंह नरूका, डीटीओ सुरेश कुमार यादव, एडीईओ जयप्रकाश अवस्थी, पॉलीक्लिनिक की उप निदेशक डॉ. दिनकर शर्मा सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मदरसा बोर्ड चेयरमैन चोपदार व कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुंडा अजमेर पहुंचे

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की ओर से भेजी गई चादर अजमेर शरीफ दरगाह चढ़ाने प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में झुंझुनूं से भी मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चोपदार तथा कांग्रेस जिलाध्यक्ष दिनेश सुंडा रवाना हुए। इससे पहले भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा अजमेर शरीफ दरगाह में चढ़ाने के लिए भेजी गई चादर को लेकर कांग्रेस अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी प्रदेश कांग्रेस कमेटी पहुंचे। यहां से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेतृत्व में अजमेर दरगाह शरीफ में चादर चढ़ाने पहुंचे। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, चूरू सांसद राहुल कस्वां, किशनगढ़ विधायक विकास कुमार, किशनपोल विधायक अमीन कागजी, आदर्श नगर विधायक रफीक खान, आरटीडीसी के पूर्व चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़, वक्फ बोर्ड अध्यक्ष डॉ. खानू खां बुधवाली, मदरसा बोर्ड चेयरमैन एमडी चौपदार, रामसिंह कस्वां आदि मौजूद रहे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### भागवत को जितनी बार सुनो उतना कम है : तिवारी



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** शहर के जलचक्की स्थित चौमुखा महादेव मंदिर में चल रही भागवत कथा में पंडित राजेंद्र तिवारी ने कहा कि भागवत कोई मनोरंजन नहीं है, यह भगवान की कथा है, इसे जितनी बार सुनो उतना ही कम है। इसलिए मनुष्य का जीवन मिला है तो भागवत का रसपान करते रहो। कथा के दूसरे दिन तिवारी ने देवहूति विवाह, कपिलोख्यान एवं सती चरित्र प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि गोविंद का नाम लगातार लेते रहें। इसके लिए कोई अलग से समय निकालने की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के समय में तेरा मेरा भेदभाव और बुराई को लेकर लोगों में काफी दुराव है। कथा के प्रारंभ में कथा अधिष्ठाता दिनेश चंद्र तेली, ज्योति व परिवार के साथ ही श्रद्धालुओं ने ने भागवत की आरती उतारी।

### जरूरतमंदों को कंबल वितरित



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री श्याम आशीर्वाद सेवा संस्था के तत्वावधान में चौथमल सुनिल कुमार पाटोदिया परिवार की ओर से बुधवार सुबह 11 बजे नगर परिषद परिसर में आसपास के क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर अतिथि आयुक्त मुकेश कुमार, दानदाता परिवार के प्रमोद पाटोदिया एवं प्रदीप पाटोदिया उपस्थित थे। जिनका संस्था की ओर से दुपट्टा ओढाकर माल्यार्पण के साथ बाबा श्याम का प्रतीक चिह्न भेंटकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में अग्रवाल समाज अध्यक्ष संपत्त चुड़ैलेवाला, संस्था के ट्रस्टी डॉ. डीएन तुलस्यान, श्रवण केजड़ीवाल, सीए पवन केडिया, सुनिल तुलस्यान, नगर परिषद एएसआई बाबूलाल चंदेल एवं अली हसन तथा नगर परिषद के रामकरण यादव सहित अन्य स्टाफ उपस्थित थे। जिन्होंने व्यवस्थाओं में सहयोग किया। कंबल वितरण कार्यक्रम से प्रभावित होकर अतिथियों ने संस्था द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से सराहना करते हुए कहा कि जरूरतमंद की सेवा ईश्वर की सेवा के समान है। उन्होंने कहा कि इस सर्दी के मौसम में गर्म वस्त्र कंबल का वितरण अनुकरणीय कार्य है।

### एनएसयूआई ने सौंपा ज्ञापन

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** एनएसयूआई की तरफ से मोरारका महाविद्यालय में जिलाध्यक्ष राहुल जाखड़ के निर्देश पर विषय संशोधन की समस्या को शेखावाटी विश्वविद्यालय के समक्ष जिला महासचिव शुशांक चौधरी के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। इकाई अध्यक्ष अनीश जांगिड़ ने बताया कि आवेदन पत्र में संशोधन हेतु बार-बार विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के चक्कर लगाने पड़ते हैं। जिससे उनका समय बर्बाद होता है। ज्ञापन देने वालों में छात्रा इकाई अध्यक्ष हेमलता, दिव्या शर्मा, पंकज, दिव्यांशु, अरमान, साहिल, साहिल चहल, मुबारक, अबरार, दिया, मनदीप, अंकित मांजू, न्यूम खान, आशीष सैनी, आशीष शर्मा, दीपक खरींटा, सिमरन आदि मौजूद रहे।

# कुंभलगढ़ दौरे पर रहे जिला कलेक्टर, दिए निर्देश



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**राजसमंद।** जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने कुंभलगढ़ के कई सरकारी कार्यालयों और सार्वजनिक स्थलों का दौरा कर आम व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया। उन्होंने उपखंड कार्यालय में उपखंड अधिकारी पर्वतसिंह से विभिन्न योजनाओं की प्रगति, न्यायालय संबंधी कामकाज, कार्यालय की गतिविधियां, लंबित शिकायतों, प्रमुख समस्याओं सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की। तहसील कार्यालय का भी औचक निरीक्षण करते हुए दिशा-निर्देश दिए। पंचायत समिति कार्यालय के निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी से ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओं की प्रगति जानी और सभी योजनाओं में अधिकाधिक लोगों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कई बिंदुओं पर चर्चा की। कलक्टर ने पंचायत समिति के पास थाने की पुरानी जमीन सहित क्षेत्र में अनुपयोगी खंडहर भवनों का भी मौका मुआयना किया। कलक्टर असावा ने चारभुजा में श्रीनाथजी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान मंदिर प्रबंधन की ओर से उनका स्वागत किया गया। कलक्टर ने यहां पार्किंग क्षेत्र और आस-पास गंदगी देख कर सफाई व्यवस्था तुरंत प्रभाव से बेहतर करने के निर्देश विकास अधिकारी को दिए। साथ ही सम्पूर्ण चारभुजा ग्राम का निरीक्षण किया। कलक्टर ने कहा कि सफाई व्यवस्था को लेकर कोई कोताही न रहे। अभियान चलाकर कचरे का निस्तारण करें और आगे भी यहां बेहतर सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करें। कलक्टर देर शाम तक कुंभलगढ़ क्षेत्र में भ्रमण पर रहे और पर्यटकों संबंधी व्यवस्थाओं-समस्याओं पर भी चर्चा की।

# हनुमानगढ़ जिले में चीनी मांझे और खतरनाक सामग्रियों से बने मांझे पर पूर्ण प्रतिबंध

## जिला कलेक्टर ने जारी किए आदेश

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**नोहर।** हनुमानगढ़ जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला कलक्टर काना राम ने मकर संक्रांति और अन्य अवसरों पर चीनी मांझा, प्लास्टिक मांझा, अन्य सिंथेटिक पदार्थ से बने मांझे और खतरनाक सामग्री जैसे लोहा, कांच आदि के मिश्रण से बने मांझे के उपयोग, भंडारण, निर्माण और विपणन पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी किया है। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए पारित किया गया है। यह आदेश 7 जनवरी, 2025 की मध्यरात्रि से 6 मार्च, 2025 की मध्यरात्रि तक लागू रहेगा।



**यह है प्रतिबंध का कारण :** हनुमानगढ़ जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि चीनी मांझा अत्यधिक धारदार और विद्युत का सुचालक होता है, जिससे पक्षियों और इंसानों को गंभीर चोटें लगने का खतरा होता है। यह दोपहिया वाहन चालकों, राहगीरों और पतंग उड़ाने वालों के लिए जानलेवा साबित हो सकता है। इसके अलावा, विद्युत तारों के संपर्क में आने पर यह विद्युत आपूर्ति में बाधा उत्पन्न कर सकता है और पतंग उड़ाने वालों को भी गंभीर चोट पहुंचा सकता है। उच्च न्यायालय के पूर्व आदेशानुसार प्रातः 6:00 से 8:00 बजे और सायं 5:00 से 7:00 बजे तक सभी प्रकार की पतंगबाजी पर पूर्ण प्रतिबंध है। साथ ही प्लास्टिक और अन्य सिंथेटिक पदार्थ से बने मांझे के निर्माण, विपणन और उपयोग पर भी सख्त पाबंदी लगाई गई है। आदेश की अवहेलना करने पर भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन आमजन से अपील करता है कि पतंगबाजी के दौरान चीनी मांझे और खतरनाक सामग्रियों से निर्मित मांझे का उपयोग ना करें। यह ना केवल पक्षियों और जानवरों के लिए बल्कि मानव जीवन के लिए भी गंभीर खतरा है। सभी नागरिक इस आदेश का पालन करें और सुरक्षित मकर संक्रांति मनाएं।

# मेले में निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित



**चिड़ावा।** स्व. हजारीलाल सोलंकी पुत्र स्व. मोहनलाल सोलंकी की स्मृति में परमहंस पंडित गणेश नारायण, बावलिया बाबा के निर्वाणोत्सव के अवसर पर विपश्यना होम्योपैथिक जयपुर द्वारा लगाया गया। द्वितीय निशुल्क होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर में कुल 637 मरिजों ने अपनी बीमारियों के लिए चिकित्सकों से परामर्श तथा आवश्यक दवाइयां लेकर चिकित्सा शिविर में लाभ लिया। चिकित्सा शिविर का शुभारंभ चेयरमैन सुमित्रा सैनी ने दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में थानाधिकारी चिड़ावा विनोद सामरिया, बाबूलाल सोलंकी पार्षद, जगदीश प्रसाद पार्षद, तेजप्रकाश सोनी, अमित सोलंकी, संदीप सोलंकी, संदीप कुमार, राजवीर चावला, धर्मवीर चावला आदि भी मौजूद रहे। शिविर में डॉ. मुकेश सोलंकी, डॉ. चित्रलेखा तिवाड़ी, डॉ. कुलदीप भालोठिया, डॉ. गिरधारी टेलर, डॉ. विनोद मौर्य, डॉ. संदीप डांगी, डॉ. प्रमोद, डॉ. कमलेश सैनी, डॉ. प्रवीण शर्मा, डॉ. सरोज मीना, डॉ. खुशी पाल सहित शिविर संयोजक वीरेंद्र कुमार सोलंकी एवं विनोद सोलंकी ने अपनी सेवाएं दी।


# अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर व्याख्यानमाला आयोजित




**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** श्री राधेश्याम आर. मोरारका राजकीय महाविद्यालय में पुण्यश्लोका राजमाता अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जन्म जयंती वर्ष के उपलक्ष्य पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य प्रो. सुरेंद्र सिंह ने की। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता इकाई सचिव प्रो. मानसिंह थे। डॉ. मानसिंह ने अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ राजस्थान उच्च शिक्षा के उद्देश्यों कार्यों के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता ने लोक माता अहिल्याबाई होल्कर के जीवन के संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया एवं बताया कि कैसे अहिल्याबाई साधारण परिवार में जन्म लेकर अपने आत्मबल के साथ राजमाता तक का सफ़र तय किया। उनके पारिवारिक जीवन में कितनी विपत्तियां आई। उसके उपरांत भी उन्होंने सदैव अपने जीवन को समाज और राष्ट्र के लिए समर्पित करते हुए निरंतर जीवन में सफलता प्राप्त की। उन्होंने अपने सामाजिक और धार्मिक दायित्वों का निर्वहन करते हुए अपने संपूर्ण जीवन में सदैव संघर्ष किया। परंतु विषम परिस्थितियों को कभी भी अपने सामाजिक एवं राष्ट्रीय दायित्वों पर हावी नहीं होने दिया। उन्होंने बताया कि जीवन में सफलता के साथ सार्थकता का होना आवश्यक है व सार्थकता के साथ संवेदनशीलता जरूरी है जैसी की लोक माता अहिल्या बाई होल्कर के जीवन में थी। कार्यक्रम में डॉ. विकास मील, डॉ. शुभकरण कुमावत, डॉ. सुरेश कुमार, डॉ. धर्मवीर जानूं एवं छात्र-छात्राएं आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त सदस्यों के लिए ऑल इंडिया नेशनल अवॉर्डिस एसोसिएशन की वर्चुअली मिटिंग हुई



**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** देश के राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री के कर कमलों से राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त सदस्यों के लिए ऑल इंडिया नेशनल अवॉर्डिस एसोसिएशन (आइना) का गठन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विभिन्न राज्यों के राष्ट्रपति पुरस्कृत सदस्यों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से किया गया। ऑनलाइन मिटिंग की अगुवाई आइपास के संस्थापक व राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित व उत्तरप्रदेश निवासी विपिन सोलंकी व संचालन बिहार के राशिद जुनैद के द्वारा किया गया। बैठक में संगठन की आगामी कार्रवाई के लिए दिल्ली के मुकेश गौतम को कार्यकारी अध्यक्ष, मध्यप्रदेश के गोलू शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी, राजस्थान के विकास गुर्जर को संगठन प्रभारी अस्थाई रूप से नामित किया गया। वहीं अस्थाई कार्यकारी सदस्यों के रूप में दिल्ली से अंबिका बहल, पंजाब के परविंदर कौर, गुरमिंदर कौर, यूपी से गीता शर्मा, बिहार से उदय भारती, रहमतुल्लाह ने भाग लिया। आइना के गठन के संदर्भ में विपिन सोलंकी ने बताया कि आइना शिक्षा, स्वास्थ्य, कला, स्काउट-गाइड, सेना, उद्योग, समाजसेवा, आर्ट, उद्योग, फिल्म इंडस्ट्री आदि क्षेत्र में देश के महामहिम राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री व केंद्रीय मंत्री या समकक्ष के कर कमलों व हस्ताक्षर युक्त प्रमाण पत्र प्राप्त व सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए सम्मानित सदस्यों की संस्था है। जिसका उद्देश्य राष्ट्रीय सम्मान प्राप्त सदस्यों को केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा मिलने वाले सेवाओं का लाभ दिलाना व देशभर के ऐसे सज्जनों को एक प्लेटफार्म पर लाकर सामाजिक सरोकार को बढ़ावा देना है। एक प्रश्न के जवाब में बताया कि वर्ष 2008 में बतौर संस्थापक विपिन सोलंकी के द्वारा आईपा नामक संगठन का गठन किया गया था। जिसमें केवल राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त ही सदस्य हो सकते थे। वहीं 2025 जनवरी को गठित आईना के गठन से देश भर के सभी राष्ट्रीय स्तर के पुरस्कार प्राप्त सदस्यों को एक प्लेटफार्म पर लाकर समाज हित में कार्य करने में मदद मिलेगी। नामित कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश गौतम ने बताया कि आईना की प्रथम राष्ट्रीय बैठक उत्तराखंड के नैनीताल जिले के जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क रामनगर में आगामी 15 और 16 फरवरी को आयोजित होना है। जिसमें सभी क्षेत्र के राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त सदस्यों को आमंत्रित किया जा रहा है। जिसमें संगठन की रूपरेखा, निबंधन एवं सभी राज्यों में कमेटी गठन पर अंतिम निर्णय लिया जाना है। वहीं आईना संस्थापक विपिन सोलंकी ने कहा कि ऑल इंडिया नेशनल अवार्डी एसोसिएशन (आइना) का गठन एक लम्बी प्रक्रिया के उपरांत संपन्न हुई है।

## नृत्य प्रतियोगिता में प्रिंस इंटरनेशनल को तीसरा स्थान

**जागरुक टाइम्स संवाददाता**

**झुंझुनूं।** जिला मुख्यालय स्थित प्रिंस इंटरनेशनल स्कूल के प्रतियोगियों ने नृत्य प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। संस्थान निदेशक निर्मल कालेर ने बताया कि आबूसर स्थित शेखावाटी हस्तशिल्प मेले में आयोजित नृत्य प्रतियोगिता में संस्थान की डांस टीम ने भाग लिया। जिसमें शानदार प्रस्तुति देते हुए टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। विजेता टीम को 7100 रुपए नकद व प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया। 'बाल विवाह एक अभिशाप है' थीम पर हैप्पी व यशस्वी एंड ग्रुप ने शानदार नृत्य प्रस्तुत कर यह उपलब्धि प्राप्त की। इस मौके पर प्रिंस ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. जीएल कालेर ने विजेता टीम के सभी सदस्यों को जीत की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**उत्तर मध्य रेलवे**

ई-निविदा सूचना संख्या : JHS-SNT-C-Tender-2025-01 dated: 04.01.2025

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये उप मुख्य सिग्नल एवं दूर संचार इंजीनियर (निर्माण) उत्तर मध्य रेल, झाँसी द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु डबल पैकेट ऑनलाईन **(ई- टेन्डरिंग)** के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नाम :** प्रोविजन ऑफ इलैक्टोनिक्स इन्टरलोकिंग एट महोबा एण्ड महोबा कोर्ड लाईन स्टेशन एण्ड ई0 आई0 आलट्रेशन एट ईछौली, मटौन्ध, महोबा एण्ड हरपालपुर स्टेशन फोर प्रोविजन ऑफ महोबा-खैरार कोर्ड लाईन, हरपालपुर साईडिंग एण्ड प्रोविजन ऑफ एम0एस0डी0ए0सी0 ईन साईडिंग ऑफ हरपालपुर - महोबा खण्ड इन कनेक्शन विथ झाँसी-मानिकपुर डबलिंग वर्क ऑफ झाँसी-डिवीजन ऑफ एन0 सी0 रेलवे

**अनुमानित लागत रू :** Rs. 24,82,09,471.57 (चाबीस करोड़ ब्यासी लाख नो हजार चार सौ इक्त्तर रूपया और सत्तावन पैसा मात्र)

**अमानत राशि :** 13,91,100/- (तेरह लाख इन्क्यान्वे हजार सौ रूपया मात्र)

**निविदा बन्द होने की तिथि :** 30.01.2025

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/ अवधि की तिथि :** 12 माह

- निविदा दिनॉक **30.01.2025** को **15:00 बजे** तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे।
- पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें।

36/25 (AS)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @ CPRONCR

**मिरा-भाईंदर महानगरपालिका**

स्व इंदिरा गांधी भवन, मुख्य कार्यालय, छत्रपती शिवाजी महाराज मार्ग, भाईंदर (प.) ता. ठाणे 40101.

दुरध्वनी क्र. 022-28192828

स्वातंत्र्याचा अमृत महोत्सव

**बांधकाम/ विद्युत विभाग**

जा.नं. मनपा/साबां / निविदा/ 126 /2024-25 दि. 07/01/2025

**// फेर निविदा सूचना क्र. 126 //**

**मिरा भाईंदर महानगरपालिकेच्या क्षेत्रातील नाल्यातील गाळ काढण्या यांत्रिक पद्धतीने काढण्यासाठी 01 नग Drain Master Amphibian या मशीनचा पुरवठा करणे व 02 वर्षांसाठी देखभाल व दुरुस्ती करणे.**

(मुलभूत सोयी सुविधांचा विकास) या कामी ज्याच कंत्राटदारांकडे शासकीय / निमशासकीय / सार्वजनिक क्षेत्रातील संस्था व उपक्रम / स्थानिक स्वराज्य संस्था इ. यांनी0 शिरस्त्यांप्रमाणे कार्यवाहीच्या अनुबंधानुसार नोंदणीकृत सट्टा करण्याचा कार्यभार केला / सुम आहे. अशा कंत्राटदारांना निविदा प्रक्रियेत भाग घेता येणार नाही. निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र मिरा भाईंदर महानगरपालिकेच्या संकेतस्थळ https://mahatenders.gov.in वर दि.10/01/2025 ते दि.26/01/2025 दरम्यान उपलब्ध आहे. ऑनलाइन निविदा महानगरपालिकेच्या संकेतस्थळावर येथे दि.27/01/2025 रोजी दुपारी 12.00 वाजेपर्यंत स्वीकारल्या जातील. प्राप्त निविदा दि. 28/01/2025 रोजी दु.12.30 वाजता निविदाकार अथवा त्यांच्या प्रतिनिधींच्या समक्ष उघडण्यात येतील.

कोणतीही निविदा किंवा सर्व निविदा कोणत्याही कारण न देता नाकारण्याचा अधिकार मा. आयुक्त, मिरा भाईंदर महानगरपालिका यांनी राखून ठेवला आहे व त्यांच्या निर्णयाबाबत कोणतेही निवेदनाद्वारे बंधनकारक राहील.

जा.क्र. मनपा/ मावज/E-3726215/2024-25

दि. 08/01/2024

ठिकाण : भाईंदर

दिनांक : 07/01/2025

शहर अभियंता

मिरा भाईंदर महानगरपालिका

# युवा नशे से दूर रहकर अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दें : चौधरी

## आंजणा (चौधरी) समाज का 18वां वार्षिक मेला भरा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** आंजणा (चौधरी) समाज संस्था सुमेरपुर शिवगंज द्वारा 1008 श्री श्री शिक्षाविद संत किशनाराम महाराज की पुण्यतिथि पर 18वें वार्षिक मेले का आयोजन किया गया। मेले में श्री श्री 1008 बुद्धनाथ महाराज व श्री श्री 108 प्रकाश नाथ महाराज की उपस्थिति व मुख्य अतिथि देवाराम चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरोही, अध्यक्षता किसान नेता भवरसिंह चौधरी, विशिष्ठ अतिथि लूणी भाजपा नेता भंवराराम पटेल पूर्व सरपंच, उद्योगपति केवलराम पटेल फालना की उपस्थिति में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत गुरुदेव की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर गुरु राजेश्वर भगवान की महाआरती के साथ शुरुआत की गई।

नव नियुक्त पुलिस उपनिरीक्षक सीमा पटेल का सम्मान किया गया। अखिल भारतीय आंजणा युवा महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री भैराराम चौधरी ने कहा कि शिक्षा के साथ खेल से जुड़कर अपने जीवन को मजबूती दें। युवाओं को नित्य जल्दी उठने की आदत पर बल देने को कहा। आंजणा समाज सुमेरपुर शिवगंज अध्यक्ष लादूराम चौधरी ने कहा कि समाज की एकता के साथ राष्ट्र एकता पर बल दिया।

समाज को किसान नेता कालूराम चौधरी, राजू भाई चौधरी, प्रागाराम चौधरी, वेलाराम पटेल ने भी समाज को संबोधित किया गया। मेला आयोजन के भामाशाह रूपाराम करवड़, वेलाराम धूनिया का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया। मेले में लिए निर्णय मृत्यु भोज बंध, नशा मुक्त परिवार, हर परिवार से 100 पौधे लगाने, रक्त दान यूनिटी का व्हाट्सएप ग्रुप गठन, आंजणा किसान आवास केंद्र बनाने पर निर्णय लिया गया। जिस पर सभी समाज बंधुओं ने समर्थन का लागू करने का निर्णय लिया। मेले में किशोर चौधरी, किशन चौधरी, भल्लाराम चौधरी, गोवाराम चौधरी, चंद्राराम चौधरी, गेनाराम चौधरी सहित सैकड़ों समाज बंधु मौजूद रहे।

# मधुमक्खियों का बाइक सवारों पर हमला

**▶▶ दोनों घायलों की स्थिति सामान्य**

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** लुणावा बाली सड़क मार्ग पर चल रहे दो बाइक सवार युवकों पर मधुमक्खियों ने किया हमला, मधुमक्खियों के हमले से बाइक सवार माधू सिंह उम्र 40 वर्ष व भोम सिंह उम्र 60 निवासी बीकानेर हाल लुणावा घायल हो गए। दोनों बाइक सवार लुणावा से बाली आ रहे थे कि रास्ते में अज्ञात कारणों से उड़ रही मधुमक्खियो की चपेट में आने पर उड़ रही मधुमक्खियों ने बाइक पर सवार दोनों पर हमला कर काट दिया। मधुमक्खियों के हमले से घायल दोनों युवकों की तबियत बिगड़ने की जानकारी 108 को मिलते ही 108 के पायलट सुरेश सिंह व ईएमटी हरीश मकशोना एम्बुलेंस लेकर घटना स्थल पहुंचे ओर दोनों घायलों को बाली उप जिला चिकित्सालय भर्ती करवाया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार करने के बाद दोनों की स्तिथि सामान्य बताई जा रही है।

# नवनियुक्त नगर मंडल अध्यक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन में पाली जिला चुनाव अधिकारी विजेंद्र पूनिया, सह प्रभारी करण सिंह नेतरा व राजस्थान सरकार कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर भाजपा मंडल अध्यक्ष पद पर रविकांत रावल को मनोनीत किया हैं। प्रतिपक्ष नेता नगर पालिका शिवगंज भाजपा पार्षद लक्ष्मण परिहार के नेतृत्व में बुधवार को अध्यक्ष रावल का माला पहनाकर स्वागत किया गया। भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष दीपक गोयल ने कहा कि अध्यक्ष रावल को पार्टी ने निस्वार्थ भाव से किए गए सेवा कार्यों को देखते हुए मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी हैं। रावल की नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं। अध्यक्ष रावल ने कहा कि पार्टी ने मुझे जो जिम्मेदारी दी है उस पर मैं खरा उतरने की पुरी कोशिश करूंगा। हम सब मिलकर आगामी होने वाले नगर निकाय चुनाव में पार्टी को पूर्ण बहुमत के साथ विजय का परचम लहराएंगे। इस मौके पर व्यवसायिक प्रकोष्ठ संयोजक नरेश सांखला सहित भाजपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# रेल कर्मचारियों ने किया विरोध प्रदर्शन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**फालना।** बुधवार को एआईआरएफ के निर्देशानुसार नार्थ वेस्टर्न रेल्वे एम्प्लाइज यूनियन के बैनर तले भारत में विरोध प्रदर्शन किया गया। फालना स्टेशन पर गाड़ी संख्या 14702 पर रेल कर्मचारियों ने अपनी मांगों के लिए प्रदर्शन किया।

इस प्रदर्शन में रेल कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी की और सरकार से अपनी मांगों को पूरा करने की मांग की। उनकी मांगों में आठवें वेतन आयोग की घोषणा, हार्ड एवं रिस्क एलाऊंस, रेकमैनों के लिए लेवल-6 की भोग, कांटे वालों के लिए लेवल-प्र की मांग और एमपीएस को समाप्त कर नीड कलमांग शामिल हैं। इस प्रदर्शन में रानी-फालना शाखा के सचिव मोजीराम मीना, शाखा अध्यक्ष माना राम देवासी, जोनल उपाध्यक्ष चेतराम मीना, कोषाध्यक्ष प्रमोद शर्मा, सहायक सचिव सुशील परिहार एवं महेश कुमार सहित लगभग 100 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया।



# नि:शुल्क जन कल्याण शिविर का आयोजन

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** निःशुल्क जन कल्याण शिविर का आयोजन बुधवार को ग्राम पंचायत लाटाडा में किया गया। यह शिविर राज्य सभा सासंद व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ व बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह राणावत के नेतृत्व में भाजपा ओबीसी मोर्चा सेवाड़ी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र सुथार, करनवा के सानिध्य में आयोजित किया गया। जिसमें पेंशन सत्यापन 81, पीएम विश्वकर्मा सात, पालनहार दो, जन आधार सुधार सात, पीएम किसान 28, गैस केवायसी आठ, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना 25 लाख बीमा दो, आयुषमान कार्ड पांच लाख बीमा आठ, तारबंदी पांच, बीपी शुगर 58 लोगों को लाभ दिलाया। इस शिविर में स्थानीय सरपंच पुखराज चौधरी, महिपाल सिंह, कृषि विभाग मुकेश यादव, पटवारी विक्रम, ग्राम विकास अधिकारी यशोदा गहलोत, महेंद्र पूजा मीना,



आशा, पिंकी, ई मित्र संचालक गोविंद लखारा, खुशबू गोस्वामी, वीणा, नीलम, अनीता आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

# नहर में बहे युवक का शव मिला परिजनों को सौंपा

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** थाना क्षेत्र के बीठिया हेड के पास जवाई नहर में मंगलवार डूबने से हुई विकलांग की मौत हो गई थी। बुधवार को शव का पीएम करवाकर पुलिस ने परिजनों को सौंपा। हेड कांस्टेबल कपूराराम ने बताया कि सात जनवरी की दोपहर को बीठिया हेड पर नहर के लिए रखे चौकीदारों को एक शव बहता हुआ दिखाई दिया। उन्होंने शव को बाहर निकाला। इस दरमियान उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के हाथ पर रमेश नाम गुदा हुआ था और दोनों पैरों से दिव्यांग था। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया। जिसके बाद सुमरपुर थाने से हेड कांस्टेबल कपूराराम मौके पर पहुंचे। जहां शव निकाला उससे एक कि.मी. पहले नहर के पास ही मृतक की तीन पहिया स्कूटी मिली। जिसमें रखे कागजात के आधार पर मृतक की पहचान जालोर जिले के आहोर तहसील के मोरूआ निवासी दिव्यांग रमेश मीणा 40 पुत्र परबाराम मीणा के रूप में हुई। गौरतलब है, कि पूर्व में भी पहली व दूसरी पाण का पानी देने के दौरान नहर में गिरने से दो जनों की मौत हुई थी।



# आमजन के कार्य समय पर हो, यह सुनिश्चित करें : जोधा



■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**बाली।** पंचायत समिति बाली सभागार में बुधवार को बाली विकास अधिकारी भोपाल सिंह जोधा ने ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक की समीक्षा बैठक में कार्मिकों को निर्देशित किया की आमजन के कार्य समय पर करना सुनिश्चित करे। जोधा ने कहा की समय पर पेंशन सत्यापन करवाए ताकि आमजन को समय पर पेंशन मिल सके, प्रॉपर्टी कार्ड में प्रगति नहीं होने पर वीडिओ के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की बात कही। ग्राम पंचायतों में पिंक टॉयलेट जल्द पूर्ण करवाने को निर्देशित किया। घुमंतू और अर्ध घुमंतू पट्टाधारकों के पट्टे जल्द रजिस्ट्रेशन करवाने को निर्देशित किया। प्रधानमंत्री आवास जल्द पूर्ण करवाने हेतु दिशा निर्देश दिए और जो कार्य प्रारंभ नहीं करवा रहे उन्हें नोटिस जारी कर कार्यवाही करे। बैठक में बीएसओ सरिता, अतिरिक्त विकास अधिकारी असफाक अली, जयंतीलाल दिवाकर, मुबारक अली, कनिष्ठ अभियंता अनिल विश्नोई, आईए महेंद्र मीणा, ग्राम विकास अधिकारी हीराराम परमार, नंदकिशोर वैष्णव, रतन गाडरी, रवि मोबारसा, रामचंद्र यादव, मोहन लाल, भरत ओझा, शिवरतन सोलंकी, जितेंद्र गहलोत, मालम सिंह, जयराज सिंह, परवेज, सुमित कुमार, मिश्रीलाल, कपूर देवासी, अनिल जोशी, यतिन पुरोहित, दिलीप सिंह, प्रवीण पूरी, श्रवण सिंह, विकास दवे, तरुण भाटी, किशन, गंगा सहाय, कैलाश सुथार, यशोदा गहलोत, सुरेश देवासी, अशोक मैक्स, परवेज, विकास व्यास, रेखा मेंशन, राजेश्वरी कुंवर, नेहा, सीमा, प्रमोद कुंवर, कन्या कुंवर, नेकाराम, गंगा सहाय, उम्मेदमल, रजत सिंह, जीवाराम, लक्ष्मण राम, नारायण मीणा, भीमाराम, सुरेश, कुणाल निंबार्क, संदीप शर्मा, ओडा राम, उम्मेदमल, प्रभुराम, विनोद, मुगलाराम, राजू सिंह, रतन मीणा सहित समस्त ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ सहायक और कार्यालय स्टाफ मौजूद रहे।

**▶▶ समय पर पेंशन सत्यापन करा दें लोगों को सुविधा**

# कार्य समिति कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सुमेरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जोधपुर प्रांत का 60वां प्रांत अधिवेशन पांच से सात जनवरी तक महाराणा प्रताप नगर पाली में संपन्न हुआ। जिसमें पूरे प्रांत भर से 1500 छात्र शक्ति की उपस्थिति रहीं। पहले दिन उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी रहे। दूसरे दिन नगर में शोभायात्रा एवं खुला मंच अधिवेशन का आयोजन हुआ। वहीं, तीसरे दिन समापन समारोह में जोधपुर प्रांत की सत्र 2025-26 की नवीन कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें तखतगढ़ इकाई के साहिल माली को प्रांत कार्य समिति सदस्य निर्वाचित किया गया। साहिल माली पूर्व में जिला संयोजक, तखतगढ़ नगर मंत्री आदि दायित्व का निर्वहन कर चुके हैं। साथ ही मनीषा परमार और रवि कुमावत (पूर्व नगर मंत्री) को प्रांत कार्यकारिणी सदस्य निर्वाचित किया गया। इस मौके पर प्रांत अध्यक्ष हीराराम, प्रांत मंत्री पूनम भाटी, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, क्षेत्रीय संगठन मंत्री अश्विन शर्मा, प्रांत संगठन मंत्री उपमन्यु सिंह राणा आदि उपस्थित रहे।





# उधारी मांगने गए व्यापारी से मारपीट

**पाली।** पाली में एक युवक से उधारी के रुपए मांगने गए व्यापारी को युवक ने सरिए से पीट दिया। घायल हालत में उसे उपचार के लिए पाली के बांगड़ अस्पताल लाया गया। पाली शहर के शिवाजी नगर में रहने वाले 26 साल के सब्जी मंडी व्यापारी महेंद्र पुत्र थानाराम मेघवाल ने अपने परिचित मोतीसिंह में 20 हजार रुपए पिछले एक साल से मांग रहा था। हर बार उसे रुपए देने का सिर्फ आश्वासन ही मिला। बुधवार को जब वह प्रताप नगर में मोतीसिंह से रुपए मांगने गया। गुस्से में मोतीसिंह ने उस पर सरिए से हमला कर दिया। उसके पैरों में और सिर में चोट लगी।

# भामाशाह ने भील बस्ती विद्यालय में शिक्षण सामग्री बांटी

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**देसूरी।** स्थानीय विद्यालय राजकीय प्राथमिक विद्यालय सेलीमाता भील बस्ती देसूरी में बुधवार को उपस्थित 51 बालक/ बालिकाओं को भामाशाह व समाज सेवी संदीप



श्रीमाली नारलाई ने स्वेटर, कॉपी, पेन, पेंसिल, रबर, शॉपनर व बिस्किट का पैकेट समेत शिक्षण सामग्री वितरण की। इस अवसर पर भरत दवे देसूरी, रमेश जोशी नारलाई, रमेश सुथार नारलाई ने भी सामग्री वितरण में सहयोग किया है। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवराम राईका ने समस्त भामाशाहों का आभार व्यक्त किया। स्वेटर और स्टेशनरी प्राप्त कर बच्चों के चेहरों पर रौनक आ गई। अध्यापक प्रकाश मोबारसा व प्रहलाद गर्ग भी उपस्थित रहे।

# अमृता हाट मेले में उमड़े शहरवासी

## स्वरोजगार से जुड़ी महिलाओं के उत्पादों को मिला मार्केट

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**पाली।** अमृता हाट मेले में प्रदेशभर से आई महिलाओं ने अपने स्टॉल लगाए हैं। कोई खिचिया, पापड़ बेच रही है तो कोई बाजरी से बने बिस्किट तो कोई अचार, गारमेंट बेच रही है। सात दिवसीय इस मेले में शहरवासियों ने भी जमकर खरीदारी की। पाली के बांगड़ स्कूल खेल मैदान में आयोजित हो रहे अमृता हाट बाजार में खरीदारी करते शहरवासी। महिला अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक भागीरथ चौधरी ने बताया -बांगड़ स्कूल खेल मैदान में मेले का आयोजन हो रहा है। जिसमें स्वयं सहायता समूहों ने अपने हस्तनिर्मित विभिन्न उत्पादों की विभिन्न स्टाल्स लगाकर अपने उत्पाद बेचे है। जयपुर से सिद्धिविनायक समूह की हेमलता विजय ने बताया कि वो 2003 से अमृता हाट में भाग लेती आ रही है। साथ ही करीब आठ लाख वार्षिक कमा लेती है। कोटा से आई तसलीमा ने बताया कि वह 2004 से कोटा डोरिया के कपड़े बनाने का काम कर रही है जिसमें उनको अच्छी आय हो जाती है। हीना राजपुरोहित ने बताया कि उसका समूह पाली की फैक्ट्रियों से कपड़े लेकर 10 तरह के उत्पात बनाते हैं। जिसमें तौलिया, रूमाल, स्कार्फ, मैक्सी आदि शामिल है। आज उनके समूह से करीब 250 महिलाएं



जुड़ी है और आत्मनिर्भर बनी हुई है। अपने घर पर ही सिलाई का काम कर 10 से 15 हजार महीना कमा रही है। मेले का एएसपी विपिन कुमार शर्मा ने मंगलवार शाम को अवलोकन किया।

### मेले में सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

महिला अधिकारिता राजश्री मालवीय लौहार ने बताया कि मेले में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समूह की सीता प्रथम रही, खुशबु द्वितीय और भंवरी देवी तीसरे स्थान पर रही। शक्ति विद्या मंदिर स्कूल, संस्कार मोटेसरी और मॉडर्न पब्लिक स्कूल से आई बालिकाओं ने हिंदी, राजस्थानी गीतों पर शानदार डांस की प्रस्तुति दी।

# भाजपा सरकार पूरी तरह से असफल : अभिमन्यु सिंह

**सादड़ी।** पूर्व पीसीसी सदस्य अभिमन्यु सिंह ने भाजपा सरकार को पूरी तरह से फेल बताया है। उन्होंने कहा कि बाली विधानसभा में 25 वर्षों से अधिक समय से भाजपा का विधायक होने के बावजूद विकास कार्यों में सिर्फ दिखावा किया गया है। अभिमन्यु सिंह ने अपने निजी फार्म हाउस पर आयोजित पत्रकार सम्मेलन में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार का एक वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह से विफल रहा है।

# मीणा दूसरी बार मंडल अध्यक्ष

■ जागरूक टाइम्स संवाददाता

**सादड़ी।** भाजपा जिला चुनाव अधिकारी की ओर से मंडल अध्यक्षों की हुई घोषणा में गोविंद मीणा को पार्टी ने लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी। मीणा के कार्यकाल में भाजपा की तेज पकड़ और कई महत्वपूर्ण कार्य में सफलता हासिल करने पर पुनः पार्टी ने भरोसा करते हुए मंडल अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी।

अध्यक्ष पद की घोषणा के बाद मीणा के समर्थकों में खुशी की लहर छा गई साथ हि दिन भर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। गोविंद मीणा को सादड़ी से कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्हें 2015 में युवा मोर्चा अध्यक्ष, 2018 में फिर से युवा मोर्चा अध्यक्ष और 2020 में मंडल अध्यक्ष बनाया गया था। हाल ही में, छह जनवरी को जारी की गई लिस्ट में भी उन्हें जगह दी गई है। गोविंद मीणा के नेतृत्व में 2021 में हुए नगरपालिका चुनाव में भाजपा ने 35 में से 19 पार्षदों को जिताकर 10 साल बाद नगरपालिका में अपना बोर्ड बनाया था। इस जीत के बाद से ही उन्हें दोबारा मंडल अध्यक्ष बनाए जाने की संभावना बढ़ गई थी।

**▶▶ अध्यक्ष की घोषणा के बाद बधाई देने वालों का लगा तांता**

**मध्य रेल**

निविदा सूचना संख्याः DYCECDD_2025_01

उपमुख्य अभियंता (निर्माण), दौंड, अहमदनगर, निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा आमंत्रित करते हैं:- दौंड-मनमाड दोहरीकरण परियोजना के संबंध में दौंड कॉर्ड लाइन, पुनतांबा कॉर्ड लाइन और मनमाड द्वितीय प्रवेश लाइन सहित दौंड से मनमाड खंड (267.180 किमी से 503.790 किमी तक) स्टेशन यार्ड और रेल कॉलोनी क्षेत्र के लिए भूमि योजनाओं का अद्यतन, मिलान, प्रमानीकरन और संगनकीकरन। **लगभग लागतः** रु. 15,35,293.95/- **बोली सुरक्षाः** रु. में 37,700.00/- **पूर्णता अवधिः** 06 महीने (मानसूनसहित)। **प्रस्ताव की वैधताः** खुलने की तिथि से 60 दिन। **निविदा पत्र अपलोड करनाः** 27.01.2025 को 15.00 बजे तक। **खोलने की तिथिः** 27.01.2025 को 15.00 बजे के बाद किसी भी समय। विवरण के लिए वेबसाइट देखें: **https://www.ireps.gov.in** Apex-34

असुरक्षित तथा अनाधिकृत रूप से रेल लाइन के पास कार्य करना दंडनीय अपराध है

**पश्चिम रेलवे - अहमदाबाद**

**साबरमती-सरखेज अनुभाग के दोहरीकरण से सम्बन्धित विभिन्न कार्य**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए **उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) ।।।,** पश्चिम रेलवे, अहमदाबाद निम्नानुसार ई-निविदा सूचना प्रस्तुत करते है : **ई-निविदा सूचना सं. डेप्यु.सीई (सी)।।।/एडीआई/ एसबीआई-एसईजे/01 (1) कार्य का नाम उसके स्थान सहित:** निविदा सं. डेप्यु.सीई(सी)।।।/एडीआई/एसबीआई-एसईजे/01 : पश्चिम रेलवे पर भावनगर मण्डल के साबरमती-सरखेज अनुभाग के दोहरीकरण के संबंध में साबरमती D केबिन (सहित) से सरखेज (सहित) तक कार्य के सफल समापन के लिए आवश्यक फॉर्मेशन में अर्थकार्य, ब्लेंकेटींग, (पीचींग, टॉ वॉल, भूमि संरक्षण जैसे विविध कार्य सहित) मुख्य पुलों, छोटे पुलों, रेलवे फ्लाईऑवर का निर्माण, ट्रैक को जोडने का कार्य एवं अन्य सिविल इंजीनियरींग कार्य, S&T कार्य, बिजली और TRD कार्य जैसे कार्यो को क्रियान्वयन । **(2) कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 149,55,95,675.00 **(3) जमा बयाना राशी:** ₹ 76,28,000.00, **(4) समापन समयावधि:** 24 (चौबीस) माह **(5) बीड निर्धारीत तिथि:** दिनांक 05/02/2025 को 15:00 बजे **(6) दस्तावेजों की भौतिक रूप से प्रस्तुती:** दिनांक 04/02/2025 को 18:00 बजे तक **(7) तकनिकी बीड खुलने की तारीख:** दिनांक 05/02/2025 को 15:30 बजे **(8) निविदा प्रणाली :** दो पेकेट प्रणाली । **(9) सभी निविदाकारों द्वारा एनेक्षर-V में दिये गए अनुसार प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है । जिसके आधार पर निविदाकारों की योग्यता का मूल्यांकन किया जायेगा । (10) वेबसाईट विवरण, नोटीस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण देख सकते हैं एवं कार्यालय का पता: वेबसाईट: www.ireps.gov.in** उप मुख्य इंजीनियर (निर्माण) ।।। का कार्यालय, पश्चिम रेलवे, द्वितीय तल "A" विंग, निर्माण भवन, जीसीएस अस्पताल के सामने, असारवा, अहमदाबाद । CPM-105

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly • हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**बृहन्मुंबई महानगरपालिका**

विभागः प्रमुख अभियंता (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल)

ई-निविदा सूचना

बृहन्मुंबई महानगर पालिका
प्रमुख अभियंता (मैकेनिकल एवं इलेक्ट्रिकल)

| | |
|---|---|
| विभाग | सीएच. इंजी. (एम एंड ई) |
| उप विभाग | डीवाय. सीएच. इंजी. (एम एंड ई) सिटी |
| निविदा दस्तावेज आईडी नं. | 2025-एमसीजीएम-1134679-1 |
| विषय | एम.डब्ल्यू. देसाई हॉस्पिटल में स्टोरेज के साथ ही विजुअल सुविधा सहित स्मार्ट क्लोज्ड सरकिट सिस्टम की आपूर्ति एवं स्थापना। |
| निविदा शुल्क | (रु. 3300 + 18% जीएसटी) |
| ई-निविदा की लागत (अनुमानित लागत) | रु. 16,65,215/- (जीएसट रहित) |
| बोली प्रतिभूति/ईएमडी | रु. 20,000/- |
| निविदा जारी एवं विक्रय की दिनांक | 09.01.2025 को 11.00 बजे से |
| बोली प्रतिभूति जमा करने की अंतिम दिनांक व समय | 15.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| लिफाफा ए, बी तथा सी (ऑनलाइन) जमा करना | 15.01.2025 को 16.00 बजे तक |
| प्री-बिड मीटींग | लागू नहीं |
| लिफाफा ए खुलना | 16.01.2025 को 16.01 बजे पश्चात |
| लिफाफा बी खुलना | 16.01.2025 को 16.02 बजे पश्चात |
| लिफाफा सी खुलना | 20.01.2025 को 13.00 बजे पश्चात |
| वेबसाइट | http://mahatenders.gov.in |
| संपर्क हेतु पता | कार्यालय ई.ई. मैक. (ई.आई.) मेंट, बीएमसी महापालिका वर्कशॉप, आर.एस. निमकर मार्ग, भायखळा, मुंबई 400008 |
| बोली खुलने का स्थान | कार्यालय ई.ई. (ई.आई.) मेंट, में ऑनलाइन |

यह निविदा दस्तावेज अहस्तांतरणीय है।
एमसीजीएम के पास किसी भी आवेदन का स्वीकार करने या उक्त विषय में किसी भी या सभी आवेदनों को बिना कारण बताएं निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।
PRO/2171/ADV/2024-25 ई.ई. मैक. (ई.आई.) मेंट.

छतों को साफ रखें, अटाला/पुराना/सामान का निपटारा करें।



# श्रीलंका को न्यूजीलैंड ने बड़े अंतर से हराया

## रचिन रविंद्र और मार्क चैपमैन की शानदार बल्लेबाजी

**हैमिल्टन। रचिन रविंद्र (79), मार्क चैपमैन (62) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत न्यूजीलैंड ने बुधवार को वर्षा बाधित मैच दिन-रात्रि एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को 113 रनों हरा दिया हैं। इसी के साथ न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। न्यूजीलैंड के 255 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 22 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिए। पथुम निसंका (एक), कुसल मेंडिस (दो), अविष्का फर्नांडो (10) और कप्तान चरित असलंका (चार) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए जनित लियानगे ने कामिंडु मेंडिस के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। 17वें ओवर में नेथन स्मिथ ने जनित लियानगे (22) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 25वें ओवर में चामिंदु विक्रमासिंघे (17) रनआउट हुए। वानिंदु हसरंगा (एक), महीश तीक्षणा (छह) और एहसान मलिंगा (चार) रन बनाकर आउट हुए। कामिंडु मेंडिस ने श्रीलंका के लिए सर्वाधिक (64) रनों की पारी खेली।**

न्यूजीलैंड के गेंदबाजी आक्रमण के आगे श्रीलंका की पूरी टीम 30.2 ओवर में 142 रन पर सिमट गई। न्यूजीलैंड के रचिन रविंद्र को उनकी 79 रनों की बेहतरीन पारी के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। न्यूजीलैंड की ओर से विलियम ओरूर्क ने तीन, जेकब डफी ने दो विकेट लिए। मैट हेनरी, नेथन स्मिथ और मिचेल सैंटनर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

इससे पहले यहां श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बारिश के खलल के कारण मैच 37-37 ओवर का दिया गया था।

बल्लेबाजी करने उतरी न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 31 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज विल यंग (16) का विकेट गवां दिया। उन्हें ए फर्नांडो ने आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मार्क चैपमैन ने रचिन रविंद्र के साथ दूसरे विकेट के लिए 112 रन जोड़े। 20वें ओवर में महीश तीक्षणा ने मार्क चैपमैन 52 गेंदों में (62) को आउटकर इस साझेदारी को तोड़ा। 23वें ओवर में हसरंगा ने रचिन रविंद्र 63 गेंदों में (79) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। टॉम लेथम (एक) रनआउट हुए। ग्लेन फिलिप्स (22), कप्तान मिचेल सैंटनर (20) और डैरिल मिचेल (38) रन बनाकर आउट हुए। श्रीलंकाई गेंदबाजों ने आखिरी ओवरों में शानदार प्रदर्शन करते हुए निचले क्रम के बल्लेबाजों को सस्ते में आउट कर न्यूजीलैंड को बड़ा स्कोर बनाने से रोक दिया। न्यूजीलैंड ने अपने आखिरी चार विकेट मात्र आठ रन जोड़कर गवां दिए।

न्यूजीलैंड की टीम 37 ओवर में नौ विकेट पर 255 रन का स्कोर बना सकी। श्रीलंका की ओर से महीश तीक्षणा ने चार विकेट लिये। वानिंदु हसरंगा को दो विकेट मिले। एहसान मलिंगा और असिता फर्नांडो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### विजय हजारे ट्रॉफी



## नॉकआउट में खेलेंगे प्रसिद्ध, अभिमन्यु और पडिक्कल

**नई दिल्ली।** भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा रहे देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा और अभिमन्यु ईश्वरन विजय हजारे ट्रॉफी के नॉकआउट चरण में तथा वॉशिंगटन सुंदर सेमीफाइनल से तमिलनाडु की टीम से खेलने के लिए उपलब्ध रहेंगे। पडिक्कल और प्रसिद्ध सिडनी से बुधवार को भारतीय टीम के साथ प्रस्थान करेंगे लेकिन अभिमन्यु को एक दिन पहले ही भारत आने की अनुमति मिल गई थी। क्रिकेट एसोशिएशन ऑफ बंगाल ने उनकी उड़ान का टिकट एक दिन पहले ही बुक कर दिया था। वह ऑस्ट्रेलिया से पहले सिंगापुर और फिर अहमदाबाद आएंगे, इसके बाद वहां से बड़ौदा आकर अपनी टीम के साथ जुड़ेंगे। अभिमन्यु के लिए ऐसा पहली बार होगा कि वह दो महीनों के बाद किसी मैच का हिस्सा बनेंगे। उन्हें ऑस्ट्रेलिया में किसी भी टेस्ट मैच में खेलने का अवसर नहीं मिला। केएल राहुल ने ब्रेक का अनुरोध किया है। प्री-क्वाटर्रफाइनल में बंगाल का मुकाबला हरियाणा के साथ है। अभिमन्यु टीम के साथ अभ्यास भी करेंगे। बंगाल की टीम के एक और सदस्य आकाशदीप पीठ में लगी हल्की चोट के कारण विजय हजारे ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। इसी चोट के कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफा अंतिम टेस्ट का हिस्सा नहीं ले पाए थे। स्वदेश लौटने के बाद वह सीधे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बेंगलुरू जाएंगे।

## 22 जनवरी से भारत-इंग्लैंड के बीच खेले जाएंगे आठ मैच



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के लिए साल 2024 मिला जुला रहा। फिर 2025 के पहले ही मैच में टीम इंडिया को हार का सामना करना पड़ा। अब टीम इंडिया घर पर इंग्लैंड से भिड़ेगी। भारतीय टीम साल की पहली जीत के तलाश में है। फिलहाल, यह कहना गलत नहीं होगा कि भारत और इंग्लैंड के बीच ब्लॉकबस्टर मुकाबले देखने को मिलने वाले हैं। इंग्लैंड की टीम भारत में पांच मैचों की टी20 सीरीज और तीन मैचों की वनडे सीरीज खेलने आ रही है। सीरीज की शुरुआत 22 जनवरी से होगी। इंग्लैंड ने टी20 और वनडे, दोनों सीरीज के लिए अपनी टीम का एलान भी कर दिया है। वहीं भारत ने अभी अपनी टीम घोषित नहीं की है। भारत और इंग्लैंड के बीच पहले पांच टी20 मैच खेले जाएंगे। फिर तीन मैचों की वनडे सीरीज होगी। टी20 सीरीज के मैच कोलकाता, चेन्नई, राजकोट, पुणे और मुंबई में खेले जाएंगे। वहीं वनडे मैच नागपुर, कटक और अहमदाबाद में होंगे। 22 जनवरी से दो फरवरी के बीच टी20 सीरीज होगी। इसके बाद छह फरवरी से 12 फरवरी के बीच वनडे सीरीज खेली जाएगी। टी20 सीरीज के मैच शाम सात बजे से शुरू होंगे। वनडे सीरीज के मैच दोपहर 1:30 बजे से शुरू होंगे।

### इंग्लैंड टीम

**टी20 टीम :** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), फिल साल्ट, जैमी स्मिथ, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जैकब बीथल, लियाम लिविंगस्टोन, रेहान अहमद, जैमी ओवरटन, ब्रायडन कार्से, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड और साकिब महमूद।

**वनडे टीम :** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), फिल साल्ट, जैमी स्मिथ, हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, जैकब बीथल, लियाम लिविंगस्टोन, जैमी ओवरटन, ब्रायडन कार्से, गस एटकिंसन, जोफ्रा आर्चर, आदिल रशीद, मार्क वुड और साकिब महमूद।

### विमेंस प्रीमियर लीग 2025

## दो शहरों में होगा आयोजन, बड़ौदा में खेला जाएगा फाइनल?

**नई दिल्ली।** विमेंस प्रीमियर लीग के दो सफल सीजन के बाद अब तीसरे एडिशन की बारी है। डब्ल्यूपीएल 2025 के लिए ऑक्शन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। निलामी के बाद बीसीसीआई ने इसके वेन्यू को भी शॉर्टलिस्ट कर लिया है। ताजा रिपोर्ट के मुताबिक इस टूर्नामेंट की शुरुआत छह या सात फरवरी से हो सकती है। वहीं इस बार के मुकाबले बड़ौदा और लखनऊ में खेले जा सकते हैं। हालांकि, बीसीसीआई ने फिलहाल तारीख और वेन्यू को लेकर कोई भी आधिकारिक जानकारी शेयर नहीं की है।



**बड़ौदा में हो सकता फाइनल**

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक बीसीसीआई ने डब्ल्यूपीएल के तीसरे सीजन के लिए बड़ौदा और लखनऊ को शॉर्टलिस्ट किया है। उसने टूर्नामेंट के आयोजन के लिए यूपी क्रिकेट एसोसिएशन और बड़ौदा क्रिकेट एसोसिएशन से बातचीत शुरू कर दी है। भारतीय बोर्ड की ओर से इन दोनों शहरों को वेन्यू के तौर पर आधिकारिक ऐलान भी कर दिया जाएगा। रिपोर्ट के मुताबिक डब्ल्यूपीएलका दूसरा फेज बड़ौदा में कराए जाने की प्लानिंग की जा रही है। टूर्नामेंट का फाइनल फाइनल मुकाबला आठ या नौ मार्च को खेला जा सकता है और इसकी मेजबानी बड़ौदा को ही मिल सकती है। बड़ौदा ने हाल ही में कोटांबी स्टेडियम में इंटरनेशनल स्तर की सुविधाएं उपलब्ध कराई थी।

## टीम इंडिया में शमी की वापसी लगभग तय

**नई दिल्ली।** भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए टीम की घोषणा नहीं की है। उसे इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज भी खेलनी है। लिहाजा इन दोनों के लिए जल्द ही टीम की घोषणा हो सकती है। टीम इंडिया मोहम्मद शमी को कमबैक का मौका दे सकती है। शमी चोट की वजह से काफी वक्त से टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। लेकिन उन्होंने हाल ही में गेंदबाजी करते हुए का एक वीडियो शेयर किया है। शमी ने भारत के लिए आखिरी वनडे नवंबर 2023 में खेला था। वहीं आखिरी टेस्ट भी 2023 में ही खेला था। वे इसके बाद से कमबैक नहीं कर पाए हैं। हालांकि शमी हाल ही में डोमेस्टिक क्रिकेट में जरूर खेले थे। लेकिन पैर में दिक्कत होने की वजह से दोबारा ब्रेक लेना पड़ा। शमी ने नेशनल क्रिकेट एकेडमी में काफी वक्त बिताया। अब उन्होंने वापसी को लेकर अपडेट दिया है।

### चैंपियंस ट्रॉफी में खेल सकते शमी

शमी ने मंगलवार को एक्स पर एक वीडियो शेयर किया। इसमें वे गेंदबाजी करते हुए नजर आ रहे हैं। शमी ने नेट्स में काफी पसीना बहाया। शमी ने कैप्शन में लिखा, ''गति और जुनून, दुनिया पर कब्ज़ा करने के लिए पूरी तरह तैयार।'' शमी ने कैप्शन के जरिए हिंट दिया कि वे पूरी तरह से फिट हैं और सिलेक्शन के लिए भी उपलब्ध हैं। हालांकि इसको लेकर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड की ओर से किसी तरह की प्रतिक्रिया नहीं आई है।




### शमी का ऐसा रहा रिकॉर्ड

■ शमी डोमेस्टिक क्रिकेट में बंगाल के लिए खेलते हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश, बिहार, बड़ौदा और चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी। उन्होंने विकेट भी लिया था। शमी ने राजस्थान के खिलाफ महज 26 रन देकर तीन विकेट लिए थे। उन्होंने हैदराबाद के खिलाफ एक मैच में तीन विकेट लिए थे। हालांकि यह टी20 मैच था।

## रोहित-कोहली को घरेलू क्रिकेट खेलते देखना चाहते रवि शास्त्री

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री चाहते हैं कि टेस्ट क्रिकेट संघर्ष कर रहे कप्तान रोहित शर्मा और दिग्गज विराट कोहली रणजी ट्रॉफी खेल कर यह साबित कर सकते हैं कि उनमें इस प्रारूप में सफल होने का जज्बा बरकरार है। रोहित और कोहली ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी में बुरी तरह से विफल रहे। ऑस्ट्रेलिया ने भारत की लचर बल्लेबाजी का फायदा उठाते हुए इस श्रृंखला को 3-1 से जीता। भारतीय टीम के श्रृंखला गंवाने के बाद मुख्य कोच गौतम गंभीर ने घरेलू क्रिकेट के महत्व पर जोर दिया था। भारतीय टीम अपना अगला टेस्ट इस साल जून में खेलेगी लेकिन शास्त्री का भी मानना है कि रोहित और कोहली को रणजी ट्रॉफी खेलना चाहिए। शास्त्री ने कहा, 'उनके खेल में अगर कोई कमी है तो उन्हें वापस जाना चाहिए और घरेलू क्रिकेट खेल कर सुधार करना चाहिए। जब आप इतने लंबे समय तक टेस्ट मैच क्रिकेट खेलते हैं तो दो कारणों से घरेलू क्रिकेट खेलना महत्वपूर्ण है। एक तो आपको वर्तमान पीढ़ी के साथ तालमेल बनाना होता है और दूसरा आप युवा खिलाड़ियों को बेहतर बनाने में योगदान दे सकते हैं।'



# म नो रं ज न



## तृप्ति डिमरी हो गईं 'आशिकी 3' से बाहर!

कार्तिक आर्यन और तृप्ति डिमरी की 'आशिकी 3' लगातार पीछे होती जा रही है। फिल्म के निर्देशक अनुराग बसु कार्तिक आर्यन के साथ एक नई लव स्टोरी पर काम कर रहे हैं। इस बीच खबर आई है कि तृप्ति डिमरी फिल्म 'आशिकी 3' से बाहर हो गई हैं। रिपोर्ट की मानें तो तृप्ति डिमरी के इस प्रोजेक्ट में आने के बाद फिल्म को रोक दिया गया है। रिपोर्ट के मुताबिक तृप्ति डिमरी 'आशिकी 3' का हिस्सा नहीं होंगी। वहीं, अनुराग बसु अब नई जोड़ी की इस फिल्म में दिखाने वाले हैं। तृप्ति डिमरी इस फिल्म को लेकर बहुत उत्साहित थीं, हालांकि अब ऐसा नहीं होने वाला है। कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म में कोई नया चेहरा नजर आ सकता है। तृप्ति डिमरी की फिल्म 'आशिकी 3' इन दिनों विवादों में घिरी है। फिल्म को डिमरी ने पिछले साल फिल्म के लिए कुछ दिनों की शूटिंग की थी। यह एक मुहूर्त शॉट होना था। डिमरी के जाने के पीछे के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। इस फिल्म में भूषण कुमार और मुकेश भट्ट द्वारा निर्मित किया जाना था, लेकिन निर्माताओं के बीच झगड़े के बाद यह चर्चा आगे नहीं बढ़ पाई। खबरों की मानें तो तृप्ति डिमरी और कार्तिक आर्यन के साथ जनवरी महीने के अंत में या फरवरी के पहले सप्ताह में मुंबई में शुरू होगी। तृप्ति डिमरी के बाहर होने के बाद मुख्य अभिनेत्री की भूमिका के लिए कास्टिंग प्रक्रिया चल रही है। 2013 में रिलीज़ हुई आशिकी की दूसरे सीक्वल में श्रद्धा कपूर और आदित्य रॉय कपूर की जोड़ी को देखा गया था।

## दीपिका-रणवीर बनेंगे शाहरुख के पड़ोसी



दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह पेरेंहुड एंजॉय कर रहे हैं। दोनों हैप्पी स्पेस में हैं। सितंबर के महीने में दीपिका और रणवीर ने बेटी को जन्म दिया था। उन्होंने बेटी का नाम दुआ रखा है। इसके बाद से कपल को कई बार बेटी के साथ देखा गया है। कपल ने पैपराजी को बेटी दुआ का चेहरा भी दिखाया। दीपिका फिलहाल मैटरनिटी लीव पर हैं। वहीं रणवीर सिंह ने काम शुरू कर दिया है। इसी बीच दोनों के नए घर में शिफ्ट होने को लेकर खबरें हैं। बॉलीवुड लाइफ की रिपोर्ट के मुताबिक, दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह अपने नए घर में शिफ्ट होने वाले हैं। कपल जल्द ही शाहरुख खान के पड़ोसी बनने वाले हैं। उनका नया घर शाहरुख खान के घर मन्नत के पास है। दीपिका-रणवीर के इस सी फेसिंग बंगले की कीमत तकरीबन 100 करोड़ रुपए है और ये घर 11,266 स्क्वायर फीट में बना है। मनी कंट्रोल की रिपोर्ट के मुताबिक, रणवीर और दीपिका की छत 1,330 स्क्वायर फीट की है और इस बिल्डिंग में 16-19 फ्लोर हैं। सोशल मीडिया पर एक वीडियो चर्चा में हैं, जिसमें दिखाया गया कि उनके घर का कंस्ट्रक्शन का काम लगभग पूरा हो गया है।


## त्रिवेणी घाट में डुबकी लगाने पहुंचेंगे रणबीर और आलिया

महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से प्रयागराज में शुरू हो रहा है। इस ऐतिहासिक और भव्य आयोजन में लाखों श्रद्धालु गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में पवित्र स्नान करेंगे। हर बार की तरह इस बार भी यह आयोजन अपनी आध्यात्मिकता और विशालता के लिए चर्चा में है। लेकिन इस बार कुंभ हिंदी और साउथ के फिल्मी सितारों की वजह से भी छाया रहेगा। इस बार लाखों श्रद्धालुओं के बीच बॉलीवुड और टीवी जगत के सितारें भी डुबकी लगाने पहुंच रहे हैं। इस महाकुंभ की खास बात यह है कि इस बार इसमें बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियां शामिल होंगी। इनमें अमिताभ बच्चन, आलिया भट्ट, रणबीर कपूर, शंकर महादेव और राखी सावंत जैसे सितारों के नाम सामने आए हैं। ये सितारे त्रिवेणी घाट पर डुबकी लगाएंगे। एक्टर्स के ठहरने के लिए भी खास बंदोबस्त किया जा रहा है। बॉलीवुड सेलेब्स के लिए खास सुविधाओं वाले शिविर तैयार किए जा रहे हैं। सुविधाओं के साथ लाखों की भीड़ में शामिल होने जा रहे इन सेलेब्स की सुरक्षा का भी खास ख्याल रखा गया है। महाकुंभ भारत के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में से एक है, जो हर 12 सालों में चार पवित्र स्थानों प्रयागराज, हरिद्वार, उज्जैन और नासिक में बारी-बारी से आयोजित किया जाता है। यह आयोजन आस्था, संस्कृति और परंपरा का संगम है। महाकुंभ 2025 का शुभारंभ 13 जनवरी से होगा और यह मार्च 2025 तक चलेगा। इस बार श्रद्धालुओं की संख्या करोड़ों में होने की संभावना है।



## 14वीं सदी के शासक की भूमिका निभाएंगे सुनील शेट्टी!


फिल्म निर्माता कनु चौहान एक गुजराती योद्धा पर फिल्म बनाने की तैयारी कर रहे हैं, जिसने 14वीं शताब्दी में सोमनाथ मंदिर को घुसपैठियों से बचाने के लिए लड़ाई लड़ी थी। उनकी फिल्म का नाम 'केसरी वीर' है, जिसमें सुनील शेट्टी, सूरज पंचोली और विवेक ओबेरॉय मुख्य भूमिका में हैं। निर्देशक ने इस फिल्म को बनाने को लेकर उत्साह जाहिर किया है। उन्होंने बताया कि केसरी वीर की कहानी उनके दिल के बहुत करीब है। इस फिल्म में, सुनील कथित तौर पर 14वीं शताब्दी के शासक की भूमिका निभाते नजर आएंगे। इसके लिए अभिनेता को घुड़सवारी और बहुत कुछ सीखना पड़ा। सुनील शेट्टी द्रोण के शासक राजा वेगडाजी भील की भूमिका निभा सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, सुनील शेट्टी 'केसरी वीर' में एक अनूठा लुक अपनाएंगे। बताया गया कि सुनील को घुड़सवारी के अपने कौशल को निखारना पड़ा और उस समय के हथियार, जैसे स्वनिर्मित भाले, गोफन, कुल्हाड़ी, धनुष-बाण, चाकू और तलवारें सीखनी पड़ीं। उन्होंने तीरंदाजी भी सीखी, क्योंकि भील इसमें कुशल थे। साथ ही उन्होंने गुरिल्ला युद्ध भी सीखा। फिल्म में उनका लुक अनोखा है और वे पगड़ी, अंगरखा और धोती पहने हुए हैं व मूंछें रखे हुए हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म में कई एक्शन सीक्वेंस हैं, जिन्हें साउथ के एक्शन डायरेक्टर केविन कुमार ने डिजाइन किया है। वहीं कॉस्ट्यूम्स चंद्रकांत सोनवणे ने तैयार किए हैं। 'केसरी वीर' में सूरज 16 वर्षीय वीर हमीरजी गोहिल का किरदार निभाएंगे, जिन्होंने दिल्ली सल्तनत के शासक अलाउद्दीन खिलजी के सेनापति जफर खान के आक्रमण से मंदिर की रक्षा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। वीर वेगदाजी के साथ मिलकर मुगल बादशाह से 10 दिनों की लड़ाई लड़े थे। 'केसरी वीर' का निर्देशन कर रहे कनु ने हाल ही में बताया कि उन्होंने उस दौर के माहौल को फिर से जीवंत करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। उन्होंने बताया, 'हमने इस फिल्म पर 60 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च किए हैं और 23 नवंबर से मुंबई और गुजरात में लगातार 120 दिनों के शेड्यूल में इसकी शूटिंग की है। पोस्ट-प्रोडक्शन का काम अभी चल रहा है और हम इस महीने तक मोशन पोस्टर रिलीज करने की योजना बना रहे हैं।



## यश ने दिया सरप्राइज, 'टॉक्सिक' में दिखाया जलवा

साउथ के स्टार यश के केजीएफ के लोग दीवाने हैं। उनकी केजीएफ के दोनों पार्ट हिट साबित हुए हैं। यश ने अपनी शानदार एक्टिंग से सिर्फ साउथ ही नहीं बल्कि बॉलीवुड में भी पहचान बना ली है। वो एक पैन इंडिया स्टार बन चुके हैं। यश की फिल्मों का फैंस को इंतजार रहता है। अब उन्होंने अपने फैंस को बर्थडे पर एक खास तोहफा दिया है। जिसके बाद से उनकी एक्साइटमेंट और बढ़ गई है। एक्टर ने अपने बर्थडे पर अपनी आने वाली फिल्म 'टॉक्सिक' की पहली झलक शेयर की है। यश का 'टॉक्सिक' में लुक देखकर फैंस उनके दीवाने हो गए हैं। यश ने हाल ही में 'टॉक्सिक' का पोस्टर शेयर करके कहा था कि वो एक बड़ा सरप्राइज फैंस को देने वाले हैं। अब उन्होंने 'टॉक्सिक' का टीजर शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। 'टॉक्सिक' का टीजर यश के बर्थडे पर रिलीज कर दिया है। उनका लुक देखकर हर कोई उनकी तारीफ करते नहीं रुक रहा है। यश वीडियो में व्हाइट कलर के सूट पहने नजर आ रहे हैं। उन्होंने इसके साथ हैट लगाई हुई है। वीडियो में वो सिगार पीते नजर आ रहे हैं। यश का ये लुक देखकर फैंस को हॉलीवुड की याद आ रही है। इस वीडियो को कुछ ही देर में लाखों लोग देख चुके हैं। एक घंटे में इस टीजर को चार लाख से ज्यादा लोग देख चुके हैं। यश के इस लुक को देखने के बाद लोग ढेर सारे कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा-हैप्पी बर्थडे रॉकिंग स्टार यश। एक ने लिखा-मॉन्स्टर वापस आ गया है। एक यूजर ने लिखा- भाई बॉक्स ऑफिस को हिला के रख देगी ये फिल्म।





# राजनाथ सिंह ने मालदीव के रक्षा मंत्री से की मुलाकात

## रक्षा क्षेत्र में सहयोग का दिलाया भरोसा



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को भारत दौरे पर आए मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून से मुलाकात की। इस दौरान सिंह ने दिल्ली में मालदीव के रक्षा मंत्री मोहम्मद घासन मौमून के साथ द्विपक्षीय चर्चा की और द्विपक्षीय रक्षा एवं सुरक्षा सहयोग के विभिन्न पहलुओं की व्यापक समीक्षा की। साथ ही उन्होंने भारत-मालदीव के व्यापक आर्थिक और समुद्री सुरक्षा साझेदारी के लिए संयुक्त दृष्टिकोण को साकार करने में मिलकर काम करने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराया। राजनाथ सिंह ने मुलाकात के दौरान मालदीव के रक्षा मंत्री को बताया कि भारत रक्षा तैयारियों के लिए क्षमता वृद्धि में मालदीव को सहयोग देने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत मालदीव को अपनी रक्षा तैयारियों को मजबूत करने के लिए समर्थन देने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने यह भी बताया कि मालदीव को भारत की 'पड़ोसी प्रथम नीति' में विशेष स्थान प्राप्त है, जो क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने के लिए बनाई गई है।

### भारत का किया धन्यवाद

- मालदीव के रक्षा मंत्री मौमून ने भारत की 'प्रथम प्रतिक्रियाकर्ता' की भूमिका की सराहना की और भारत का धन्यवाद किया, जो उसने मालदीव के रक्षा और सुरक्षा कर्मियों को प्रशिक्षण देने और आधुनिक अवसंरचना क्षमताओं को बढ़ाने में दिया। मालदीव सरकार के अनुरोध पर, भारत ने मालदीव को रक्षा उपकरण और अन्य सामग्री सौंपे।

### मजबूत रक्षा सहयोग पर बातचीत

इसके अलावा दोनों देशों के रक्षा मंत्रियों के बीच मजबूत रक्षा सहयोग पर भी चर्चा हुई। राजनाथ सिंह ने भारत द्वारा मालदीव को प्रदान किए गए विभिन्न समर्थन उपायों जैसे प्रशिक्षण, संयुक्त अभ्यास, कार्यशालाओं और रक्षा उपकरणों के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि भारत मालदीव की रक्षा क्षमताओं को और बढ़ाने के लिए समर्थन जारी रखेगा और एक विश्वसनीय साझेदार के रूप में मालदीव के विकास में सहयोग करता रहेगा।

# राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 से



**जयपुर।** राजस्थान विधानसभा का बजट सत्र 31 जनवरी से शुरू होगा। सुबह 11 बजे राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अभिभाषण से सत्र की शुरुआत होगी। राज्यपाल के तौर पर बागडे का विधानसभा में यह पहला अभिभाषण होगा। 31 जनवरी को ही विधानसभा में सदन की कर सलाहकार समिति की बैठक होगी। फरवरी के दूसरे सप्ताह में बजट आएगा। बजट सत्र के हंगामेदार होने की संभावना है। सत्र को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी और संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल के बीच चर्चा हुई। तीनों में सहमति बनने के बाद विधि विभाग सत्र को लेकर राज्यपाल को फाइल भेजी गई। बता दें सत्र बुलाने के लिए 21 दिन पहले फाइल राजभवन भेजी जाती है। भजनलाल सरकार का दूसरा सत्र पिछले वर्ष 6 अगस्त को खत्म हुआ था। विधानसभा का सत्र छह माह के अंदर बुलाना आवश्यक है। ऐसे में छह फरवरी तक सरकार को सत्र बुलाना जरूरी है। इस सत्र में राज्यपाल का अभिभाषण भी होगा और उस पर बहस भी होगी। यह बजट सत्र संभवतः दो चरणों में हो सकता है। पहले चरण में राज्यपाल का अभिभाषण होगा और दूसरे सत्र में राज्य सरकार बजट पेश करेगी। हाल ही में स्पीकर वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को विधानसभा में विधायकों के लगाए सवालों, ध्यानाकर्षण प्रस्ताव और विशेष उल्लेख प्रस्तावों का समय पर जवाब नहीं देने को लेकर मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित कई विभागों के एसीएस, प्रमुख सचिव और सचिवों की क्लास ली।

# मादक पदार्थ एक 'अदृश्य दुश्मन' : फडणवीस




## देश को कमजोर करने युवाओं को बनाया जा रहा निशाना



**नवी मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने बुधवार को कहा कि भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है, लेकिन देश को अंदर से कमजोर करने के लिए इसके युवाओं को नशीले पदार्थों के जरिए निशाना बनाया जा रहा है। फडणवीस ने मादक पदार्थों को एक 'अदृश्य दुश्मन' बताते हुए लोगों से इस बुराई के खिलाफ युद्ध छेड़ने और इससे सामूहिक रूप से लड़ने का आग्रह किया। फडणवीस 'नशा मुक्त नवी मुंबई' अभियान के उद्घाटन के अवसर पर बोल रहे थे। यह मुंबई के उपनगर को नशा मुक्त बनाने की महत्वाकांक्षी पहल है। इस अभियान की शुरुआत नवी मुंबई पुलिस ने की है। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा, "यह नवी मुंबई पुलिस द्वारा चलाया गया सबसे महत्वपूर्ण अभियान है। लेकिन यह केवल नवी मुंबई के बारे में नहीं है। यह महाराष्ट्र और भारत के लिए एक लड़ाई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत एक मजबूत राष्ट्र और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभर रहा है। लेकिन जैसे-जैसे हम आगे बढ़ रहे हैं, हमारे युवाओं को देश को अंदर से कमजोर करने के लिए मादक पदार्थ के माध्यम से निशाना बनाया जा रहा है।" उन्होंने कहा, "कनाडा जैसे देश मादक पदार्थ के खिलाफ अपनी लड़ाई हार गए हैं और उन्होंने कानून बनाने का सहारा लिया है लेकिन भारत इस युद्ध को जीतने की स्थिति में है।

### इस खतरे से निपटने समाज की महत्वपूर्ण भूमिका

फडणवीस ने मादक पदार्थ के खतरे से निपटने में समाज की भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने कहा, "यह कोई सामान्य युद्ध नहीं है। आप नजर आ रहे दुश्मन को देखकर उससे ताकत से लड़ सकते हैं, लेकिन मादक पदार्थ जैसे अदृश्य दुश्मन से लड़ने के लिए समाज की सामूहिक ताकत की आवश्यकता होती है। मादक पदार्थ के खिलाफ यह लड़ाई सच्ची 'देशभक्ति' है। इस युद्ध में मुखबिर बनना भी समाज के लिए एक बड़ी सेवा है।"

### सीएम ने जॉन अब्राहम को सराहा

मुंबई महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने फिल्म अभिनेता जॉन अब्राहम की तारीफ की। सीएम फडणवीस ने कहा कि जॉन अब्राहम कूल हैं? क्योंकि वे ड्रग्स को ना कहते हैं। कार्यक्रम में अभिनेता जॉन अब्राहम ने कहा कि मैंने अपने जीवन में कभी भी ड्रग्स को हाथ नहीं लगाया। न ही धूम्रपान किया, न ही शराब पी। आप भी जीवन में बहुत अनुशासित रहें।

# हर नागरिक 'सैनिक', वर्दी जरूरी नहीं : वायुसेना प्रमुख



**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने बुधवार को कहा कि भारत का हर नागरिक एक सैनिक के समान है। उन्होंने कहा कि वर्दी में देश की सेवा करने का एक अलग ही मजा है लेकिन कोई भी व्यक्ति बिना सैन्य वर्दी के भी देश की सेवा कर सकता है। सिंह, दिल्ली छावनी में आयोजित गणतंत्र दिवस राष्ट्रीय कैडेट कोर शिविर को संबोधित कर रहे थे। इंडियन एयर फोर्स चीफ ने कहा कि राष्ट्र की सेवा केवल वर्दी में रहने वालों तक ही सीमित नहीं है और न ही देशभक्ति केवल उन्हीं तक सीमित है बल्कि 'यह इस देश के हर नागरिक में, हर व्यक्ति में होती है।' वायुसेना प्रमुख ने कहा, 'मैंने सुना है कि कई कैडेटों ने सशस्त्र बलों (सेना, नौसेना और वायुसेना) में शामिल होने की इच्छा जताई है। यह बहुत बढ़िया है कि आप ऐसा करना चाहते हैं क्योंकि वर्दी में राष्ट्र की सेवा करने का एक अलग ही मजा है। लेकिन राष्ट्र की सेवा करने के लिए किसी को वर्दी पहनना जरूरी नहीं है। यह एक ऐसी बात है जिसे हमें याद रखना चाहिए।' वायुसेना प्रमुख ने एनसीसी के चरित्र को रेखांकित किया और कहा कि यह वह स्थान है जहां विभिन्न पृष्ठभूमि के लोग 'एक हो जाते हैं' और भारत के सार को आत्मसात करते हैं। एनसीसी और गणतंत्र दिवस शिविर में प्रशिक्षित भारत के युवाओं को राष्ट्र निर्माण को तैयार किया जा रहा है।

# विधानसभा गेट पर रिश्वत लेते राजस्व अधिकारी गिरफ्तार



**जयपुर।** अलवर नगर निगम के राजस्व अधिकारी युवराज युधिष्ठिर मीणा और उनके दलाल मुकेश को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) जयपुर की टीम ने तीन लाख रुपए रिश्वत लेते हुए राजस्थान विधानसभा के गेट के पास से गिरफ्तार किया गया। एसीबी के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ओमप्रकाश किलानिया ने बताया कि युवराज मीणा ने टेंडर प्रक्रिया पूरी करने के लिए 5 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी, लेकिन सौदा 3 लाख पर तय हुआ। शिकायत के बाद एसीबी ने मामले का सत्यापन किया, जिसमें आरोप सही पाया गया। शिकायतकर्ता ने बताया कि मंगलवार को युवराज मीणा और उनके दलाल मुकेश लगातार फोन और व्हाट्सएप कॉल के जरिए पैसे की मांग कर रहे थे। युवराज ने शिकायतकर्ता को जयपुर बुलाया और दिनभर उसे घुमाने के बाद रात में विधानसभा गेट के पास रिश्वत लाने को कहा। जैसे ही शिकायतकर्ता वहां पहुंचा, दलाल मुकेश ने गाड़ी से उतरकर 3 लाख रुपए लिए। इसके तुरंत बाद एसीबी की टीम ने मुकेश को गिरफ्तार कर लिया।

# महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान

**प्रयागराज।** महाकुंभ में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महाकुंभनगर पुलिस प्रशासन ने 12 प्रकार के स्पेशल सुरक्षा ऑपरेशन शुरू किए हैं। इन ऑपरेशन का उद्देश्य मेला क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर महाकुंभनगर में आने वाले एक एक श्रद्धालु की सुरक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है, ताकि उन्हें किसी तरह की असुविधा न हो। ऑपरेशन स्वीप के तहत संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं को ट्रैक करने के लिए लगातार जांच की जा रही है। जबकि ऑपरेशन पहचान के माध्यम से मेला क्षेत्र में रह रहे लोगों का सत्यापन किया जा रहा है। इन सभी सुरक्षा उपायों का उद्देश्य श्रद्धालुओं को बेहतर सुरक्षा प्रदान करना और मेला क्षेत्र को किसी भी प्रकार की अनहोनी से बचाना है।

- संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं पर ऑपरेशन स्वीप
- मेला क्षेत्र में रह रहे लोगों का हो रहा सत्यापन



### एक-एक श्रद्धालु की सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम : एसएसपी

महाकुंभनगर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी के अनुसार महाकुंभनगर में देश विदेश से आने वाले लोगों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यहां महाकुंभनगर में 12 प्रकार के सुरक्षा ऑपरेशन अनवरत चलाए जा रहे हैं। संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। ऐसे लोगों के पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### सुरक्षा देने 12 सूत्रीय ऑपरेशन

1. **ऑपरेशन स्वीप** : संदिग्ध व्यक्ति और वस्तुओं की चेकिंग।
2. **ऑपरेशन पहचान** : मेला क्षेत्र में रहने वाले व्यक्तियों का सत्यापन।
3. **ऑपरेशन इंटरसेप्ट** : रेण्डम व सरप्राइज चेकिंग।
4. **ऑपरेशन सील** : जिले की सीमा को सील किया जाना
5. ऑपरेशन एमवी : प्रमुख चौराहों पर यातायात नियमों की चेकिंग।
6. **ऑपरेशन चक्रव्यूह** : प्रवेश निकास के समस्त मार्गों पर चेकिंग
7. **ऑपरेशन कवच** : मुख चौराहों पर संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग
8. **ऑपरेशन बॉक्स** : पार्किंग स्थलों पर चेकिंग।
9. **ऑपरेशन महावीरजी** : प्रमुख स्थलों व पाण्टून पुल के दोनों सिरों पर जांच।
10. **ऑपरेशन विराट** : प्रमुख पण्डालों और शिविर की चेकिंग।
11. **ऑपरेशन संगम** : स्नान घाटों एवं सर्कुलेटिंग एरिया में चेकिंग।
12. **ऑपरेशन बाजार** : बाजारों और प्रदर्शनी के साथ दुकानों की चेकिंग।

# रंग लाया सांसद नीरज डांगी का भागीरथी प्रयास

## गोमती व झाबुआ नदी के हाईलेवल ब्रिज पर शुरू होगा यातायात

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**जयपुर।** रेवदर विधानसभा क्षेत्र के आबूरोड से रेवदर मण्डार को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर पड़ने वाली गोमती एवं झाबुआ नदी पर हाईलेवल ब्रिज निर्माण के लिये स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग एवं लगातार हो रही जनहानि पर सांसद नीरज डाँगी के भागीरथी प्रयासों से तत्कालीन माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बजट वर्ष 2022-23 में 10.66 करोड़ रुपए की घोषणा अनुरूप हाईलेवल ब्रिज वर्ष 2024 के अंत तक बनकर तैयार हो गया है जिस पर आमजन हेतु यातायात जल्द शुरू होगा। राज्यसभा सांसद नीरज डांगी ने बताया कि आबूरोड से रेवदर मण्डार को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है जो वर्तमान में स्टेट हाईवे-11 के नाम से जाना जाता है। इस सड़क मार्ग में एक किलोमीटर के फासले से ही 2 नदियां झाबुआ एवं गोमती नदी है। इन दोनों नदियों पर पूर्व में मात्र रपट बनी हुई थी, बारिश के दिनों में इन दोनों नादियों में आबू पर्वत के पहाड़ों से तेज बहाव से आने वाले पानी में अमूमन या तो आवागमन बन्द हो जाता है या जनहानि भी होती रहती है।

### अशोक गहलोत ने की थी बजट में घोषणा

श्री डांगी ने बताया कि रेवदर आबूरोड की मुख्य सडक पर गोमती एवं झाबुआ नदी पर पुल निर्माण हेतु स्थानीय ग्रामीणों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा की जा रही मांग एवं आये दिन होती जनहानि के मध्येनजर किये गये प्रयासों से तत्कालीन मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की बजट घोषणा वर्ष 2022-23 में सिरोही जिले में रेवदर विधानसभा क्षेत्र के उक्त राजमार्ग के झाबुआ नदी एवं गोमती नदी पर हाईलेवल ब्रिज का निर्माण कार्य हेतु रुपए 10.66 करोड़ की घोषणा की गई थी। जिसकी सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 31 मार्च, 2022 को 10.66 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई थी। उक्त स्वीकृति के तहत सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड-आबूरोड़ द्वारा क्रमषः (1) गोमती नदी पर 11 स्पान 20 मीटर पुल निर्माण एवं (2) झाबुआ नदी पर 6 स्पान 20 मीटर का पुल निर्माण किया गया।

### आपदाओं से बाधित हुआ निर्माण कार्य

सांसद डांगी ने बताया कि यद्यपि वर्ष 2023 में आये बिपरजॉय तूफान, अतिवृष्टि के कारण अत्यधिक जल भराव एवं नदी के लगातार बहाव होने से कार्य परिस्थितियाँ अनुकूल न होने और गोमती नदी पर हैण्ड पम्प एवं विद्युत लाईन की शिफ्टिंग में देरी के कारण कार्य प्रभावित हुआ है परन्तु यथास्थिति उक्त दोनों नदियों पर पुल निर्माण का कार्य 31 दिसम्बर, 2024 से पहले ही पूर्ण कर लिया गया और नववर्ष-2025 में रेवदर विधानसभा क्षेत्रवासियों को बरसों से चली आ रही समस्या से निजात के साथ ही नये पुल का तोहफा मिला।

# पर्यटन व्यवसायी के यहां जीएसटी टीम का छापा

**जैसलमेर।** जैसलमेर शहर स्थित जैसलमेर आर्ट एंड क्राफ्ट के शोरूम पर बुधवार को एसजीएसटी की टीम ने दबिश दी। बताया जा रहा है कि जीएसटी चोरी की शिकायतों को लेकर टीम सर्वे कर रही है। स्टेट जीएसटी जैसलमेर की सीटीओ पंकज पंवार के नेतृत्व में टीम शो रूम पहुंची और सर्वे की कार्रवाई शुरू की। टीम शोरूम में बिना बिलों के बेचे जा रहे माल की शिकायत पर आई है टीम बिलों और काग़ज़ों की पड़ताल कर रही है। जांच के दौरान शो रूम के स्टॉफ को अंदर-बाहर नहीं होने दिया गया। गौरतलब है कि सोनार किले की पार्किंग में स्थित जैसलमेर आर्ट एंड क्राफ्ट शोरूम में हैंडीक्राफ्ट के आइटम की बिक्री होती है। पिछले दिनों जैसलमेर में लगी सैलानियों की भीड़ में जैसलमेर में काफी बिजनेस हुआ है। सैलानियों ने जमकर ख़रीदारी की है। शहर के वरिष्ठ नागरिक प्रेम नारायण ने बताया कि पर्यटन व्यवसाय में लगे चांदी के जेवर बेचने वाले सालाना करोड़ों रूपये की जीएसटी की चोरी कर रहे है परन्तु विभाग नींद में सो रहा है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शोरूम में जीएसटी चोरी की शिकायतों को लेकर और जीएसटी बिलो में हेरा फेरी को लेकर स्टेट जीएसटी की टीम पहुंची है और सर्वे कार्य समाचार लिखने तक जारी है शहर में जीएसटी टीम की दबिश को लेकर व्यापारियों में हड़कंप मचा हुआ लग रहा है ।

# पत्रकार कमलेश पुरोहित को पत्नी शोक

## कुछ दिन बीमार रहने के बाद मंगलवार को निधन

जागरूक टाइम्स संवाददाता



**सिरोही।** जागरूक टाइम्स के सिरोही उप संपादक कमलेश पुरोहित की पत्नी वर्षा पुरोहित (शिक्षिका) का मंगलवार देर रात निधन हो गया। वे कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। उन्हें पहले सिरोही के निजी अस्पताल एवं इसके बाद जोधपुर व वहां से अहमदाबाद अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। जहां देर रात अंतिम सांस ली। श्रीमती वर्षा के पुत्र विजय पुरोहित, पुत्री नेहा पुरोहित सहित भरापूरा परिवार है। वे सेंटपॉल स्कूल सिरोही में शिक्षक के रूप में सेवाएं दे रही थीं। उनके निधन की खबर मिलते ही पत्रकारों, परिचितों, मित्रों और रिश्तेदारों में शोक छा गया। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को जोधपुर में किया जाएगा।



### अर्पित की श्रद्धांजलि

जागरूक टाइम्स के समूह संपादक गोविंद पुरोहित, संपादकीय विभाग सिरोही के महेश शर्मा, महेश परबत गोस्वामी, राजेंद्र पुरोहित, विक्रमसिंह चौहान, मनोज शर्मा, उत्तम प्रजापत, भंवर खत्री, अर्जुनसिंह, तरुणकुमार, भूराराम देवासी, ताराराम, प्रकाश मीणा, प्रकाशकुमार सहित जागरुक परिवार सिरोही ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

# एक देश एक चुनाव पर जेपीसी बैठक

**नई दिल्ली।** आज "एक देश एक चुनाव" पर संसद की संयुक्त समिति की पहली बैठक हुई। इस बैठक में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सांसदों ने अपने- अपने विचार रखे हैं। सत्ता पक्ष के सांसदों ने इस बिल को देश की आवश्यकता बताया, जबकि विपक्षी सांसदों ने इसे राज्यों के अधिकारों का हनन करने वाला कानून कहा। बैठक के दौरान, कानून मंत्रालय के अधिकारियों ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की बनाई गई समिति की रिपोर्ट पर चर्चा की और बिल के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी दी। इसके बाद, समिति के सदस्यों को 18,000 से अधिक पन्नों वाले दस्तावेजों से भरा एक बड़ा सूटकेस सौंपा गया। इन दस्तावेजों में इस बिल को लाने की वजह और इसके कार्यान्वयन के तरीकों के बारे में जानकारी दी गई थी। आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह ने इस सूटकेस की एक तस्वीर भी साझा की।

**सौंपी गई 18,000 पन्नों की रिपोर्ट**

### एक साथ चुनाव कराने पर कैसे बचेंगे पैसे : प्रियंका

पहली बार सांसद बनीं और इस समिति का हिस्सा बनी प्रियंका गांधी ने सवाल किया कि अगर देश में सभी चुनाव एक साथ होते हैं, तो सरकार यह स्पष्ट करे कि इससे पैसे की बचत कैसे होगी।

## रेल मंत्रालय का वित्तीय वर्ष 2024-25 में कमाल

# पूंजीगत व्यय का 76 प्रतिशत किया खर्च



**नई दिल्ली।** रेल मंत्रालय ने चालू वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए आवंटित बजटीय पूंजीगत व्यय का 76 प्रतिशत वर्ष के पहले नौ महीने और 4 दिनों में खर्च कर दिया है। भारतीय रेलवे की नवीनतम व्यय रिपोर्ट के अनुसार 5 जनवरी तक क्षमता वृद्धि में भारी निवेश किया गया है, जिसका उद्देश्य भारत में रेल यात्रा को विश्व स्तरीय बनाना है। पिछले एक दशक से लगातार पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) का फल 136 वंदे भारत ट्रेनों, ब्रॉड गेज के लगभग 97 प्रतिशत विद्युतीकरण, नई लाइनें बिछाने, गेज परिवर्तन, ट्रैक के दोहरीकरण, यातायात सुविधा कार्य, सार्वजनिक उपक्रमों और महानगरीय परिवहन में निवेश के रूप में दिखाई दे रहा है। यह जानकारी भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय ने बुधवार को एक प्रेस रिलीज के द्वारा दी।

### क्षमता वृद्धि में किया गया भारी निवेश

भारतीय रेलवे की 5 जनवरी 2025 तक की नवीनतम व्यय रिपोर्ट के अनुसार, क्षमता वृद्धि में भारी निवेश किया गया है, जिसका लक्ष्य भारत में रेल यात्रा को विश्व स्तरीय अनुभव बनाना है। भारतीय रेलवे आने वाली पीढ़ियों को अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे का निर्माण करने के लिए करदाताओं के पैसे को पूंजीगत व्यय में लगा रहा है।

### रेलवे का पूंजीगत व्यय 2,65,200 करोड़ रुपए

बयान में कहा गया है कि बजट अनुमान 2024-25 में रेलवे के लिए कुल पूंजीगत व्यय 2,65,200 करोड़ रुपए है, जिसमें सकल बजटीय सहायता 2,52,200 करोड़ रुपए है। इसमें से 1,92,446 करोड़ रुपए पहले ही खर्च किए जा चुके हैं। रोलिंग स्टॉक के लिए बजटीय प्रावधान 50,903 करोड़ रुपए का था।

### रेल यात्रा को विश्व स्तरीय बनाना अगला लक्ष्य

सरकार ने भारतीय रेलवे को एक विश्व स्तरीय इकाई में बदलने को प्राथमिकता दी है, जो कि औसतन 2.3 करोड़ भारतीयों को प्रतिदिन देश के एक हिस्से से दूसरे हिस्से तक सस्ती कीमत पर पहुंचाती है। इस पूंजीगत व्यय से अरबों भारतीयों को मामूली लागत पर तेज, सुरक्षित और विश्व स्तरीय यात्रा का अनुभव हुआ है।

### जल्द दौड़ेंगी वंदे भारत स्लीपर ट्रेनें

वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों के गति परीक्षण और सुरक्षा प्रमाणन के साथ, भारत में बहुत जल्द लंबी दूरी की यात्रा के लिए विश्व स्तरीय यात्रा के अनुभव को तैयार हैं। यह परिवर्तन विकसित भारत की दूरदर्शिता और भारतीय रेलवे के मिशन मोड में आधुनिकीकरण परियोजनाओं पर खर्च करके त्वरित निष्पादन के बिना संभव नहीं होता।

# 70 साल बाद खुला काशी का सिद्धिश्वर महादेव मंदिर

## अंदर मिला शिवलिंग, की गई साफ-सफाई

**वाराणसी।** वाराणसी के सिद्धिश्वर महादेव मंदिर का ताला 22 दिन के बाद आखिरकार खुल ही गया। बुधवार दोपहर एक बजे वाराणसी के एडीएम सिटी आलोक वर्मा ने 70 सालों से बंद सिद्धिश्वर महादेव मंदिर का ताला खुलवाया। स्थानीय मुसलमानों ने भी प्रशासन का सहयोग किया और शांति व्यवस्था बनाए रखा। मंदिर के अंदर दो-तीन खंडित शिवलिंग मिले, लेकिन सिद्धिश्वर महादेव का शिवलिंग वहां नहीं है। चूंकि सनातन में स्थान विशेष का महत्व होता है, इसलिए यदि शिवलिंग नहीं भी मिलता है तो नए शिवलिंग का विधिपूर्वक प्राण-प्रतिष्ठा करने की सनातन परंपरा रही है। मंदिर खुलने पर मलबा हटाया गया और गर्भगृह को गंगाजल से शुद्ध किया गया। फिर प्रशासन ने अपना ताला लगा दिया। 'ढूंढे काशी' के लोग वहां पहुंचे और हर-हर महादेव का जयघोष करने लगे। खरमास बाद अब मंदिर का जीर्णोद्धार और प्राण प्रतिष्ठा होगी। इसको लेकर भी श्री काशी विद्वत परिषद दो-तीन दिन में एक महत्वपूर्ण बैठक बुलाने जा रहा है।

### श्री काशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में पूजा

'ढूंढे काशी' संस्था के अजय शर्मा ने बताया कि सिद्धिश्वर महादेव जो मुख्य शिवलिंग के रूप में यहां विराजते थे, वो नहीं मिले हैं। यदि वो नहीं मिलते हैं तो मकर संक्रांति के बाद मंदिर का जीर्णोद्धार कराया जाएगा। श्री काशी विद्वत परिषद और अन्नपूर्णा मंदिर के सहयोग से यहां सिद्धिश्वर महादेव, जो की पाषाण के शिवलिंग के रूप में होंगे, वो पुनः स्थापित किए जाएंगे। श्री काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रोफेसर राम नारायण द्विवेदी ने बताया कि सात दिन तक प्राण प्रतिष्ठा होगी और उसके बाद दो पुजारियों की नियुक्ति की जाएगी। पुजारियों की नियुक्ति और पूजा-पाठ की जिम्मेदारी अन्नपूर्णा मंदिर संभालेगा और श्री काशी विद्वत परिषद के मार्गदर्शन में यहां पूजा-पाठ शुरू की जाएगी।

### अन्नपूर्णा माता मंदिर करेगा राज भोग की व्यवस्था

कलयुग में चूंकि अन्नपूर्णा माता के ही अधीन है काशी, इसलिए राग भोग की व्यवस्था की जिम्मेदारी अन्नपूर्णा मंदिर को ही सौंपी जाएगी। वैदिक विधि से ही मंदिर की देख-रेख की जाएगी और वहां त्रिकाल संध्या विधि से पूजा-पाठ का विधान होगा।



### मुसलमानों ने कहा- शांति बनी रहे बस

- वहीं सिद्धिश्वर महादेव मंदिर खुलने में स्थानीय मुसलमानों का बड़ा सहयोग रहा है। मदनपुरा के गोल चबूतरा के मुसलमानों ने कहा कि पूजा-पाठ से हमें कोई दिक्कत नहीं है। बशर्ते शांति बनी रहे। ये हमारे लिए एक और अवसर है। चूंकि मंदिर के इर्द-गिर्द हमी हैं तो पूजा सामग्री, फूल माला बेचने का भी हमारे पास एक विकल्प होगा। साड़ियों की बिक्री भी बढ़ेगी। हम बहुत खुश हैं। हमारे लिए रोजगार का अवसर खुल रहा है।